सूर्योदय 6:6 सूर्यास्त 6:41

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.5 न्यू | 25.5 अधि |
| धर्मशाला | 13.2 न्यू | 30.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75364.69 |
| निफ्टी | 22904.45 |
| सोना | 93,000 |
| चांदी | 95,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले से पहले मुंबई से जुड़े बुमराह

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 7 अप्रैल 2025 | 25 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 98, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## आज का मैच

मुंबई इंडियंस vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

समय: रात 7:30 बजे (वानखेड़े)

## न्यूज शॉर्ट्स

### डल्लेवाल ने समाप्त किया आमरण अनशन

**चंडीगढ़।** पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने रविवार को अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया। डल्लेवाल ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी सहित आंदोलनकारी किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर पिछले साल 26 नवंबर को अनशन शुरू किया था। डल्लेवाल ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में आयोजित 'किसान महापंचायत' में घोषणा की कि वह अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर रहे हैं। डल्लेवाल ने कहा कि आप (किसानों) सभी ने मुझसे आमरण अनशन खत्म करने को कहा है। आंदोलन को बनाए रखने के लिए मैं आपका ऋणी हूं।

### अमृतसर में हथियारों के साथ आईएसआई एजेंट धरा

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने अमृतसर से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक एजेंट को हथियारों समेत गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से नकदी भी बरामद की गई है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि आरोपी के पास से एक ग्लॉक (9 एमएम पिस्तौल), एक .30 कैलिबर पिस्तौल, 3 मैगजीन और दो लाख 15 हजार 500 रुपए की नकली करंसी बरामद की है। आरोपी की पहचान अमृतसर देहात क्षेत्र निवासी जरमन सिंह के रूप में हुई है।

### जम्मू-कश्मीर में जवान ने खुद को मारी गोली

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार तड़के सेना के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि 26 राष्ट्रीय राइफल्स में तैनात सिपाही विजय कुमार ने धर्मुंड सैन्य अस्पताल में खुद को गोली मारी। विजय संतरी ड्यूटी पर तैनात था। सेना के अधिकारी ने बताया कि सिपाही ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण अब तक पता नहीं चल पाया है।

### राष्ट्रपति पुर्तगाल और स्लोवाकिया की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को पुर्तगाल और स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर रवाना हुईं। तीन दशकों में भारत के राष्ट्रपति की दोनों देशों की यह पहली यात्रा है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण आर्थिक परिवर्तन हो रहे हैं और यूरोप के साथ भारत की भागीदारी बढ़ रही है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- किराए में बढ़ोतरी से आम लोगों का जीना किया दुश्वार -पेज 3
- अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ: विक्रमादित्य -पेज 6
- जान जोखिम में डाल रास्ता पार कर रहे ग्रामीण -पेज 9
- वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण नहीं करना चाहती केंद्र सरकार: जेपी नड्डा -पेज 13
- भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में जीते छह पदक -पेज 14


# रामनवमी पर रामलला का सूर्य तिलक, ललाट पर चार मिनट पड़ी किरणें

**एजेंसी, अयोध्या**

**रामनवमी** पर अयोध्या में रामलला का जन्मोत्सव मनाया गया। रामलला का अभिषेक किया गया। रविवार दोपहर करीब 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य अभिषेक हुआ। 4 मिनट रामलला के ललाट पर सूर्य किरणें पड़ीं।

**ड्रोन से सरयू के पवित्र जल की फुहारों से भक्तों पर बारिश**

इस अवसर पर पूरी रामनगरी श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठी। रामलला की एक झलक पाकर भक्तों ने खुद को धन्य माना। इस मौके का साक्षी बनने के लिए देश से ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु रामनगरी पहुंचे। आने वाले भक्तों पर ड्रोन से सरयू के पवित्र जल की फुहारों से बारिश की गई। गली-गली में भक्तों की कतारें दिखीं। मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। राम जन्मोत्सव पर रामलला ने रत्न जड़ित पीले वस्त्र और सोने का मुकुट धारण करके भक्तों को दर्शन दिए।





### इस तरह हुआ सूर्य तिलक

**मंदिर** के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुंचीं। पाइप में लगे दर्पण से टकराकर किरणें 90 डिग्री कोण में बदल गईं। पीतल के पाइप में लगे तीन लैंसों से किरणें आगे बढ़ते हुए गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराईं। यहां से 90 डिग्री का कोण बनाकर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट को सुशोभित किया।

### मंदिर के सुबह 3:30 बजे खोले गए कपाट

**मंदिर** के कपाट सुबह 3:30 बजे से खोले गए। भजन, स्तुति के बीच जैसे-जैसे घड़ी की सुइयां 12 बजे की ओर बढ़ीं, लोगों की आतुरता भी बढ़ती गई।

### रामलला और रामसेतु के दर्शन पाकर धन्य हो गया: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को श्रीलंका से भारत लौटते समय विमान से रामसेतु के दर्शन किए। मोदी ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा कि कुछ देर पहले श्रीलंका से लौटते समय मुझे रामसेतु के दर्शन का सौभाग्य मिला। दैवीय संयोग से, यह उसी समय हुआ, जब अयोध्या में सूर्य तिलक हो रहा था। उन्होंने कहा कि दोनों के दर्शन पाकर धन्य हो गया। प्रभु श्रीराम हम सभी को जोड़ने वाली शक्ति हैं। उनकी कृपा सदैव हम पर बनी रहे।

### प्रभु श्रीराम का जीवन मर्यादित आचरण की प्रेरणा का स्रोत: योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम जीवन में मर्यादित आचरण और हर परिस्थिति में धैर्यवान होकर चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। आज की पावन तिथि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मदिन से भी जुड़ी है। अयोध्या धाम में भी उत्सव और उमंग का माहौल है। वहीं, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्री रामलला के अभिषेक की तस्वीरें भी साझा की हैं। ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया कि भगवान राम के माथे पर सूर्य तिलक अपराह्न 12 बजे शुरू हुआ और यह लगभग चार मिनट तक रहा। उन्होंने कहा कि जैसे ही भगवान भास्कर (सूर्य) की प्रखर किरणें श्री रामलला के माथे पर पड़ीं, भगवान के समक्ष उपस्थित भक्त खुशी से नाच उठे। भक्तों ने इस क्षण का स्वागत किया। जो लोग अयोध्या नहीं पहुंच सके, उन्होंने अपने स्थानों से ही श्री रामलला के महामस्तकाभिषेक का सीधा प्रसारण देखा।

# पीएम मोदी ने देश को सौंपा पहला वर्टिकल लिफ्ट पंबन सी ब्रिज

## रामेश्वरम द्वीप और भूमि क्षेत्र के बीच रेल सुविधा प्रदान करने वाले पुल का किया उद्घाटन

**एजेंसी, रामेश्वरम (तमिलनाडु)**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को रामेश्वरम द्वीप और भूमि क्षेत्र के बीच रेल संपर्क की सुविधा प्रदान करने वाले नए समुद्री पंबन पुल का उद्घाटन किया और यहां नई रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने एक तटरक्षक पोत को भी हरी झंडी दिखाई, जो पुल के नीचे से गुजरा।

550 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित यह भारत का पहला 'वर्टिकल लिफ्ट पंबन सी' पुल है। पीएम ने 2.08 किलोमीटर लंबे ब्रिज की नींव नवंबर 2019 में रखी थी। ब्रिज रामेश्वरम (पंबन द्वीप) को भारत की मुख्य भूमि तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है। भविष्य को ध्यान में रखते हुए इसे डबल ट्रैक और हाई-स्पीड ट्रेनों के लिए डिजाइन किया गया है। स्टील से बने नए ब्रिज पर पॉलीसिलोक्सेन कोटिंग की गई है, जो इसे जंग और समुद्र के नमकीन पानी से बचाएगी। पुराना पुल 2022 में जंग लगने की वजह से बंद कर दिया गया था। इसके अलावा पीएम ने तमिलनाडु में 8300 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत के विभिन्न रेल और सड़क प्रोजेक्ट्स के शिलान्यास और उद्घाटन किए। पीएम ने जनसभा के दौरान भाषा विवाद का जिक्र किए बिना डीएमके नेताओं और सीएम एमके स्टालिन को नसीहत दे दी। पीएम ने कहा कि मैं राज्य सरकार से मांग करता हूं कि वे डॉक्टरी की पढ़ाई तमिल भाषा में कराएं। तमिलनाडु के कई नेताओं की चिट्ठियां मेरे पास आती हैं। आश्चर्य की बात है कि कोई नेता तमिल में सिग्नेचर नहीं करता। तमिल का गौरव बने, इसलिए इन लोगों को स्थानीय भाषा में सिग्नेचर करना चाहिए।





### 5 मिनट में 17 मीटर ऊपर उठ जाता है ब्रिज

**पंबन** ब्रिज 100 स्पैन यानी हिस्सों से मिलकर बनाया गया है। जब समुद्री जहाज को निकलना होता है, तो इस नेविगेशन ब्रिज (समुद्री जहाजों के लिए खुलने वाले ब्रिज) का सेंटर स्पैन (बीच वाला हिस्सा) ऊपर उठ जाता है। यह इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सिस्टम पर काम करता है। इस वजह से इसका सेंटर स्पैन सिर्फ 5 मिनट में 17 मीटर तक ऊपर उठ सकता है। हालांकि समुद्री हवा की गति 58 किमी प्रति घंटे या उससे ज्यादा हो जाने पर वर्टिकल सिस्टम काम नहीं करेगा और ऑटोमैटिक रेड सिग्नल हो जाएगा। हवा की गति सामान्य होने तक ट्रेन की आवाजाही बंद रहेगी। ब्रिज का मैकेनिज्म वर्टिकल लिफ्ट ब्रिज का मैकेनिज्म बैलेंसिंग सिस्टम पर काम करता है।

# विमल नेगी मौत मामले की किसी भी तरह की जांच के लिए सरकार तैयार: सुक्खू

## बोले- यदि ईडी छापेमारी कर सकती तो सीबीआई से भी करवाएंगे जांच

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए विमल नेगी की मौत मामले पर भाजपा पर राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अगर ईडी नादौन में छापेमारी कर सकती है, तो सीबीआई से जांच भी करवाई जा सकती है।

**भाजपा पर लगाया राजनीतिकरण करने का आरोप**

उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले के प्रति संवेदनशील और गंभीर रुख अपना कर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी विमल नेगी की मौत के पीछे की सच्चाई जानना चाहते हैं। विमल नेगी की पत्नी ने भी मुझसे भेंट की है और हम शोक संतप्त परिवार के साथ पूरी सहानुभूति और एकजुटता के साथ खड़े हैं। (अनंत ज्ञान)



एलर्जली बिल्डिंग के चरण-2 की आधारशिला रखते सीएम सुक्खू।

### एलर्जली बिल्डिंग के चरण-2 की रखी आधारशिला

**शिमला** में रविवार को मुख्यमंत्री सुक्खू ने ऐतिहासिक एलर्जली भवन के चरण-2 की आधारशिला रखी। परियोजना की अनुमानित लागत 19.72 करोड़ रुपए है और इसे अप्रैल, 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। परियोजना के तहत छह मंजिलों का भवन निर्मित किया जाएगा, जिसमें तीन मंजिलें पार्किंग के लिए, दो मंजिलों में सचिवालय कार्यालय और अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस परियोजना के पूर्ण होने पर सचिवालय परिसर में भीड़ कम होगी और आम लोग सुगमता से अपने कार्य करवा सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए भवन के निर्माण से लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और इससे सर्कुलर रोड पर यातायात की सुचारु रूप से आवाजाही होगी। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, विधायक मोहन लाल ब्राक्टा, सुंदर सिंह ठाकुर, हरीश जनारथा, मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# बनेर खड्ड में डूबने से 12वीं कक्षा के स्टूडेंट की मौत

**अनंत ज्ञान, हरिपुर**

**कांगड़ा** जिले के हरिपुर पुलिस थाना क्षेत्र के तहत बनेर खड्ड में एक 17 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत हो गई।

मृतक छात्र की पहचान रोशित पुत्र रमेश चंद निवासी बंगोली के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को लगभग 8 फुट गहरे पानी से बाहर निकाला गया। रोशित 12वीं कक्षा का छात्र था और हाल ही में उसकी वार्षिक परीक्षाएं समाप्त हुई थीं। वह गत सुबह यह कहकर घर से निकला था कि खेलने जा रहा है, लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों के फोन करने पर उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान रोशित के कपड़े और जूते खड्ड के किनारे मिले, जबकि उसका शव पानी में मिला।

परिजनों ने इसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधियों व पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव का देहरा अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने मामले की पुष्टि की है।

# राष्ट्रपति मुर्मू की मंजूरी के बाद वक्फ संशोधन बिल बना कानून

## नोटिफिकेशन जारी, केंद्र सरकार तय करेगी लागू होने की तारीख

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ (संशोधन) बिल को शनिवार देर रात को मंजूरी दे दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी किया है।

अब नए कानून को लागू करने की तारीख को लेकर केंद्र सरकार अलग से एक नोटिफिकेशन जारी करेगी। यह बिल (अब कानून) पर 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। नए कानून को लेकर कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी और 'आप' विधायक अमानतुल्लाह खान ने अलग-अलग याचिकाओं में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाओं में कहा कि वक्फ संशोधन एक्ट मुस्लिम कम्युनिटी के साथ भेदभाव करता है और यह एक्ट मुसलमानों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन भी करता है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों में हो रहे पक्षपात, दुरुपयोग और अतिक्रमण को रोकना है। इस बिल को राज्यसभा में 128 सदस्यों ने समर्थन दिया था, जबकि 95 ने इसका विरोध किया। लोकसभा में देर रात 2 अप्रैल को पारित हुआ था। इस दौरान 288 सांसदों ने समर्थन में और 232 ने विरोध में वोट डाला था।

**मुस्लिम संगठनों का विरोध, सुप्रीम कोर्ट में मामला**

# हिमाचल में दो दिन हीट वेव का अलर्ट, ऊना सबसे गर्म

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। राज्य के 12 शहरों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की है। वहीं, ऊना में सबसे अधिक गर्मी पड़ रही है।

मौसम विभाग ने सोमवार व मंगलवार को राज्य के अधिकांश हिस्सों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में नौ अप्रैल से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। 10 और 11 अप्रैल को राज्य के कई क्षेत्रों में बारिश होने का पूर्वानुमान है। इस दौरान कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। सात व आठ अप्रैल तक प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| ऊना | 36.4° |
| बिलासपुर | 34.9° |
| धौलाकुआं | 34.5° |
| सुंदरनगर | 34.3° |
| कांगड़ा | 34.2° |
| नालागढ़ | 33.9° |
| बरठीं | 33.4° |
| भुंतर | 32.8° |
| मंडी | 32.4° |
| सोलन | 31.2° |
| चंबा | 30.6° |
| धर्मशाला | 30.0° |

**प्रक्रिया** नए चेयरमैन के आने पर होगी हमीरपुर संस्थान की बीओजी बैठक, एनआईटी के खाली पद पर चेयरपर्सन की जल्द होगी नियुक्ति

# ट्रिपल आईटी और एनआईटी के 'स्टैच्यू' में हो रहा बदलाव

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**




**देशभर** में ट्रिपल आईटी और एनआईटी संस्थाओं के 'स्टैच्यू' में बदलाव हो रहा है। ट्रिपल आईटी में एक व इंजीनियरिंग के अन्य एनआईटी संस्थानों में अलग-अलग स्तर पर कई बदलाव हो रहे हैं। वहीं, खाली चल रहे चेयरमैन के पदों को भरने के लिए भी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

इसी कड़ी में हमीरपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में अब बोर्ड ऑफ गवर्नर (बीओजी) की बैठक मौजूदा डायरेक्टर की अध्यक्षता में नहीं होगी। नए 'स्टैच्यू' के हिसाब से ही अब इन इंजीनियरिंग संस्थानों की गतिविधियां नए माहौल में प्रवेश करेंगी। जब तक चेयरमैन नामजद नहीं हो जाते, तब तक बोर्ड ऑफ गवर्नर की बैठकें फिलहाल स्थगित कर दी गई हैं। हमीरपुर संस्थान की बैठक भी एक सप्ताह पहले स्थगित कर दी थी। संस्थान को बोर्ड ऑफ गवर्नर की बैठक फिलहाल नहीं करने के लिए भी मंत्रालय ने आदेश दे दिए हैं। पिछले करीब 2 साल से संस्थान में अध्यक्ष का पद खाली चल रहा है। पहले जितनी भी बैठकें हुई हैं, वे पूर्व में मौजूद डायरेक्ट ही अपने स्तर पर करने में सक्षम थे, लेकिन रोक लगा दी गई है। काबिलेगौर रहे कि संस्थाओं से जुड़े हुए मसलों को हल करने के लिए बोर्ड ऑफ गवर्नर की बैठकें सबसे महत्वपूर्ण होती हैं। बैठकों में जो फैसले होते हैं, उन पर मंत्रालय मुहर लगाता है। एनआईटी संस्थानों में खाली चल रहे बोर्ड ऑफ गवर्नर के अध्यक्षों के पदों को भरने का काम अंतिम चरण में है। एक दर्जन से ज्यादा संस्थानों में पद काफी समय से खाली हैं। इसमें क्या-क्या बदलाव होंगे, जिसका अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन हर एक संस्थान के भीतर कुछ अलग तरह के बदलाव करने को भी मंजूरी मिल सकती है। इसका ड्राफ्ट तैयार है और बहुत जल्दी देश के तमाम संस्थाओं को नया 'स्टैच्यू' हासिल हो जाएगा। हमीरपुर एनआईटी की रजिस्टर डॉक्टर अर्चना ननोटी का कहना है कि बदलाव हो रहे हैं, लेकिन अभी बोर्ड ऑफ गवर्नर की बैठक को स्थगित रखने के आदेश मंत्रालय से मिले हैं। नए अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द हो सकती है और फिर स्टैच्यू के बदलाव के मुताबिक, कुछ नया संस्थान को हासिल हो जाए। (अनंत ज्ञान)

### जल्द होगी स्थिति साफ

**ट्रिपल** आईटी में एक बदलाव हो रहा है, जिसमें यदि किसी संस्थान में बोर्ड ऑफ गवर्नर का अध्यक्ष का पद खाली है, तो उसके लिए केवल ट्रिपल आईटी संस्थान से ही कार्यकारी अध्यक्ष जिम्मा संभालेगा। नजदीक के किसी संस्थान को इसका चार्ज दिया जाएगा। पहले ऐसी व्यवस्था नहीं थी, लेकिन यह भी तय हुआ है कि केवल ट्रिपल आईटी का ही अध्यक्ष किसी दूसरे संस्थान का चेयरपर्सन होगा।

इस पर बहुत जल्द स्थिति साफ होने वाली है।

# कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने के लिए खुद को किया समर्पित : धूमल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



भाजपा के स्थापना दिवस पर अपने निवास स्थान समीरपुर में पार्टी का झंडा फहराते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने 45वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

धूमल ने कहा कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने के लिए खुद को समर्पित किया। हम उन सभी को याद करते हैं, जिन्होंने पिछले कई दशकों में हमारी पार्टी को मजबूत करने के लिए खुद को समर्पित किया। धूमल ने कहा देश के हर हिस्से में 24 घंटे हमारी पार्टी की रीढ़, हमारे सभी मेहनती कार्यकर्ताओं को मेरी शुभकामनाएं, क्योंकि वे सक्रिय और हमारे सुशासन के एजेंडे को विस्तार से बताते हैं।

धूमल ने कहा भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल, 1980 को हुई थी और इसके पहले अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी थे। धूमल ने देश के प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने विकसित भारत की नींव रखी है और 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है।

## भाजपा स्थापना दिवस पर राजेंद्र राणा के जन्मदिन का संयोग बनने से जश्न में बदला समारोह

# हजारों की भीड़ के लिए छोटा पड़ा पंडाल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की टिब्बी पंचायत के नखरेड मुंशीयां गांव में आयोजित समारोह में एक ऐतिहासिक नजारा देखने को मिला, जब पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के जन्मदिन के संयोग से पूरा समारोह एक महा उत्सव में बदल गया।

हमीरपुर के विधायक और जिले के पूर्व विधायकों सहित हजारों की संख्या में लोग व गणमान्य व्यक्ति इस आयोजन में पहुंचे और पंडाल छोटा पड़ गया। इस समारोह में बड़ी संख्या में कांग्रेस के कई लोगों ने पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा और कई पूर्व सैनिकों और पूर्व अधिकारियों व पूर्व कर्मचारियों ने भी पार्टी का दामन थामा। एक लिहाज से यह आयोजन सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि जनसमर्थन और पार्टी निष्ठा का पर्व बन गया। समझ में जनता के उत्साह का आलम यह था कि पूरे रास्ते जाम हो गए और राजेंद्र राणा के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगों को करीब आधा किलोमीटर पैदल चलकर समारोह स्थल पर पहुंचना पड़ा। कार्यकर्ताओं ने राणा को फूल-मालाओं से लाद दिया और विभिन्न स्थानों से लाए गए विशेष केक काटकर जन्मदिन का उल्लास मनाया। इस अवसर पर भाजपा की विचारधारा के प्रति वर्षों से निष्ठावान रहे पार्टी के 200 समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इन कार्यकर्ताओं ने वर्षों तक बिना किसी पद की लालसा के पार्टी के लिए कार्य किया और संगठन की जड़ों को मजबूत किया। राणा ने उन्हें पार्टी की असली रीढ़ बताते हुए उनके योगदान को सराहा। राजेंद्र राणा ने अपने प्रभावशाली भाषण में कहा कि भाजपा की यात्रा केवल दो सांसदों से शुरू हुई थी और आज यह दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। यह परिवर्तन सिर्फ संख्या का नहीं, संकल्प और सिद्धांतों की जीत का प्रतीक है। हमने विचारधारा को झुकने नहीं दिया और निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने इसे अपने खून-पसीने से सींचा है। उन्होंने कहा कि आज जो भाजपा का परचम देश-विदेश में लहरा रहा है, उसमें गांव-गांव के उन कार्यकर्ताओं का हाथ है, जिन्होंने चुपचाप संगठन को सींचा और जनता से सीधा संवाद बनाया। भाजपा सिर्फ एक पार्टी नहीं, एक आंदोलन है जो राष्ट्र प्रथम की भावना से चलती है।

राणा ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा, प्रदेश सरकार घोटालों की दलदल में फंसी है और उन्हें दबाने की कोशिश में व्यस्त है। कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है। झूठे वादों और गारंटियों से जनता को गुमराह किया गया है। न कर्मचारी खुश हैं, न पेंशनर संतुष्ट। युवाओं को रोजगार का इंतजार है, लेकिन सरकार सिर्फ बयानबाजी कर रही है।

# आज से वरिष्ठ कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर भाजपा का झंडा फहराएंगे



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भाजपा का 45वां स्थापना दिवस पार्टी कार्यालय हमीरपुर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

भाजपा के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि आज हमारी पार्टी 45 वर्ष की हो गई और इन्होंने इस पावन बेला पर जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ता व हमीरपुर शहरी मंडल व हमीरपुर ग्रामीण मंडल का नेतृत्व व कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल, श्याम प्रसाद मुखर्जी के सामने पुष्प अर्पित किए। जिला भाजपा अध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी सभी कार्यकर्ताओं के समक्ष रखी। भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि सोमवार को भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता बूथों पर प्रवास करेंगे और जो बूथ समितियां हैं, वहां पर पार्टी का झंडा लहराया जाएगा साथ प्रपत्र बांटे जाएंगे। 7 से 13 अप्रैल तक आओ चले गांव की ओर अभियान स्थापना दिवस के अवसर पर चलाया जाएगा।

इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष के अलावा हमीरपुर सदर के विधायक आशीष शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री अजय रिंटू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उषा बिरला, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्यारेलाल शर्मा, सुरेश, सोनी, होशियार सिंह दोनों मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री व सभी कार्यकर्ता-पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ



सीनियर सिटीजन काउंसिल द्वारा बनाए गए श्रीराम दरबार में नवरात्र को लेकर 9 दिन तक श्रीराम चरित मानस का पाठ किया गया। इस दौरान धर्मार्थ रोगी सेवा संस्थान के महासचिव भगवान दास शास्त्री ने राम नवमी पर पाठ व हवन यज्ञ करवाया। श्री राम चरित मानस पाठ करने के बाद महिलाएं व बुजुर्ग।

### 250 दानवीरों को सम्मानित करेगी संस्था

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ठाकुरद्वारा गोशाला जमली धाम की मासिक बैठक अध्यक्ष रसील सिह मनकोटिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पास किए। इस अवसर पर गोशाला का सिल्वर जुबली महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। 5 मई को गोशाला जमली धाम की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर इस दिन गोशाला में सिल्वर जुबली महोत्सव मनाया जाएगा। इसमें गोशाला से जुड़े 250 दानवीरों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल का जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया। रसील सिंह मनकोटिया ने बताया कि आज से 25 वर्ष पूर्व इस गोशाला की स्थापना प्रेम कुमार धूमल ने की थी इसलिए कमेटी ने 10 अप्रैल को उनका जन्मदिन गोशाला में मनाने का निर्णय लिया, जिसमें उनकी अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु के लिए बगलामुखी हवन एवं गोमाता के लिए भोजन प्रसाद बनाने का निर्णय लिया।

### एनआईटी हमीरपुर के 45 छात्रों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर ने छात्रों के बीच सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देने के अपने चल रहे प्रयासों के तहत डॉ. राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की सहायता से एनआईटी हमीरपुर के स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जो करुणा और मानवता की भावना को दर्शाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ एनआईटी हमीरपुर की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने किया। डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने बताया कि रक्तदान शिविर में 45 छात्रों ने रक्तदान किया। उन्होंने जीवन बचाने में रक्तदान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और ऐसे सार्थक आयोजनों के आयोजन में एनएसएस के प्रयासों की सराहना की।

### बढ़ रहे नशे को रोकने में सहयोग की अपील

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर में मादक पदार्थों के गैर कानूनी प्रवाह, प्रचलन और दुरुपयोग को जड़ से फेंकने और वर्तमान तथा भावी पीढ़ी के लिए पूर्णतया स्वच्छ वातावरण बनाने की दृष्टि से जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा हमीरपुर वार अंगेस्ट ड्रग्स कार्यक्रम चलाया गया है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने ग्राम पंचायत चमनेड़ का भ्रमण किया। इस दौरान ग्राम पंचायत चमनेड़ में वार अंगेस्ट ड्रग्स कार्यक्रम के तहत पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों के साथ बैठक कर उन्हें लोगों के सहयोग बारे जानकारी देकर सरकार की प्राथमिकता की जानकारी दी।

### अंबेडकर जयंती समारोह को लेकर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग हमीरपुर की बैठक प्रदेश के महासचिव एडवोकेट केसी भाटिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती के समारोह को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती हमीरपुर में मनाई जाएगी। उस दिन डॉक्टर बीआर अंबेडकर की मूर्ति जो जिलाधीश के प्रांगण में स्थापित की जा रही है उसका भी अनावरण किया जाएगा। इस समारोह के मुख्यातिथि मुख्यमंत्री सुक्खू होंगे। उसे कार्यक्रम में विधायक सुरेश कुमार और कैप्टन रणजीत सिंह राणा भी मौजूद रहेंगे।

# होली मेले में आए व्यापारियों को उठाना होगा सामान

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले की अवधि 7 अप्रैल को पूरी हो जाएगी। उसके बाद कोई भी दुकानदार चैगान में अपनी दुकान नहीं सजा सकेगा। स्थानीय प्रशासन ने व्यापारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मेले में दुकानें लगाने की अवधि को नहीं बढ़ाया जाएगा। ऐसे में मेले में आए व्यापारियों को 7 अप्रैल के बाद चौगान से दुकानें हटानी होंगी।

राष्ट्रीय स्तरीय होली उत्सव 14 मार्च को समाप्त हो चुका है, लेकिन मेले में दुकानदारों को कारोबार करने के लिए 7 अप्रैल तक की अवधि दी गई थी, जिसके तहत अब दुकानदारों को अपना सामान समेटना होगा। होली मेले को लेकर स्थानीय प्रशासन ने चौगान में प्लाट आवंटित किए थे। प्लॉट आवंटन के बाद व्यापारियों ने निर्धारित जगह पर अपनी दुकानें सजाई थी। स्थानीय प्रशासन ने दुकानदारों को 7 अप्रैल तक दुकानें लगाने की परमीशन दी थी। ऐसे में कई दुकानदार मेले की अवधि बढ़ाए जाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। सुजानपुर होली मेले में प्रदेश के अलावा अन्य दूसरे राज्यों के दुकानदारों ने अपने स्टॉल लगाए थे। इसके अलावा अन्य कई तरह का सामान भी मेले में सजाया गया था। हालांकि, मेले में उम्मीद से कम व्यापार हुआ है, लेकिन स्थानीय प्रशासन के आदेशों का पालन सभी को करना होगा। इस बारे में एसडीएम संजीत सिंह ने बताया कि सुजानपुर होली मेले में आए दुकानदारों को 7 अप्रैल के बाद अपना सामान उठाना होगा। मेले में दुकानें लगाने की अवधि को नहीं बढ़ाया जाएगा। 7 अप्रैल के बाद भी दुकानदार सामान नहीं उठाते हैं, तो ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ निर्देश दिए हैं कि निर्धारित अवधि के बाद चौगान को खाली करना होगा। (अनंत ज्ञान)

**7 के बाद भी नहीं उठाया सामान, तो होगी कार्रवाई**

# सरकार हर वर्ग, हर गांव में कर रही कार्य : कै. रणजीत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह ने देई दा नौण पंचायत में बनने जा रहे पंचायत भवन की नींव पूजा-अर्चना कर रखी।

यह पंचायत भवन लगभग एक करोड़, 18 लाख 90 हजार में बनने जा रहा है। विधायक ने कहा कि आज तक किसी ने इस गांव की तरफ ध्यान नहीं दिया, लेकिन अब प्रदेश सरकार हर वर्ग, हर गांव में कार्य कर रही है। लोग जो भी मांग रखेंगे, उसे पूरा किया जाएगा। इससे पहले विधायक कै. रणजीत सिंह का दई दा नौण में पहुंचने पर गांव वासियों व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया। विधायक ने जनसमस्याओं को सुना। इस अवसर पर प्रधान सपना देवी, वार्ड सदस्य, पूर्व प्रधान कांग्रेस नेता व सेक्टर प्रभारी जगदीश कौशल, अमन, विक्की, विनीता, कंचन व अन्य युवा महिला शक्ति मौजूद रही।

### सुनीं जनसमस्याएं

**सुजानपुर।** विधायक कै. रणजीत सिंह ने पंचायत दाड़ला के गांव रोपा व पंचायत कंगरी के गांव कंगरी में जनसमस्याएं सुनीं। रोपा सड़क के लिए विधायक कै. रणजीत सिंह ने 3 लाख रुपए की राशी स्वीकृत की और आगे जो भी राशी लगेगी उसको लगाया जाएगा और रोपा के लिए सड़क बनाई जाएगी। उसके बाद विधायक ने कहा कि कंगरी की दूसरी तरफ से टिक्कर डेवरा सड़क का कार्य चल पड़ा है और जल्द ही कंगरी को भी उस सड़क के साथ जोड़कर सड़क सुविधा दी जाएगी।

# 28 हजार श्रद्धालुओं ने किए गुफा दर्शन

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उत्तरी भारत के सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में रविवार को 28 हजार श्रद्धालुओं ने गुफा दर्शन कर 30 लाख 20 हजार 341 रुपए गुफा में चढ़ाए। मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीएम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया कि रविवार को दान के रूप में 8 लाख 33 हजार 200 रुपए व गुफा में 21 लाख 87 हजार 142 रुपए चढ़ावा प्राप्त हुआ है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 3 ग्राम 620 एमजी सोना, चांदी 301 ग्राम 620 एमजी, इंग्लैंड पाउंड 170, यूएसए डॉलर 758, कनाडा डालर 135, आस्ट्रेलियन डालर 50, यूएई दिराम 25, न्यूजीलैंड डालर 50 चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

**30 लाख 20 हजार 341 रुपए हुआ चढ़ावा**

## परमजीत ने विक्रमादित्य से की शिष्टाचार भेंट

# बड़सर की समस्याओं का किया जाएगा हल : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, बड़सर**



कांग्रेस पार्टी के नेता परमजीत उर्फ मंत्री ने लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने बड़सर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को उठाया।

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य के साथ कांग्रेस पार्टी के नेता परमजीत ने मुलाकात की तथा बड़सर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का जिक्र किया। मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि जो भी समस्या क्षेत्र की होगी, उसका हल कांग्रेस सरकार द्वारा किया जाएगा। परमजीत काफी लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़े हैं तथा पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान है। वर्तमान में कई सड़कों तथा खेल मैदान बनाने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान है। इसी के साथ हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू सहित पूरे मंत्रिमंडल ने उनके घर में शिरकत की थी। हिमाचल प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह से भी इस परिवार का गहरा रिश्ता रहा है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य को बाबा बालक नाथ की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।

# डीए की किस्तों का जल्द किया जाए भुगतान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड एंपलाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित की गई। इसमें सबसे पहले एसोसिएशन के सदस्य जैसी राम तकखी व रामकृष्ण शर्मा के निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया व उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष पीडी शर्मा ने की। बैठक में एसोसिएशन के महासचिव विजय चौधरी, शांति स्वरूप, मनोहर लाल शर्मा, डीएस,ओम प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव में सरकार से आग्रह किया कि 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2021 के मध्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को रिवाइज्ड लीव, एनकैशमेंट, कम्यूटेशन तथा डीए की किस्तों का जल्द भुगतान किया जाए। उन्होंने बताया कि इसे लेकर पेंशनर्स में रोष व्यापक है।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए चौंकाने वाला नाम आ सकता है सामने

**एसके ठाकुर, बड़सर**

सुक्खू सरकार के कैबिनेट मंत्रियों और युवा विधायकों के अलावा वरिष्ठ नेताओं के नामों की सिफारिश हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए है। चर्चा है कि हिमाचल कांग्रेस को प्रतिभा सिंह के स्थान पर नया अध्यक्ष मिल सकता है। यानी होलीलॉज का जबरदस्त प्रभाव होने के बावजूद प्रतिभा सिंह के अध्यक्ष पद पर बने रहने की संभावनाएं कम हो गई हैं। इस कारण प्रदेश में कांग्रेस के अध्यक्ष पद में चौंकाने वाला फैसला आ सकता है।

कांग्रेस प्रभारी की रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय हाइकमान मुख्यमंत्री सुक्खू से राय लेने के बाद अध्यक्ष पद पर फैसला लेगी। सूचना के अनुसार रजनी पाटिल ने कार्यकारिणी गठन से पहले नए अध्यक्ष पर फैसला लेने का प्रस्ताव दिया है। पाटिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि पहले अध्यक्ष पद पर फैसला जरूरी है, ताकि नया अध्यक्ष अपने विवेक से कार्यकारिणी का गठन कर सके। इसके लिए क्षेत्रीय तथा जातीय संतुलन को साधने का प्रयास किया जाएगा। कांग्रेस का अगला अध्यक्ष शिमला या मंडी संसदीय क्षेत्र से हो सकता है। इसके लिए अनुसूचित जाति के चेहरे के विकल्प तलाशे जा रहे हैं। इस सूची में आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा और विधानसभा डिप्टी स्पीकर विनय कुमार के नाम उभर कर सामने आ रहे हैं। हालांकि, जातीय समीकरणों में राजपूत चेहरा भी केंद्रीय हाइकमान की पंसद बन सकती है। फेरहिस्त में शिमला जिले के तीनों मंत्रियों के नाम कांग्रेस के जहन में घूम रहे हैं। पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह में से किसी एक को पार्टी की कमान सौंपी जा सकती है। हालांकि, यह भी तय है कि कोई भी कैबिनेट मंत्री सत्ता रूढ़ दल का अध्यक्ष बनना नहीं चाहेगा। दरअसल संतुलन बैठाने के लिए मंत्रियों को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपने पर विचार चल रहा है। रजनी पाटिल को अध्यक्ष पद के लिए युवा विधायकों के तेवर भी पसंद आए हैं। इसमें फतेहपुर के विधायक भवानी पठानिया, धर्मपुर के चंद्र शेखर और ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर के नाम प्रमुख हैं। आशीष बुटेल और संजय रत्न भी इस दोवदारी के लिए कांग्रेस की पसंद बन रहे हैं, लेकिन जातीय समीकरण उनकी दावेदारी को कमजोर कर रहे हैं। वरिष्ठता के आधार पर कौल सिंह ठाकुर, रामलाल और आशा कुमारी के नाम सामने आ रहे है। यही वजह है कि कांग्रेस का अगला अध्यक्ष चौंकाने वाला हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

**कार्यकारिणी गठन से पहले अध्यक्ष पर फैसला लेने का दिया है प्रस्ताव**

# सड़क निर्माण में पाइपें टूटने से पानी की समस्या से जूझ रहे लोग

**एसके शर्मा, जाहू**

भरेड़ी गरसाहड़ और वल्ही गांव में पानी की सप्लाई की पाइपें सड़क निर्माण में टूटने से महीनों से गांव के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। लोगों के द्वारा जल शक्ति विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को पानी की सम्सया से अवगत करवाने के बावजूद भी पानी की पाइपों को नहीं जोड़ा जा रहा है।

पानी की समस्या के बारे में पपलाह पंचायत के प्रधान अंकुश सैनी, गरसाहड़ पंचायत के उपप्रधान विकास शर्मा ने बताया कि जलशक्ति विभाग के कार्यालय भरेड़ी में कनिष्ठ अभिंयता से शनिवार को मिलने गए, तो वह बिना बात किए वहां से चले गए। उन्होंने बताया कि इसके बाद सहायक अभिंयता से फोन पर बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने भी फोन नहीं उठाया। पपलाह पंचायत के प्रधान व गरसाहड़ के उपप्रधान ने बताया कि जल शक्ति विभाग के द्वारा एक-दो दिन के अंदर पानी की समस्या का हल नहीं किया गया, तो कोर्ट में जनहित याचिका दर्ज की जाएगी। जिसके लिए जल शक्ति विभाग जिम्मेदार होगा। गरसहाड़ पंचायत के उपप्रधान व ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता को पानी की समस्या के बारे में फोन से अवगत करवाना चाहते हैं, लेकिन वह कभी भी फोन नहीं उठाते हैं। पंचायत उपप्रधान विकास शर्मा व ग्रामीण सरिता देवी, सुरेश कुमार, दूनी चंद आदि ने बताया कि जल शक्ति विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से जब पानी की पाइप जोड़ने के बारे में पूछा जाता है, तो उनका कहना है कि अपनी जेसीबी लगाकर पाइपों को डाल लो।

ग्रामीणों ने बताया कि तीन माह से सड़क निर्माण में टूटी हुई पाइपों को जल शक्ति विभाग के द्वारा न जोड़ने पर ग्रामीणों को पानी के टैंकर खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। तीन माह से पानी न आने से 120 घरों के लोग लगभग तीन और चार हजार रुपए पानी पर खर्च कर चुके हैं। ग्रामीणों ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को चेताया कि जल्द ही पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो सड़क पर चक्का जाम और कोर्ट में जनहित याचिका दर्ज करने से परहेज नहीं किया जाएगा। सहायक अभियंता आशीष देव ने बताया कि मेरे ध्यान में यह मामला नहीं था। शनिवार को मेरे ध्यान में पानी की समस्या का मामला आया है। जल्द ही सड़क निर्माण में टूटी हुई पाइपों को जोड़ दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## सफलता की कहानी — राजीव गांधी स्टार्टअप योजना बनी सहारा

# रमेश व नसीरुद्दीन की चली जिंदगी की 'गाड़ी'

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के साधन उपलब्ध करवाने के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश की आबोहवा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए राज्य सरकार द्वारा आरंभ की गई राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना कई बेरोजगारों के लिए नई खुशियां लेकर आई है।

इस योजना के कारण हमीरपुर के गांव भूंपल के रमेश कुमार और गांव मझियार के नसीरुद्दीन की जिंदगी की 'गाड़ी' अब सरपट दौड़ने लगी है। प्राइवेट कंपनियों और अन्य ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियां चलाकर अपने परिवारों का पालन-पोषण कर रहे रमेश कुमार तथा नसीरुद्दीन के पास न तो स्थायी नौकरी थी और न ही वे अपनी गाड़ी खरीदकर उसे टैक्सी के रूप में चलाने की सोच सकते थे। कम वेतन पर ट्रांसपोर्टरों की गाड़ियां चलाना, बार-बार नौकरियां बदलना और कई-कई हफ्तों तक घर से बाहर रहते हुए दिन-रात वाहन चलाना रमेश कुमार और नसीरुद्दीन की दिनचर्या का हिस्सा बन चुका था। वे कई बार अपना वाहन खरीदकर आजीविका चलाने की सोचते थे, लेकिन पैसे की कमी के कारण उनका यह सपना साकार नहीं हो पा रहा था। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल सरकार ने जब राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना की शुरुआत की, तो रमेश और नसीरद्दीन को बहुत बड़ा सहारा मिल गया। उन्होंने तुरंत इस योजना के तहत ई-टैक्सी खरीदने के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर दिया और योजना के पहले चरण में ही ई-टैक्सी के लिए उनका नंबर भी आ गया। ई-टैक्सी की खरीद पर रमेश कुमार और नसीरद्दीन को प्रदेश सरकार की ओर से 50 प्रतिशत सब्सिडी मिली, जिसकी राशि प्रति वाहन लगभग 9.62 लाख रुपए है। प्रदेश सरकार ने भारी-भरकम सब्सिडी ही नहीं दी, बल्कि इसी योजना के तहत ई-टैक्सी के लिए स्थायी रूप से काम देने का भी प्रावधान कर दिया। रमेश कुमार की इलेक्ट्रिक गाड़ी को जलशक्ति विभाग के भोरंज मंडल में और नसीरुद्दीन की गाड़ी को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय हमीरपुर के साथ अटैच कर दिया गया। यानी इन दोनों वाहन मालिकों एवं चालकों की कारोबार की चिंता भी सरकार ने दूर कर दी। इस सराहनीय योजना की बार-बार प्रशंसा और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए रमेश कुमार व नसीरुद्दीन का कहना है कि इससे उन्हें व्यक्तिगत रूप से डबल फायदा हुआ है। हिमाचल को प्रदूषण मुक्त एवं हरित राज्य बनाने की दिशा में भी यह योजना एक मील का पत्थर साबित होने जा रही है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू की दूरदर्शी सोच के कारण ही यह संभव हुआ है।

# किराया वृद्धि का मार्क्सवादी पार्टी ने किया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की जिला इकाई ने कांग्रेस सरकार द्वारा बसों के न्यूनतम किराये को 5 रुपए से बढ़ाकर 10 रुपए करने के फैसले का कड़ा विरोध किया है। पार्टी की जिला इकाई के सचिव प्रताप राणा ने कहा कि सुक्खू सरकार ने किराया बढ़ाकर पहले से ही मंहगाई की मार झेल रही जनता पर हमला किया है, जो कि बर्दाश्त करने लाइक नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तरफ सुक्खू सरकार आर्थिक तंगी का रोना रो रही है। वहीं, दूसरी तरफ मंत्रियों, विधायकों और अपने दोस्तों के वेतन भत्ते में बढ़ोतरी कर रही है। तो उनके लिए कोई अर्थिक तंगी नहीं है। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के एकमत होकर मंत्रियों, विधायकों के वेतन, भत्ते बढ़ाने के लिए आलोचना की और मांग की। न्यूनतम बसों के किराये में जो बढ़ोतरी की है, उसे तुरंत वापस लिया जाए, अन्यथा पार्टी इसके विरोध में प्रदर्शन करेगी।

**तुरंत लिया जाए वापस, पार्टी करेगी विरोध में प्रदर्शन**

# बयानबाजी करने से पहले तथ्यों की पुष्टि कर लें कांग्रेस नेता : विक्रांत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र वर्मा के बयान पर पलटवार करते हुए मंडल मीडिया प्रभारी विक्रांत भारद्वाज ने कहा कि जो पुलों की बात पुष्पेंद्र वर्मा कर रहे हैं, वह नितिन गडकरी से नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास मंत्रालय से शिवराज सिंह चौहान द्वारा स्वीकृत किए गए हैं।

डॉ. वर्मा को यही पता नहीं है कि पुल कहां से स्वीकृत हुए हैं और बात वह पुलों को स्वीकृत करवाने की कर रहे हैं। जनता सब जानती है और जनता को पता है कि यह पुल केंद्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय से स्वीकृत हुए हैं। विक्रांत ने कहा कि वर्मा कांग्रेस सरकार से विकास की कोई भी योजना हमीरपुर के लिए नहीं ला पाए हैं, उन्हें खुद का वर्चस्व यहां पता चल रहा है क्योंकि यहां कांग्रेस के मुख्य नेता बनने की होड़ में आधा दर्जन नेता हैं, जबकि सबको पता है कि कांग्रेसी आपस में खीजते हैं। विक्रांत भारद्वाज ने बताया कि जिस रोजगार के आंकड़े को पुष्पेंद्र वर्मा दे रहे हैं, वह आंकड़े विधानसभा में सरकार के पास भी नहीं थे। इसका मतलब है आप सरेआम झूठ बोल कर जनता को गुमराह कर रहे हैं। हमीरपुर का विधायक होने के नाते विधायक का फर्ज है कि विधानसभा क्षेत्र के युवाओं की नौकरी के बारे प्रश्न पूछे क्योंकि हमीरपुर प्रदेश का सबसे साक्षर जिला है, तो जाहिर है कि यहां से भर्तियों में युवाओं को रोजगार मिला होगा, जो आंकड़े वर्मा दे रहे थे, लेकिन सरकार के पास आंकड़े नहीं हैं और सरकार अभी सूचना एकत्रित करने की बात विधानसभा पटल पर कह रही है, जबकि डॉ. वर्मा सरकार से पहले आंकड़े रख रहे हैं, जो झूठे आंकड़े हैं। हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा को किसी हारे नकारे नेता से प्रमाण की जरूरत नहीं है, वह जनता के प्रति जवाबदेह हैं।



**पुलों की स्वीकृति नितिन गडकरी से नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास मंत्रालय से शिवराज चौहान ने दी**

बसों का न्यूनतम किराया दोगुना करने पर नेता प्रतिपक्ष की कड़ी प्रतिक्रिया, बोले-

# किराये में बढ़ोतरी से आम लोगों का जीना हुआ दुश्वार

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

हिमाचल में प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने बसों के न्यूनतम किराए को दोगुना करने के सरकार के फैसले की निंदा करते हुए कहा है कि यह पूरी तरह से आमजन विरोधी कदम है। उन्होंने कहा कि मध्यम और गरीब परिवार की यात्रा का एकमात्र साधन ही सरकारी और निजी क्षेत्र की बसें हैं। उनके न्यूनतम किराए में दोगुना होने से हर परिवार पर हर माह कम से कम एक हजार रुपए से ज्यादा का बोझ पड़ेगा।

**यह कदम पूरी तरह से जन विरोधी, मध्यम-गरीब तबके पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ**

कांग्रेस सरकार की नाकामियों की वजह से पहले ही आम आदमी का जीना मुश्किल हो गया है। ऐसे में सरकार का यह फैसला प्रदेश के गरीब और मध्यम वर्ग पर किसी आफत से कम नहीं है। सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। यह फैसला हिमाचल के गरीब व्यक्ति के खिलाफ है।

### लोगों की जेब पर डाला डाका

**जयराम** ने बताया कि सरकार ने एक ही झटके में बसों के न्यूनतम किराए को दोगुना कर दिया है। सुख की सरकार का यह कदम प्रदेश के लोगों की जेब पर डाका डालने वाला कदम है। उन्होंने बताया कि सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि, यह फैसला हिमाचल के आम गरीब व्यक्ति के खिलाफ है।

### विकास के सारे कार्य हुए बंद

**उन्होंने** बताया कि हैरानी की बात यह है कि सुख की सरकार प्रदेश में विकास के सारे काम बंद करा चुकी है। रोजगार के सारे रास्ते छीन रही है और महंगाई बढ़ाकर आम लोगों का जीना मुश्किल कर रही है।

## अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा और खिलेगा कमल : जयराम ठाकुर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर पार्टी मुख्यालय पहुंचे प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने चक्कर में भाजपा का झंडा फहराकर कार्यकर्ताओं को इस पवन पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, कार्यालय सचिव प्रमोद ठाकुर, कोषाध्यक्ष कमल सूद, प्रत्याशी रवि मेहता, संजय सूद, जिला अध्यक्ष केशव चौहान समस्त बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी व प्रमुख राजनीतिक पार्टी है। यह केवल मात्र भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं समस्त कार्यकर्ताओं के निरंतर संघर्ष के कारण हुआ है। पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल, 1980 को भारतीय जनसंघ के उत्तराधिकारी के रूप में हुई। वर्ष 2024 के सदस्यता अभियान में भाजपा ने 13 करोड़ प्राथमिक सदस्य बनाए। जयराम ठाकुर ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आने वाले समय में प्रदेश में दौर तो भाजपा का ही होगा और निश्चित रूप से होगा।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार कर रही महत्वपूर्ण कार्य : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए दृढ़ प्रयास कर रही है, जिसमें मिल्कफेड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राज्य की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और सरकार उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।



उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्ष के दौरान दूध के खरीद मूल्य में 21 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की है। इसके अलावा, हिमाचल सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती से पैदा गेहूं और मक्की की खरीद का सबसे अधिक समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। प्रदेश में गेहूं के लिए 60 रुपए प्रति किलोग्राम और मक्की के लिए 40 रुपए प्रति किलोग्राम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। राज्य में हल्दी भी 90 रुपए प्रति किलोग्राम के समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना' के तहत विधवाओं के 27 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है। विधवाओं और एकल महिलाओं को घर बनाने के लिए 3 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बुद्धि सिंह ठाकुर की कार्य के प्रति समर्पण भाव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई से उनकी और बुद्धि सिंह ने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। उनकी नियुक्ति से कुल्लू जिला को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से आनी विधानसभा क्षेत्र का दौरा करने का वायदा किया।

### सुंदर सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री के प्रयासों को सराहा

**विधायक** सुंदर सिंह ठाकुर ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री की पहल की सराहना की। उन्होंने वर्ष 2023 में आई प्राकृतिक आपदा के दौरान उनके नेतृत्व क्षमता को याद किया। उन्होंने कहा कि पूरा कुल्लू जिला मुख्यमंत्री के साथ दृढ़ता से खड़ा है।

### कुल्लू जिले को दिया सम्मान

**मिल्कफेड** के नवनियुक्त अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह पिछले 45 वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं और उनकी नियुक्ति से मुख्यमंत्री ने आनी विधानसभा क्षेत्र और पूरे कुल्लू जिला को सम्मान प्रदान किया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह सरकार की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कुल्लू जिले के एक प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को ओक ओवर में मुख्यमंत्री से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने बुद्धि सिंह को हिमाचल प्रदेश मिल्कफेड का अध्यक्ष नियुक्त करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## सीएम ने जिला सिरमौर में सुनीं जनसमस्याएं


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को जिला सिरमौर की उप तहसील नारग के गांव दाड़ो देवरिया में अपने प्रवास कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों की जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने स्थानीय निवासियों को उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

दाड़ो देवरिया पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधान ग्राम पंचायत दाड़ो देवरिया देवेंद्र ठाकुर सहित गांववासियों ने मुख्यमंत्री सुक्खू को सम्मानित किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टी. एस. ठाकुर से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, सिरमौर के उपायुक्त सुमित खिमटा, सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरमौर निश्चिंत सिंह नेगी, दयाल प्यारी, विश्वजीत सिंह पंवार, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि व विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## सीएम ने कविता संग्रह 'बुरांश : द फ्रैगरेंस ऑफ वड्र्स' का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार देर सायं शिमला में युवा कवयित्री और शिक्षिका अनुपमा शर्मा द्वारा लिखित कविता संग्रह 'बुरांश: द फ्रैगरेंस ऑफ वड्र्स' का विमोचन किया। अनुपमा शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (कन्या), हमीरपुर में अंग्रेजी की प्रवक्ता के रूप में कार्यरत हैं।

कवयित्री के रचनात्मक कार्य की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी कविताओं में मानवीय भावनाओं, रिश्तों के टूटने का दर्द, आत्मविवेचन और प्रकृति की शांति के बीच नई शुरुआत की चाहत को खूबसूरती से अभिव्यक्त किया गया है। अनुपमा शर्मा साहित्यिक प्रतिभा की धनी है और उन्हें बाइक राइडिंग, खेलकूद और ट्रैकिंग का भी शौक है।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी उपस्थित थे।

इस कविता संग्रह में जीवन के भावनात्मक पहलुओं को चित्रित किया गया है। इस कविता संग्रह में 39 कविताएं हैं। 56 पृष्ठों वाली कविता संग्रह का प्रकाशन सतलुज प्रकाशन द्वारा किया गया है और इसकी कीमत 150 रुपए है। पुस्तक की बिक्री से प्राप्त धन राशि को मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना में दान किया जाएगा।

कहानी-42

अनंत ज्ञान

# हर गांव कुछ कहता है


अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

## अपना जंगल-अपनी शान, जदरांगल की यही पहचान

## क्यों राजनीति का शिकार हुआ यह गांव, अलग है कहानी







संजय अग्रवाल
धर्मशाला

'लग्जरी गाड़ी, आलीशान बंगला, अपने स्तर के लोगों के साथ उठना-बैठना, खाना-पीना आदि को लोग अपनी शान-ओ-शौकत समझते हैं, लेकिन धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के जदरांगल गांव में लोग अपनी शान-ओ-शौकत इन विलासिता की वस्तुओं को नहीं, बल्कि गांव के पास घने जंगल, प्राकृतिक सुंदरता को मानते हैं। इस गांव की जहां अपनी अलग कहानी है। वहीं, प्रदेश की राजनीति की भेंट यह गांव चढ़ा हुआ है। केंद्र सराकर द्वारा आज से 16 वर्ष पहले धर्मशाला को केंद्रीय विश्वविद्यालय दिया था। इसका निर्माण इसी गांव जदरांगल में होना तय था, लेकिन भाजपा व कांग्रेस की राजनीति में सीयू दो हिस्सो बंट गया। जिला कांगड़ा के देहरा में तो सीयू भवन का निर्माण तो जारी है, परंतु जदरांगल गांव राजनीति का शिकार हो गया। दरअसल, जदरांगल गांव में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर का निर्माण शामिल है। यह परियोजना उच्च स्तरीय शैक्षणिक सुविधाओं के साथ-साथ सुविधाओं का एक मजबूत सेट प्रदान करने की थी। माना गया था कि कि यह परियोजना जदरांगल में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाएगी और शिक्षा प्रदान करने की गुणवत्ता में सुधार लाएगी, परंतु आज प्रदेश में शिक्षा का गिरता स्तर चिंता का विषय बनकर रह गया है। इसे सीपीडब्ल्यूडी हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय जदरांगल का भी नाम दिया गया है।

### 510 करोड़ के प्रोजेक्ट को 30 करोड़ रुपए की दरकार



अतुल भारद्वाज

**अतुल** भारद्वाज का कहना है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के करीब 510 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट को 30 करोड़ रुपए की दरकार है। इस बड़े प्रोजेक्ट के लिए प्रदेश सरकार की ओर से 30 करोड़ रुपए जमा न करवाए जाने से धर्मशाला के जदरांगल में 30 प्रतिशत बनने वाला सीयू का नॉर्थ जोन कैंपस लटक गया है। जदरांगल में सीयू के निर्माण को लेकर 57.10 हेक्टेयर भूमि पर निर्माण को मंजूरी मिली चुकी है। इसके बावजूद फीस जमा न होने के कारण इसका निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। दूसरी ओर देहरा में कैंपस का निर्माण कार्य जोरों-शोरों से चला है। वर्ष 2009 में स्वीकृत हुए प्रोजेक्ट को 510 करोड़ रुपए मिल चुके हैं। दोनों कैंपसों के निर्माण को 476 करोड़ रुपए के टैंडर तक बुलाए हैं। इसके चलते देहरा में निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन धर्मशाला के जदरांगल के लिए 30 करोड़ रुपए की दरकार है। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला के जदरांगल में बनने वाले 30 प्रतिशत निर्माण का कार्य मात्र इस कारण रुका हुआ है कि प्रदेश सरकार को केंद्रीय वन मंत्रालय सहित कुछ अन्य विभागों के पास करीब 30 करोड़ रुपए जमा नहीं करवा रही है। इसके चलते जदरांगल में बनने वाले सीयू के कैंपस का निर्माण कार्य लटका हुआ है।

### 16 सालों से इस गांव में निर्माण शुरू नहीं



गौरव

**गौरव** का कहना है कि हमीरपुर से भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने दावा किया था कि 70 प्रतिशत परिसर देहरा में और 30 प्रतिशत धर्मशाला के पास स्थित जदरांगल में होगा। इसके लिए जदरांगल में 2400 एकड़ से अधिक जगह चिन्हित की गई है। पहले धर्मशाला में भूमि न मिलने के कारण सीयू भवन का निर्माण लटका है। हालांकि, अब सीयू के देहरा में बनने वाले कैंपस का निर्माण कार्य जोरो-शोरों से चला हुआ है। जदरांगल में भूमि का चयन होने के बाद भी लगभग 16 सालों से इस गांव में निर्माण शुरू नही हो पाया है।

### किसी विधायक ने नहीं दिखाई रुचि



संदीप कुमार

**युवा** संदीप कुमार के अनुसार, जिला कांगड़ा के लोग इतने भी कमजोर नहीं हैं कि 30 करोड़ जमा न करवा पाएं, इसलिए प्रदेश सरकार को हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के जदरांगल में बनने वाले कैंपस के लिए पैसे जमा करवाने का कुछ वक्त दिया गया था। धर्मशाला से बने किसी भी मंत्री और विधायक ने हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला में निर्माण के लिए रुचि नहीं दिखाई है। अब इस लड़ाई के लिए जनता को आगे आना होगा, क्योंकि धर्मशाला कमजोर नेतृत्व के कारण विकास की दृष्टि से पिछड़ रहा है, इसलिए इसे दूर करने के लिए जनता को एक संयुक्त मोर्चे पर संघर्ष करना होगा।

### नेता गिरा रहे हैं जनता का मनोबल



सुरेंद्र

**पद्दर** पंचायत निवासी सुरेंद्र कुमार का कहना कि पहले यहां सीयू पार्क का शिलान्यास हुआ, फिर सीयू का कुछ दिन पहले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का बयान था कि धर्मशाला में सीयू के बारे में पता नहीं। ऐसी बातों से नेता जनता को मनोबल गिरा रहे हैं। सीएम सुक्खू जदरांगल में सीयू निमार्ण तथा 30 करोड़ जमा करवाने पर खामोश बैठे हुए हैं। जदरांगल में स्लाइडिंग जोन की बात कही जा रही है। हाल ही में आए भूकंप में कितने मकानों में दरारें आईं या पहले कितने मकान यहां लैंड स्लाइडिंग में दब गए। राजनेता आपसी खींचतान बंद करके जल्द इस बारे स्थिति स्पष्ट करें, अन्यथा जनता सड़कों पर उतरने से गुरेज नहीं करेगी।

### मशीनरी आई, लेकिन अब काम हो गया बंद



डॉ. जीवन सिंह

**जदरांगल** से संबंधित सीनियर सिटीजन डॉ. जीवन सिंह का कहना है कि मशीनरी आई थी, काम चल पड़ा था, लेकिन अब काम बंद हो गया और मशीनरी भी ले गए सरकार ने विश्वसनीयता खो दी है, जनता में फ्रस्टेशन है और अब इसका विस्फोट होगा। 2 पंचायतों की जनता ने 600 कनाल भूमि दी है। जदरांगल में सीयू नहीं बनी, तो जनता का दोनों सरकारों से विश्वास उठ चुका है। शिलान्यास के समय धर्मशाला व देहरा में एक साथ काम शुरू होने की बात कही गई थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राजनीतिज्ञों से उनकी मनोस्थिति सीयू के बारे में जानेंगे, उसके बाद रणनीति बनाकर जनता सड़कों पर उतरेगी।

## मामला हाइड्रा की टक्कर से महिला की मौत का

# गुस्साए परिजनों की थाने में चालक के साथ हुई झड़प

**बीबीएन, अनंत ज्ञान**

नालागढ़ के जगातखाना स्थित हाइड्रा की टक्कर से महिला की मौत का मामले में रविवार को मृतक महिला के परिजन समेत कई लोगों ने पुलिस स्टेशन नालागढ़ के बाहर महिला का शव रखकर प्रदर्शन किया। मृतक महिला की पहचान सीता देवी निवासी बीड़ प्लासी से हुई।



जानकारी के अनुसार देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि हाइड्रा मशीन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। महिला अपने पति के साथ मोटरसाइकिल के साथ खड़ी हुई थी, इस दौरान नालागढ़ की ओर से हाइड्रा मशीन की चपेट में महिला आ गई, जिसे तुरंत नालागढ़ अस्पताल लेकर जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हाइड्रा चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने रविवार सुबह महिला का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले किया, जिसके बाद परिजन भारी संख्या में शव लेकर पुलिस स्टेशन में पहुंचे और थाना प्रभारी के खिलाफ मृतक महिला से मारपीट के आरोप जड़े। परिजनों का आरोप था कि देर रात थाना प्रभारी के द्वारा मृतक महिला के बेटे से मारपीट की गई।

ऐसे बड़ा पूरा विवाद

देर रात को हादसे के बाद हाइड्रा चालक मौके से फरार हो गया जिसके बाद मृतक महिला के बेटे समेत अन्य लोग भारी संख्या में पुलिस स्टेशन पहुंचे। इस दौरान हाइड्रा चालक का मालिक भी पुलिस स्टेशन पहुंचा, तो परिजन समेत अन्य लोग चालक को मौके पर बुलाने पर अड़े। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए हाइड्रा चालक को पुलिस स्टेशन बुलाया, इस दौरान दोनों पक्ष आपस में भिड़ने लगे। बीच-बचाव में थाना प्रभारी राकेश राय ने हस्तक्षेप करते हुए चालक को बचाया।

इस दौरान मृतक महिला के बेटे हरप्रीत ने आरोप लगाया कि थाना प्रभारी द्वारा थप्पड़ मारा गया। जिसके बाद लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी।

### निष्पक्ष होगी पूरे मामले की जांच : एसपी

**जिला** बद्दी पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान ने बताया कि हाइड्रा मशीन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि परिजनों ने जो आरोप थाना प्रभारी पर लगाए हैं, उसकी जांच करवाने के आदेश डीएसपी नालागढ़ को दे दिए हैं और तब तक थाना प्रभारी को छुट्टी पर भेज दिया है, ताकि जांच निष्पक्ष तरीके से हो सके।

## दो युवकों से पकड़ी एक किलो 853 ग्राम चरस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** गांव परसोला के समीप घुमारवीं पुलिस ने शनिवार देर रात नाके के दौरान एक किलो 853 ग्राम चरस समेत दो युवकों को गिरफ्तार कर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने शनिवार देर रात को किरतपुर नेरचौक फोरलेन पर टनल नंबर चार के समीप परसोला गांव में नाका लगाया हुआ था। इस दौरान पुलिस ने कुल्लू की तरफ से आ रही एक कार की चैकिंग को कार से भारी मात्रा में चरस बरामद दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। युवकों की पहचान जय चंद गांव मलाणा जिला कुल्लू व दुपल सिंह गांव राकानी, जिला मंडी के रूप में हुई है।

उधर, एएसपी बिलासपुर शिव चौधरी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि चरस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि नशे के अवैध करोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पुछताछ के दौरान अभी और जानकारी हासिल हो सकती है।



राहुल गांधी के एजेंडे को ठेंगा | अपने-अपने वर्चस्व की जंग में उलझे नेता

# हरियाणा की तर्ज पर हिमाचल कांग्रेस का संगठन

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान खास खबर

हिमाचल में सत्ता और संगठन के दरमियान जारी वर्चस्व की जंग अजीबो-गरीब मरहले में फंसी हुई है। पिछले 5 महीनों से कांग्रेस की हिमाचल में जो हालात दिख रही है। उससे यही आभास हो रहा है कि हरियाणा की तर्ज पर ही हिमाचल के संगठन ने भी तौर तरीके अपना लिए हैं।

**निजी स्कोर सेट करने में लगे हैं नेता, आलाकमान में दम नहीं, 5 महीनों से अजीबो-गरीब मरहले में हिमाचल कांग्रेस का कुनबा**

याद रहे हरियाणा में बगैर जिला और ब्लॉक अध्यक्षों के ही विधानसभा के चुनाव हो गए थे। 5 साल तक वहां भी हालत बगैर संगठन के ही चले। अब यहां जो कुछ घटित हो रहा है, उसमें एक बात साफ है कि सत्ता और संगठन अपनी-अपनी दिशाओं में सवार हैं।

बड़ी बात यह है कि पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जिस एजेंडे को लेकर कांग्रेस की गाड़ी को आगे खींचने की जद्दोजहद में हैं। लगता है जमीन से जुड़े और पार्टी की भीतरी व्यवस्था को महत्व देने वालों पर अभी भी भरोसा नहीं हो रहा है।

राहुल गांधी इसी भीतरी व्यवस्था के संकल्प को लेकर बार-बार कांग्रेस के भीतर बैठकों में बोलते रहते हैं। जमीन से जुड़े हुए और समर्पित लोगों को महत्व देने की बात भी वे करते हैं, लेकिन यहां तो अपने-अपने स्कोर सेटल करने की दशा दिशा पर हिमाचल के नेता इस समय एक दूसरे को पटकनी देने की फिराक में हैं। (अनंत ज्ञान)

### जिला स्तर पर ही ढांचा मजबूत नहीं होगा तो ब्लॉक नहीं दिखाएंगे अपना असर

**हिमाचल** कांग्रेस के संगठन को भंग किए हुए अब लगभग 5 महीने हो चले हैं। सुक्खू सरकार में ढाई साल के आसपास पहुंचने वाली है। जिलों का स्ट्रक्चर हो, या ब्लॉक का संगठन। उसके बाद सबसे नीचे बूथ स्तर का ढांचा तैयार होने में वक्त लगता है। जब जिला स्तर पर ही ढांचा मजबूत नहीं होगा ब्लॉक अपना असर नहीं दिखाएंगे तो फिर बूथ स्तर पर हालात विरोधियों से निपटने के लिए कैसे कारगर बनेंगे, यक्ष प्रश्न यही है। जिसका जवाब फिलहाल हिमाचल के नेताओं के पास है नहीं दें तो 'अपनी-अपनी डफली अपना-अपना राग' अलापने की दशा दिशा पर सवार है। सत्ता और संगठन के दरमियान कांग्रेस मजबूत कैसे हो इसकी फिकर नेताओं की बयानबाजी या फिर उनकी कारगुजारी से दिख नहीं रही, इसीलिए कार्यकर्ता अजीबो-गरीब मरहले में खुद को समझ रहे हैं। कहा जा रहा है कि क्या हरियाणा की तर्ज पर ही हिमाचल कांग्रेस का कुनबा भी कोई बड़ा दांव खेलने वाला है?

*गर्मियों का मौसम शुरू होते ही कई परेशानियां होने लगती हैं। ऐसे में एक प्रेग्नेंट महिला के लिए ये मौसम एक बड़ी चुनौती लेकर आता है। गर्मी के मौसम में महिलाओं को भूख, गैस, एसिडिटी, उल्टी जैसी कई समस्याएं होने लगती हैं। प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में काफी ज्यादा हार्मोन बदलते हैं, जिसकी वजह से उनका व्यवहार चिड़चिड़ा हो जाता है। तो आइए आज जानते हैं कुछ ऐसे तरीकों के बारे में जिनकी मदद से आप अपना ख्याल रख सकते हैं।*




# गर्मियों में प्रेग्नेंसी के दौरान बढ़ सकती हैं चुनौतियां

## प्रेग्नेंट महिला को अपने खानपान का रखना चाहिए खास ख्याल

**सीटी** अस्पताल पालमपुर रोड़ कांगड़ा के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप मक्कड़ के अनुसार गर्मी के मौसम में बॉडी डिहाइड्रेट हो जाती है। जिस कारण चक्कर, उल्टी जैसी कई समस्याएं होने लगती हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए प्रेग्नेंट महिला को दिनभर बार-बार पानी पीते रहना चाहिए। वहीं, शरीर में पानी की कमी को पूरा करने के लिए आप कई अन्य तरह के ड्रिंक्स जैसे नारियल पानी, आंवले का जूस आदि पी सकते हैं।

डॉ. प्रदीप मक्कड़ का कहना है कि गर्मियों के मौसम में प्रेग्नेंट महिला को अपने खानपान का खास ख्याल रखना चाहिए। जंक फूड और ऑयली चीजों को खाने से बचना चाहिए। खाने में सीजनल सब्जियों और फलों का इस्तेमाल करना चाहिए, जो आपके शरीर को हेल्दी रखने में मदद करें। प्रेग्नेंट महिला के लिए अपनी नींद को पूरा करना बेहद जरूरी होता है। ऐसा करने से महिला को एनर्जी मिलती है। डॉ. प्रदीप मक्कड़ कहते हैं, अगर आपको दोपहर में थकान महसूस हो रही है, तो आप कुछ समय के लिए पॉवर नैप ले सकती हैं। पॉवर नैप के कई फायदे हैं, इससे आप फ्रेश और एनर्जेटिक महसूस कर सकती हैं।



**डॉ. प्रदीप मक्कड़**
**स्त्री रोग विशेषज्ञ**
**सीटी अस्पताल, कांगड़ा**

प्रेग्नेंसी के दौरान जरूरी होता है कि अपनी दिनचर्या का खास ख्याल रखें। इस दौरान महिलाओं के शरीर में न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी कई बदलाव होते हैं। ऐसे में अपने दिन की शुरुआत से लेकर रात में सोने तक छोटी-बड़ी चीज का खास ख्याल रखना चाहिए। डॉ. प्रदीप मक्कड़ का कहना है कि प्रेग्नेंट महिला के लिए एक्सरसाइज काफी फायदेमंद मानी जाती है। इससे न सिर्फ मां बल्कि होने वाले बच्चे का स्वास्थ्य भी फिट रहता है। एक्सरसाइज करने से मन भी शांत रहता है।

### गर्भवती महिलाएं इन बातों का रखें ध्यान



- ***आराम** गर्भावस्था की चिंता से अपने शरीर को आराम दें, और ठंडे और आरामदायक कमरे में भरपूर आराम करें।*
- प्रतिदिन दो बार स्नान करके अपने शरीर के तापमान को ठंडा रखें।
- *हल्के कपड़े ढीले-ढाले और हल्के कपड़े पहनें ताकि सांस लेने के लिए जगह मिल सके।*
- भारी भोजन से बचें हल्के भोजन और पर्याप्त मात्रा में फल और सब्जियों का सेवन करने से पौष्टिक भोजन का सेवन बनाए रखा जा सकता है और शरीर का तापमान स्तर स्थिर रखा जा सकता है।
- *नमकीन खाद्य पदार्थों का सेवन कम करें। बहुत ज्यादा नमक खाने से आपके शरीर में पानी जमा हो सकता है , जससे ज्यादातर गर्भवती महिलाओं के पैरों में सूजन आ जाती है। नमक का सेवन कम करने से पानी जमा होने से बचने में मदद मिल सकती है।*
- चूंकि गर्भवती महिलाओं को व्यायाम करने की सलाह दी जाती है, इसलिए यह सिफारिश की जाती है कि वे गर्मी से बचने के लिए या तो सुबह जल्दी उठकर या सूर्यास्त के बाद व्यायाम करें।
- *अपनी हथेलियों और तलवों पर ठंडी सिकाई करने से शरीर का तापमान ठंडा रखने में मदद मिलती है।*

**प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

---

*विश्व स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है, जो 1948 में डब्ल्यूएचओ की स्थापना की वर्षगांठ है। 2025 का विषय 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' है, जो मातृ एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य और जीवन रक्षा में सुधार पर केंद्रित है। इस अभियान का उद्देश्य सरकारों, दाताओं और स्वास्थ्य समुदाय को गुणवत्तापूर्ण देखभाल में निवेश करने के लिए प्रेरित करना है।*

# मां और नवजात शिशु को चाहिए विशेष देखभाल



**डॉ. अनुपमा पराशर**
**प्रोफेसर व प्रमुख, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग एम्स बिलासपुर**

**मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य की प्राथमिकता:** अधिकांश मातृ एवं नवजात मृत्यु जन्म प्रक्रिया के दौरान या जन्म के तुरंत बाद होती है। समय से पहले जन्म से जुड़ी जटिलताएं पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु का प्रमुख कारण हैं। इसीलिए स्वास्थ्य प्रणालियों को विकसित कर गर्भावस्था, प्रसव और नवजात देखभाल की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना आवश्यक है। इसमें निम्नलिखित शामिल हैं-

◆ प्रसवपूर्व जांच और समय पर देखभाल। ◆ जीवनरक्षक प्रसूति सेवाएं। ◆ पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान। ◆ गैर-संचारी रोगों का प्रभावी प्रबंधन। ◆ महिलाओं की आवाज़ सुनना और परिवारों को सहयोग देना।

**मातृ स्वास्थ्य :** मातृ स्वास्थ्य का तात्पर्य गर्भावस्था, प्रसव और प्रसवोत्तर अवधि के दौरान महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य से है। हालांकि पिछले दशकों में प्रगति हुई है, लेकिन कई महिलाएं अभी भी असुरक्षित प्रसव, रक्तस्राव, संक्रमण, उच्च रक्तचाप और अन्य जटिलताओं के कारण जान गंवा रही हैं। कुशल स्वास्थ्य पेशेवर और समय पर चिकित्सा सेवाओं से अधिकांश मातृ मृत्यु को रोका जा सकता है।



**गर्भावस्था के दौरान देखभाल**

**नियमित जांच कराएं:** कम से कम चार प्रसवपूर्व जांच आवश्यक हैं। ये जांच आपके स्वास्थ्य और आपके बच्चे के विकास की निगरानी करती हैं और संभावित जटिलताओं का पता लगाती हैं। जांच में मूत्र परीक्षण, रक्त परीक्षण, रक्तचाप जांच, ग्लूकोज जांच, अल्ट्रासाउंड जांच और आपके बच्चे के विकास की निगरानी शामिल है। ये तब भी महत्वपूर्ण हैं जब आप स्वस्थ महसूस कर रही हों, क्योंकि सभी स्थितियों में स्पष्ट लक्षण नहीं होते हैं।

**शिशु की हरकतें:** आप आमतौर पर गर्भावस्था के 16-24 सप्ताह के बीच अपने शिशु की हरकतें महसूस कर सकती हैं। अगर हरकतें कम हो जाती हैं, बंद हो जाती हैं या अचानक तीव्र हो जाती हैं, तो आपातकालीन देखभाल लें।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं:** पोषक आहार लें, तंबाकू और मादक पदार्थों से बचें, शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। अनुशंसित अनुसार टीका लगवाएं; यदि आपको कोई चिंता है तो मदद लें।

**नवजात शिशु की देखभाल**

◆ **स्वास्थ्य जांच कराएं:** नवजात की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करें।
◆ **सुरक्षित नींद का अभ्यास करें :** शिशु को एक मजबूत गद्दे पर पीठ के बल लिटाकर सुलाएं।
◆ **स्तनपान को प्राथमिकता दें:** यह शिशु के लिए सर्वोत्तम पोषण प्रदान करता है। क्योंकि यह उसे आवश्यक पोषक तत्व और एंटीबॉडी प्रदान करता है।

---

## हर किसी को हो सकती है यह समस्या, बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा

# एक पाचन विकार है डायरिया

*डायरिया का मतलब है ढीला या पानी जैसा मल (पाखाना) आना। यह इतना आम है कि ज्यादातर लोग इसका नाम सुनते ही असहज महसूस करने लगते हैं। टॉयलेट में पतला और बीमार दिखने वाला मल देखने का विचार हमेशा ही अप्रिय लगता है। अगर आपको डायरिया हो गया है, तो यह न जानना कि इसका कारण क्या है या यह कितने समय तक चलेगा, आपकी परेशानी और चिंता को और बढ़ा सकता है। यह बच्चों और वयस्कों दोनों में आम है और आमतौर पर कुछ दिनों में खुद ही ठीक हो जाता है।*



**डॉ. निधि जोशी**
**गांधीधाम, कच्छ (गुजरात)**

### डायरिया के प्रकार

**तीव्र डायरिया :**
**यह** सबसे आम प्रकार है, जिसमें एक से दो दिनों तक ढीला मल आता है और यह बिना इलाज के ठीक हो जाता है।

**पर्सिस्टेंट डायरिया :**
**यह** दो से चार हफ्तों तक बना रहता है।

**दीर्घकालिक डायरियाः**
**यह** चार हफ्तों से अधिक समय तक रहता है या बार-बार होता रहता है। इस प्रकार का डायरिया किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है, इसलिए डॉक्टर से संपर्क करना आवश्यक होता है।

### डायरिया के कारण

**संक्रमण :** वायरस, बैक्टीरिया और परजीवी (पैरासाइट) डायरिया का कारण बन सकते हैं। वयस्कों में डायरिया का सबसे आम कारण नोरोवायरस होता है, जबकि बच्चों में रोटावायरस आमतौर पर तीव्र डायरिया का कारण होता है।

**फूड पॉइजनिंग :** दूषित भोजन या पेय पदार्थों में मौजूद हानिकारक विषाणु और बैक्टीरिया डायरिया पैदा कर सकते हैं। यात्रा के दौरान खराब स्वच्छता वाले स्थानों पर जाने से भी डायरिया हो सकता है, जिसे 'ट्रैवलर डायरिया' कहा जाता है।

**दवाओं के साइड इफेक्ट्स :** कुछ दवाएं, विशेष रूप से एंटीबायोटिक्स, पेट के अच्छे बैक्टीरिया को नष्ट कर सकती हैं, जिससे डायरिया हो सकता है। इसके अलावा, कुछ एंटासिड (एसिडिटी की दवाएं) और कैंसर उपचार भी डायरिया का कारण बन सकते हैं।

**भोजन से जुड़ी समस्याएं :** यदि किसी व्यक्ति को लैक्टोज इन्टॉलरेंस है, तो दूध या डेयरी उत्पाद खाने से डायरिया हो सकता है। कुछ लोगों को फ्रुक्टोज (शहद और फलों में पाई जाने वाली शक्कर) पचाने में भी दिक्कत होती है। सेलिएक रोग (ग्लूटेन इन्टॉलरेंस) से पीड़ित लोगों को गेहूं, जौ और राई जैसे अनाज खाने पर डायरिया हो सकता है।

**आंतों से जुड़ी बीमारियां:** क्रोहन रोग, अल्सरेटिव कोलाइटिस और इर्रिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी बीमारियों के कारण डायरिया हो सकता है। इसके अलावा, तनाव और चिंता इन बीमारियों के लक्षणों को और अधिक बढ़ा सकते हैं।

**आंतों की सर्जरी :** कुछ लोगों को पेट या आंतों की सर्जरी के बाद डायरिया की समस्या होती है, क्योंकि उनके पाचन तंत्र को भोजन से पोषक तत्व अवशोषित करने में समय लग सकता है।

### डायरिया के लक्षण

**● पेट में सूजन (ब्लोटिंग) या ऐंठन। ● मल त्याग की तीव्र इच्छा। ● मिचली (मतली) या उल्टी। ● थकान। ● उपरोक्त लक्षण आमतौर पर कुछ दिनों में ठीक हो जाते हैं और इसके लिए डॉक्टर से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं होती।**

**होम्योपैथिक दवाएं :** डायरिया के लिए होम्योपैथिक सारवार लेने से बहुत ही लाभ होता है और बार बार अगर ये समस्या होती है तो उस पर भी नियंत्रण हो सकता है। कुछ दवाई का नीचे वर्णन दिया हुआ है।

**आर्सेनिकम एल्बमः** आर्सेनिकम एल्बम एक होम्योपैथिक दवा है, जिसे मुख्य रूप से फूड पॉइजनिंग से जुड़े गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षणों के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह खासतौर पर यात्रा करने वालों के लिए फायदेमंद मानी जाती है।

**पोडोफाइलम :** पोडोफाइलम एक होम्योपैथिक उपचार है, जिसका उपयोग गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षणों को दूर करने के लिए किया जाता है। यह विशेष रूप से अत्यधिक पानी जैसा, बार-बार होने वाला, तीव्र और विस्फोटक दस्त के लिए प्रभावी माना जाता है, जो अत्यधिक गैस के साथ होता है।अगर दस्त के साथ तेज ऐंठन (क्रैम्पिंग) हो रही हो।

**सिंकोना ऑफिसिनेलिस :** सिंकोना ऑफिसिनेलिस एक होम्योपैथिक उपचार है, जो थकावट पैदा करने वाले, दर्द रहित दस्त में राहत देता है। यह विशेष रूप से उन मामलों में प्रभावी होता है, जहां पेट में सूजन (ब्लोटिंग) और बदबूदार गैस बनती है।

**सिंकोना ऑफिसिनेलिस**
सिंकोना ऑफिसिनेलिस एक होम्योपैथिक उपचार है, जो थकावट पैदा करने वाले, दर्द रहित दस्त में राहत देता है। यह विशेष रूप से उन मामलों में प्रभावी होता है जहां आपको दस्त के कारण कमजोरी महसूस हो रही है और पेट में अत्यधिक गैस बन रही है।

---

# बीपी लो होने पर न घबराएं, घरेलू उपाय अपनाएं

### ब्लड प्रेशर बढ़ना जितना खतरनाक, कम होना भी उतना ही घातक

**आमतौर पर हाई ब्लड प्रेशर खतरनाक माना जाता है लेकिन इसका कम होना भी खतरे से खाली नहीं होता। यदि आप को अक्सर कमजोरी महसूस होती है या चक्कर आता है तो संभल जाएं, क्योंकि यह लो ब्लड प्रेशर का संकेत हो सकता है। ब्लड प्रेशर का कम होना किसी भी वक्त हो सकता है। इसमें लोग बेहोश तक हो जाते हैं। लो बीपी होने पर ब्रेम हैमरेज तक का खतरा हो सकता है। ब्लड प्रेशर लो हो जाए और आप ऐसी सिचुएशन से गुजरने लगे तो परेशान होने की बजाय घरेलू उपाय अपनाएं, जो इस समस्या से आपको बाहर निकालने में मदद करेंगे।**



### बीपी लो होने के कारण

**डॉक्टर** बताते हैं कि ब्लड प्रेशर लो होने के कई और फैक्टर्स हो सकते हैं। डिहाइड्रेशन और नमक कम खाने से भी बीपी लो हो सकता है। गर्मियों में ज्यादा पसीना आने से शरीर में पानी की कमी होती रहती है, ऐसे में अगर पर्याप्त पानी न पिया जाए तो डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती हैं। इससे ब्लड प्रेशर गिर सकता है। इस मौसम में ज्यादा पसीना आने से शरीर में नमक कम होने लगता है, जो बीपी लो होने का कारण हो सकता है। क्योंकि नमक में बीपी मेंटेन रखने वाला सोडियम पाया जाता है, जिसकी कमी परेशानी बढ़ा सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार गर्मी के सीजन में एक वयस्क का नॉर्मल ब्लड प्रेशर 120/80 एमएम हाई होना चाहिए।

### निम्न रक्तचाप के लक्षण

**लो** बीपी का सबसे आम लक्षण चक्कर आना है। जब रक्त का प्रवाह मस्तिष्क तक पर्याप्त नहीं पहुंचता है तो व्यक्ति चक्कर खा सकता है। कई बार यह स्थिति इतनी गंभीर हो सकती है कि व्यक्ति बेहोश भी हो सकता है।



**डॉ. एनके गुप्ता**
**हेल्थ एक्सपर्ट**

लो बीपी से पीड़ित व्यक्तियों को अक्सर धुंधला दिखाई देने की समस्या होती है। यह तब होता है जब मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह कम होता है जिससे दृष्टि प्रभावित हो सकती है। धुंधलापन अस्थायी हो सकता है लेकिन यह बहुत असहज होता है। निम्न रक्तचाप के कारण दिल की धड़कन में असमानता आ सकती है। व्यक्ति को दिल की धड़कन धीमी या तेज़ महसूस हो सकती है जो चिंता का कारण बन सकती है।

निम्न रक्तचाप के कारण व्यक्ति को निरंतर थकान महसूस होती है। उसे सामान्य गतिविधियों में भी अधिक मेहनत लगती है और वह जल्दी थक जाता है। यह स्थिति मानसिक और शारीरिक दोनों रूप से हो सकती है।

### ब्लड प्रेशर लो हो जाए, तो क्या करें

अगर **आपका ब्लड प्रेशर लो हो गया है तो नमक पानी पिएं। सोडियम लो बीपी को बैलेंस करने में मदद करता है। शरीर में हाइड्रोजन लेवल से यह परेशानी दूर होती है। अगर लो बीपी को सामान्य करना है तो एक कप स्ट्रॉन्ग कॉफी भी पी सकते हैं। यह कारगर घरेलू उपाय है। गरम दूध पीने से भी लो बीपी की समस्या दूर हो सकती है। अगर धमनियों में अचानक से ब्लड फ्लो बढ़ जाए, तो आइसोमेट्रिक हैंड ग्रिप एक्सरसाइज से इसे कंट्रोल कर सकते हैं। हालांकि इसे करने से पहले एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह जरूर लें।**

### गर्मियों में ज्यादा सावधानी की जरूरत

**हेल्थ** एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि सर्दियों में बीपी हाई होने का खतरा रहता है, पर कई बार ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। दरअसल, तापमान कम होने पर ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है, जबकि गर्मियों में तापमान ज्यादा होने से खून की धमनियां फैलने लगती है और ब्लड प्रेशर लो होने लगता है। इसलिए ब्लड पेशर के मरीजों को गर्मियों में खास सावधानी रखनी चाहिए। उन्हें रेगुलर तौर पर बीपी की मॉनिटरिंग करनी चाहिए। अगर कोई समस्या दिखे तो डॉक्टर को चेक करवाना चाहिए।

**प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन**

---

**एसएम आई हॉस्पिटल कांगड़ा घुरकड़ी के निदेशक व चीफ आई सर्जन डॉ. संदीप महाजन ने बताया कि साल 1989 से नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में यह अस्पताल उन्नत और आधुनिक नेत्र उपचार प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है। डॉ. संदीप महाजन और उनकी टीम नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेती आ रही है, जिससे वे नेत्र विज्ञान की नवीनतम तकनीकों से हॉस्पिटल की कार्यकुशलता को समय समय पर अपडेट करते रहते हैं। इसके इलावा जो मरीज किसी कारणवश हॉस्पिटल में आने से वंचित रह जाते हैं, उन लोगों के लिए पंचायत, ब्लॉक व जिला स्तर पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण व दूर दराज के क्षेत्रों के लोगों को भी उचित नेत्र देखभाल मिल सके। डॉ. संदीप महाजन ने बताया कि वे लगातार लोगों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति शिक्षित करने का प्रयास करते हैं। एसएम आई हॉस्पिटल नेत्र रोगों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियानों, समाचार पत्रों के लेखों और शैक्षिक सेमिनारों के माध्यम से लोगों को शिक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है।**




# आंखें शरीर का सबसे नाजुक अंग, इनका रखें खास ख्याल



## जागरूकता और उचित देखभाल से हमेशा अच्छी रहेगी आपकी नजर

**एक** कथन है कि सुंदरता देखने वाले की आंखों में होती है और आंखें हमारे शरीर का सबसे नाजुक अंग हैं। यह अस्पताल डॉ. संदीप महाजन के मार्गदर्शन में पिछले 40 वर्षों से नेत्र देखभाल की सेवाएं दे रहा है। यह अस्पताल रोकथाम को इलाज से बेहतर के सिद्धांत में विश्वास रखता है, जो समय पर सही देखभाल के महत्व को दर्शाता हैं। बहुत से लोग नहीं जानते कि 80 प्रतिशत अंधापन रोका जा सकता है। पिछले 10 वर्षों से एसएम आई हॉस्पिटल नेत्र रोगों और उनकी रोकथाम के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम कर रहा है। अस्पताल निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित करता है और मोतियाबिंद ग्लूकोमा और एस्टिग्मेटिज्म जैसी आंखों की बीमारियों का समय पर इलाज कर गंभीर समस्याओं को रोकता है।

**कब और कैसे पैदा होता है दृष्टि दोष?**
चिकित्सा विज्ञान के अनुसार बच्चों की दृष्टि 6 से 7 वर्ष की उम्र तक पूरी तरह विकसित हो जाती है। इसके बाद दृष्टि दोष हो सकता है, जिसका कारण स्कीन का अत्यधिक उपयोग करते रहना, फल, सब्जियों और अन्य पौष्टिक आहार न लेने के कारण विटामिन्स की कमी। वंश दर वंश यादि माता पिता दृष्टिदोष से ग्रसित हों तो उनके बच्चों में दृष्टिदोष का होना संभावित है। अगर इस दौरान कोई नेत्र समस्या होती है, तो उसे समय पर पहचानकर इलाज करवाना जरूरी है, ताकि सामान्य दृष्टि बनी रहे। यदि इसे नजर अंदाज किया जाए, तो यह जीवनभर के लिए आंखों की भयंकर लाइलाज बीमारी हो सकती है। इसलिए बच्चों की आंखों की जांच हर छह महीने में कम से कम एक बार जरूर करानी चाहिए। माता-पिता को बच्चों की आंखों की सेहत का ध्यान रखना चाहिए, उनका स्कीन टाइम कम करना चाहिए पोषक आहार देना चाहिए और उन्हें बाहरी खेलकूद के लिए प्रेरित करना चाहिए ।



**डॉ. संदीप महाजन**
**निदेशक व चीफ आई सर्जन, एसएम आई हॉस्पिटल घुरकड़ी (कांगड़ा)**

**मोबाइल फोन का आंखों पर बुरा असर**
आज के समय में स्मार्टफोन और ऑनलाइन पढ़ाई के अधिक उपयोग से बच्चों की दृष्टि पर बुरा असर पड़ रहा है। ज्यादा समय तक स्कीन देखने से आंखों में थकान असुविधा और दृष्टि से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती है। इसलिए सलाह दी जाती है कि बच्चे स्कीन का इस्तेमाल करते समय हर घंटे के अंतराल में ब्रेक लें और स्कीन टाइम को जितना संभव हो सीमित करें। स्मार्टफोन, कंप्यूटर व अन्य उपकरणों से स्कीन टाइम बढ़ने व कुछ बीमारियों की दवाइयों को लगातार लेने के कारण ड्राई आई, आंखों की बीमारी आंखों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है।

**ये बीमारियां भी खराब कर रही आपकी आंखें**
नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में विश्व के बड़े बड़े देशों में हो रही कॉन्फ्रेंस में भाग लेने वाले डॉ. संदीप महाजन ने बताया कि इनमें भाग लेने का मुख्य उद्देश्य अपने अनुभव को अंतरराष्टीय स्तर पर साझा कर दूसरे देशों के शोधकर्ताओं से आधुनिक तकनीको का संज्ञान लेकर अपने देश व प्रदेश में आंखों से संबंधित रोगों के उपचार के स्तर को बढ़ाना है। उनका कहना है कि डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और थायरॉयड जैसी बीमारियां भी आंखों की सेहत को प्रभावित करती हैं। शोध से पता चला है कि 2 से 3 प्रतिशत अंधापन इन बीमारियों की वजह से होता है। नियमित स्वास्थ्य जांच, व्यायाम और संतुलित आहार से आंखों की सेहत को बेहतर रखा जा सकता है।

**एसएम आई हॉस्पिटल में आंखों की हर समस्या का इलाज**
एसएम आई हॉस्पिटल में आधुनिक तकनीक से लैस लिपिस्कैन और लिपीफलो जैसी मशीनों से, अनुभवी डॉक्टरों की देखरेख में ड्राई आई यानी आंखों के सूखेपन की जांच और इलाज किया जा रहा है, जिससे बेहतरीन परिणाम मिले है।

**प्रस्तुति : आशीष दमीर, कांगड़ा**

# रामनवमी पर भक्तों ने घरों और मंदिरों में की देवी की आराधना, कन्या पूजन किया

संजय अग्रवाल, धर्मशाला

चैत्र नवरात्र की नवमी को घरों से लेकर मंदिरों में देवी की आराधना की गई। जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा। रविवार को कांगड़ा जिले के शक्तिपीठों में भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। जिला कांगड़ा के तीनों शक्तिपीठों कांगड़ा बज्रेश्वरी देवी, चामुंडा देवी व ज्वालामुखी देवी श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ नवरात्र संपन्न हो गए।

नवमी पर भक्तों ने अपने घरों में कन्या पूजन का आयोजन किया। कन्याओं को भोजन कराया गया। इसके बाद हवन के साथ नौ दिन के नवरात्र व्रत का समापन किया गया। मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगी हुई थीं और सुबह की पहली आरती में शामिल होने के लिए भक्तों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा थाण् मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि वे बिना किसी परेशानी के पूजा-अर्चना कर सकें। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी राम प्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आज भी कन्या पूजन किया। उन्होंने कहा कि इस बार मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं पहुंचे तथा माता का अशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में हवन यज्ञ व पूजन कर व्रत खोला गया । (अनंत ज्ञान)



## प्रदेश सरकार राज्य के प्रमुख मंदिरों के संरक्षण के लिए उठा रही कारगर कदम : आरएस बाली

**अनंत ज्ञान, चामुंडा।** पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा की वर्तमान प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रमुख धार्मिक स्थलों के संरक्षण, विकास और प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दे रही है। रविवार को रामनवमी के अवसर पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने चामुंडा माता मंदिर में चामुंडा मंदिर में माथा टेका और हवन में पूर्णाहुति भी डाली। रामनवमी के अवसर पर पर्यटन निगम के अध्यक्ष आरएस बाली में विधानसभा के स्थानीय मंदिरों में जाकर भी आशीर्वाद लियामंदिर पहुंचने पर उनका एसडीएम संजीव भोट, मंदिर अधिकारी राकेश चौधरी , ट्रस्ट सदस्य प्रताप रियाड़, राजा अवस्थी, पवन गोस्वामी, स्वामी राम शर्मा, कृष्णा कानूनगो और वरिष्ठ पुजारी ओम व्यास ने मां की चुनरी और फोटो देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा मंदिर में आने वाले यात्री हमारे मंदिरों और प्रदेश की शान है और उन्हें हर तरह की सुविधा यहां मिले यह सुनिश्चित करना हमारा प्रथम दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा मां का आशीर्वाद प्रदेश के समस्त नागरिकों पर बना रहे।

## डीसी ने बज्रेश्वरी मंदिर में टेका माथा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन आस्था का सैलाब दिखा माता की भक्तों से पूरा प्रांगण भरता रहा बाहर तक लंबी कतारें लगीं। हिमाचल और अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालु माता टेकने पहुंचे। उपायुक्त हेमराज बैरवा भी ब्रजेश्वरी मंदिर कांगड़ा में अंतिम चैत्र नवरात्र के दिन माथा टेकने पहुंचे। मंदिर पहुंचने पर उन्होंने सर्वप्रथम माता के दर्शन किए। उसके उपरांत उन्होंने महाशक्तचंडी यज्ञ में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल मंदिर अधिकारी नीलम राणा, मंदिर जेई विजय कुमार, ट्रस्ट सदस्य अशोक हिमाचली, उमाकांत भी पूजा-अर्चना में शामिल हुए। उपायुक्त ने प्रशासन और ट्रस्ट की चैत्र नवरात्र के सफल आयोजन के लिए प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा शक्तिपीठों का जिला है। यहां बज्रेश्वरी मंदिर, ज्वालाजी मंदिर, मां चामुंडा मंदिर, प्रसिद्ध बैजनाथ मंदिर और अनेकों ऐतिहासिक मंदिर हैं। इन सभी मंदिरों में निरंतर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या दर्शन करने आते हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### समाजसेवी चंचल ने छात्रों को बांटे पैन-कापियां

**अनंत ज्ञान, डरोह।** उपमंडल भवारना के गांव वीर गढ़ के समाजसेवी चंचल राणा (अनु) ने राजकीय प्राइमरी स्कूल ढाटी के जरुरतमंद व होनहार बच्चों को पैन और कापियां भेंट कीं। वं विभिन्न स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों की आर्थिक रूप से सहायता करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। बच्चे देश का भविष्य हैं। ये पढ़ेंगे तभी तो आगे बढ़ेंगे। इस कार्यक्रम में प्राइमरी स्कूल के एसएमसी प्रधान निक्का राम, स्कूल के अध्यापक घमन लाल, नवीन गुलेरिया, विनय कटोच, विवेक धीमान, हरबंस सिंह आदि उपस्थित रहे।

### स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल में कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में 6 अप्रैल को कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कल्पना खन्ना तथा तपराय अवस्थी के द्वारा ली गई। इस कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती वंदना द्वारा किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल द्वारा बाहर से आए हुए रिसोर्स पर्सन्ज तथा अध्यापकों का स्वागत किया गया। इस कार्यशाला का विषय मूल्य शिक्षा था। इस कार्यशाला में स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली के साथ बाहर के स्कूलों के अध्यापकों ने भी प्रति भाग लिया। संसाधन व्यक्ति कल्पना खन्ना तथा तपराय अवस्थी ने मूल्य शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मूल्य शिक्षा का अर्थ है नैतिक मूल्यों, सिद्धांतों और व्यवहारों को विकसित करना, ताकि व्यक्ति जिम्मेदार और सार्थक जीवन जी सके, जो समाज के लिए भी उपयोगी हो। यह शिक्षा का वह पहलू है जो छात्रों में नैतिक मूल्यों जैसे ईमानदारी, दया, न्याय, और सम्मान को विकसित करने पर केंद्रित है।इसका उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं है, बल्कि छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है।

### सकोट में रामनवमी के उपलक्ष्य में लगाया लंगर

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर सकोट में स्व. बाबा नौधगिरी की याद में रामनवमी पर विशाल भंडारा लगाया गया। हालांकि यहां शुभ मंगल महोत्सव 31 मार्च से शुरू हो गया था महंत सतीश गिरि ने बताया कि पंडित राजीव शर्मा ने सोमवार को पाठ शुरू कर कलश स्थापित किया। शनिवार 5 अप्रैल को भजन-कीर्तन हुआ। 6 अप्रैल रविवार सुबह नौ बजे पूर्ण आहुति डाली गई तथा उसके बाद विशाल भंडारा लगाया गया, जिसमें दूर-दूर से आए भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### रामनवमी पर डमटाल में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** प्राचीन राम गोपाल मंदिर डमटाल में रामनवमी के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन ने मंदिर में हवन किया गया। उनके साथ एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर ,तहसीलदार तथा अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने आम जनता की शांति के लिए हवन में अपनी आहुतियां डाली। मलेंद्र राजन ने कहा कि भगवान श्री राम आदर्श मूर्ति थे तथा आज भी लोग भगवान श्री राम के आदर्शों पर चल रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने नशे के खिलाफ सभी लोगों को इकट्ठे होकर इस नशे के खिलाफ जंग में इकट्ठे होने का अनुरोध भी किया, ताकि हमारे युवा पीढ़ी इससे सुरक्षित रहे।

### लक्ष्मी-नारायण मंदिर रैत में भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रामनवमी के उपलक्ष्य में श्री लक्ष्मी-नारायण मंदिर रैत में विशाल महायज्ञ तथा भंडारे का आयोजन किया गया मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित विवेक शर्मा ने बताया कि प्रातः विधिवत पूजा अर्चना के उपरांत महायज्ञ का आयोजन किया गया महायज्ञ में सैकड़ों ग्राम वासियों ने पूर्ण आहुति डाली है इस अवसर पर महिलाओं ने भजन कीर्तन भी किया उसके उपरांत मंदिर के प्रांगण में विशाल भंडारा लगाया गया इस धार्मिक समागम में व्यापार मंडल रैत के प्रधान अजीत शर्मा, पंडित दिव्यांशु शर्मा, पंचायत के पूर्व प्रधान राजेंद्र प्रसाद शर्मा, सुशील, सुरेश पटाकू, शगुन नारू, राजेश्वर, वरुण शर्मा, अक्षय महाजन व अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### जयसिंहपुर भाजपा ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर भाजपा मंडल ने पार्टी कार्यालय अप्पर लंबागांव में पार्टी स्थापना दिवस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बड़े उत्साह से मंडलाध्यक्ष जयसिंहपुर देवेंद्र राणा की अध्यक्षता में मनाया। पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। रविंद्र धीमान ने पार्टी को नई दिशा देने और जनसंघ की स्थापना करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि उन जैसी बड़ी आत्माओं ने जो भारत में एक राष्ट्रवाद का बीज बोया, उसे 1980 में अटल बिहारी बाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ने एक पेड़ बना दिया। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने उस पेड़ को वटवृक्ष बना दिया है। उन्होंने कहा कि हम सब भाग्यशाली हैं, जो ऐसी पार्टी में सेवाएं दे रहे हैं, जो राष्ट्रवादी पार्टी है। मंडलाध्यक्ष देवेंद्र राणा ने कहा भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें सामान्य से सामान्य व्यक्ति भी कहीं भी पहुंच सकता है। उन्होंने सबको पार्टी स्थापना दिवस की तथा रामनवमी की बधाई दी। इस कार्यक्रम में महामंत्री राजेश सुग्गा, कैप्टन विलेर, जिला परिषद संजीव ठाकुर, मीडिया प्रभारी हरिदास, अरुण, मनोज सहित बहुत से कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### भाजपा में नहीं चलता परिवारवाद : पवन काजल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** भाजपा मंडल कांगड़ा ने पार्टी का स्थापना दिवस मटौर कार्यालय में मनाया। समारोह दौरान प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष विधायक पवन काजल विशेष तौर पर उपस्थित रहे। काजल ने कहा ईमानदार छवि और गरीब जनता के साथ जुड़ी भारतीय जनता पार्टी अब विश्व की नंबर वन राजनीतिक दल बन गया है। उन्होंने कहा इस पार्टी में परिवारवाद नहीं, बल्कि कार्यकर्ता की काबलियत पर भरोसा जताया जाता है। विश्व की सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर हिमाचल प्रदेश से संबंधित जगत प्रकाश नड्डा काबीज हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने पूरे देश में जीत का परचम फहराया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व के चलते देश में हर धर्म के लोग खुशहाल हैं।

### सुनील मनोचा ने बताया भाजपा का इतिहास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस डॉ. विशाल नेहरिया की अध्यक्षता में पार्टी कार्यक्रम में मनाया। सुनील मनोचा ने पार्टी के इतिहास व इसके विस्तार में विस्तृत चर्चा की। इस उपलक्ष्य पर कांगड़ा के माननीय विधायक सुधीर शर्मा, कांगड़ा-चंबा संसदीय पूर्व कालिक विस्तारक राज पाल, प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी विश्व चक्षु, प्रदेश सचिव विशाल चौहान व सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेलों की शान हैं कुश्तियां : गोमा

## दैहण छिंज अखाड़े के सौंदर्यीकरण के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा

अनंत ज्ञान, पालमपुर

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री, यादविंद्र गोमा ने रविवार को चार दिवसीय ऐतिहासिक दैहण छिंज मेले के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। आयुष मंत्री ने मेले के मुख्य आकर्षण माली के विजेता और उपविजेता को पुरस्कृत किया। आयुष मंत्री ने कहा कि मेले हिमाचल की संस्कृति के अभिन्न अंग हैं और प्रदेश के मेलों की माली (कुश्ती) का अपना स्थान है और अधिकतर मेलों की पहचान कुश्तियों से ही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के मेलों का मुख्य आकर्षण ही छिंज हैं इनमें भारत वर्ष से पहलवान भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि छिंज अखाड़ों को भव्य रूप देने के सरकार प्रयासरत है। उन्होंने छिंज अखाड़े के सौंदर्यीकरण के लिए 15 लाख देने की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि मेलों से लोगों में आपसी भाईचारा और मेल जोल बढ़ता है। उन्होंने दैहण मेला समिति को वर्षों से सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि आपसी भाईचारे के प्रतीक मेले हमारी संस्कृति को संजोए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और संवर्धन के लिये सरकार संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि मेलों में लोग बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं और खरीददारी इत्यादि करते हैं।

इस अवसर पर मेला कमेटी के चैयरमैन संजय सैनी, प्रधान सरिता देवी, उपप्रधान दैहण पंचायत राकेश रिशु, मेला कमेटी के अध्यक्ष गगन कुमार, सचिव विक्रम सिंह, ओपी धीमान, रीता पटियाल, मेला समिति के सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। दैहण छिंज मेला की बड़ी माली में विजेता को 41 हजार और गुर्ज और उपविजेता को 30 हजार दी गई, जबकि छोटी माली में विजेता को 25 हजार तथा गुर्ज और उपविजेता को 16 हजार रुपए की राशि से पुरस्कृत किया गया।



# भारत में मेलों और त्योहारों का विशेष महत्व : कुलभाष

आशीष दमीर, कांगड़ा

छिज मेला कमेटी शमीरपुर देहरियां (बाग) द्वारा दो दिवसीय छिज मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। मेले के समापन अवसर पर जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व पूर्व विधायक संजय चौधरी, भाजपा नेता वीरेंद्र चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मेले बारे जानकारी देते हुए मेला कमेटी के प्रधान सीताराम ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिले को बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है मेले में बाहरी राज्यों से पहलवान अपना जौहर दिखाने के लिए पहुंचे हैं साथियों उन्होंने कहा कि मेले में आसपास की पंचायत के लोग काफी आनंद उठा रहे हैं क्योंकि यहां पर हर प्रकार की दुकान भी लगाई गई है। बच्चों के मनोरंजन के लिए भी यहां पर पूरी व्यवस्था की गई है। मेले में जनता को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि कुलभाष चौधरी ने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां मेले और त्योहार एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये मेले न केवल हमारी संस्कृति और परंपरा को दर्शाते हैं, बल्कि हमारी ऐतिहासिक धरोहर को भी प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले हमारी ऐतिहासिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये मेले हमें हमारे पूर्वजों की कला, संस्कृति, और परंपरा से जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि मेलों का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। हमें इन मेलों को संरक्षित करने के लिए काम करना चाहिए, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी इनका आनंद मिल सके। हमें इन मेलों के आयोजन में सहयोग करना चाहिए और इन्हें बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेलों का भविष्य हमारे हाथ में है। अगर हम इन मेलों को संरक्षित करेंगे और इन्हें बढ़ावा देंगे, तो ये मेले हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण धरोहर बन जाएंगे। हमें इन मेलों को बचाने के लिए काम करना चाहिए, ताकि हमारी संस्कृति और परंपरा जीवित रह सके। (अनंत ज्ञान)

# सुलह के बारी भीखाशाह में मनाया भाजपा का 46वां स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान, सुलह

भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर सुलह विधानसभा क्षेत्र के बारी भीखाशाह स्थित पार्टी कार्यालय में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने की। उन्होंने ध्वजारोहण कर संगठन की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

इस अवसर पर संगठनात्मक जिला पालमपुर की अध्यक्ष रागिनी रूकवाल, भवारना मंडल के अध्यक्ष हंसराज चौधरी, थुरल मंडल के अध्यक्ष विकाश धीमान और मंडलों के महामंत्री और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। महिला मोर्चा की सक्रिय भागीदारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया। अपने संबोधन में विपिन सिंह परमार ने कहा, 'स्थापना दिवस न केवल हमारी पार्टी के गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता है, बल्कि यह भविष्य के लिए प्रेरणा भी देता है। हमें मिलकर पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाना है और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी है।' कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने नेता जी का गर्मजोशी से स्वागत किया और संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। ध्वजारोहण के बाद देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और जलपान के साथ हुआ।

## कल से शुरू होगी गेहूं की खरीद

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** हिमाचल प्रदेश खाद्य आपूर्ति निगम इस बार किसानों से महंगे दामों पर गेहूं की खरीद करेगा। इस वर्ष गेहूं अधिक दाम पर खरीदी जाएगी। बीते वर्ष निगम ने 2275 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं की खरीद की थी। इस बार 2425 रुपए गेहूं खरीदा जाएगा। प्रदेश सरकार ने इस बार 3000 मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का फैसला लिया है। प्रदेश मे सरकार ने हमीरपुर, कांगड़ा, ऊना, सिरमौर और सोलन पांच जिलों में 10 सेंटर बनाए हैं। सबसे बड़े कांगड़ा जिले में चार केंद्र बनाए गए हैं। खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के निरीक्षक तरुण सुद ने बताया कि जिला कांगड़ा की फल सब्जी व अनाज मंडी फतेहपुर, अनाज मंडी रियाली, मिलवा व नगरोटा बगवां में 8 अप्रैल से 15 जून तक किसानों से गेहूं की खरीद की जाएगी।

# अमनी स्कूल के स्टूडेंट्स ने सीखे आपदा बचाव के तरीके



शिवू ठाकुर, कोटला

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमनी स्कूल में प्रधानाचार्य विजय कुमार की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन अधिकारी राजिंद्र सिंह द्वारा कांगड़ा भूकंप की 120वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में स्कूली बच्चों को भूकंप से संबंधित विभिन्न प्रकार की मॉक ड्रिल करवाई गई। आपदा के दौरान घायल हुए छात्र व छात्राओं को फर्स्ट एड ड्रिल के माध्यम से फर्स्ट एड दी गई। इस कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन अधिकारी राजिंद्र सिंह द्वारा आपदा का अर्थ एवं आपदा से पहले, आपदा के दौरान एवं आपदा के बाद बचाव हेतु विभिन्न जानकारी बच्चों के साथ साझा की। कार्यक्रम में समस्त स्कूल स्टाफ सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में 50 के करीब छात्र और छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की व स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

## 24 सिख रेजिमेंट का जवान लापता

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक 24 सिख रेजिमेंट का एक जवान एकदम से लापता हो गया है। जवान के लापता सूचना मिलते ही उसके परिवार सदस्य, सेना और पुलिस तुरंत तलाश में जुट गए। वहीं, जवान का टूटा हुआ मोटरसाइकिल, चप्पलें कोटली नहर किनारे मिली, जो जवान के कत्ल की तरफ इशारा करती थी। हालांकि अभी तक जवान जिंदा है या मृतक इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। लापता जवान की पहचान हरपिंदर सिंह 35 वर्षीय पुत्र कश्मीर सिंह निवासी गांव जगतपुर के रूप में हुई है। जानकारी देते हुए लापता सैनिक के चचेरे भाई कुलजीत सिंह ने बताया कि 3 अप्रैल शाम 4 बजे हरपिंदर सिंह घर से मोटरसाइकिल ठीक करवाने के लिए निकला था। उसके बाद वे घर नहीं लौटा।

# मोहिंद्र को चुना हिमालयन गद्दी यूनियन का अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमालयन गद्दी यूनियन हिमाचल प्रदेश के लगातार तीसरी बार मोहिंद्र सिंह को सर्वसहम्मति से अध्यक्ष चुना गया। धर्मशाला के कश्मीर हाउस में राज्य अध्यक्ष के चुनाव को लेकर प्रक्रिया पूरी की गई, जिसमें सर्वसम्मति से मोहिंद्र सिंह को अध्यक्ष चुना गया।

इसके साथ ही अब गद्दी समुदाय की हिमालयन गद्दी यूनियन की कार्यकारिणी का भी जल्द ही गठन किया जाएगा। एक बार फिर से गद्दी समुदाय की गद्दी शब्द से वंचित छह उप-जातियों के साथ गद्दी शब्द जोड़ने को लेकर जोर-शोर से अभियान चलाया जाएगा। तीसरी बार अध्यक्ष बनने के बाद मोहिंद्र सिंह ने ऐलान कर दिया है कि अब वंचित गद्दी समुदाय की ओर से अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए बड़ा अभियान चलाया जाएगा, जिससे प्रदेश सरकार व संबंधित अधिकारियों को उनके अधिकारों को जल्द वापिस लौटाना होगा। उन्होंने कहा कि हिमालयन गद्दी यूनियन की कांगड़ा-चंबा के ब्लॉक स्तर पर संगठन का विस्तार कर कार्यकारिणी बनाई गई है। अब जल्द ही राज्य कार्यकारिणी बनाकर आगामी की लड़ाई लड़ी जाएगी।

# सरकार का स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करने पर फोकस : बुटेल

अनंत ज्ञान, पालमपुर

आईएमए पालमपुर और कपिला इमेजिंग सेंटर द्वारा शनिवार देर सायं पालमपुर एक निजी होटल में सीएमई का आयोजन किया गया। सीएमई में मुख्यातिथि के रूप में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार नवाचार, डिजिटल टेक्नोलॉजी, एवं गवर्नेंस (कैबिनेट रैंक) गोकुल बुटेल ने शिरकत की। कार्यक्रम में सीएमओ कांगड़ा डॉ. राजेश गुलेरी विशेष रूप में उपस्थित रहे। फेटल इमेजिंग पर आयोजित सीएमई में जिला के सरकारी तथा निजी अस्पतालों के वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भ्रूण इमेजिंग, ग्रोथ, डॉपलर, भ्रूण मस्तिष्क और प्रौद्योगिकी अपडेट के मूल विषय पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी साझा की गई। गोकुल बुटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया है और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ढांचागत सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के सभी मेडिकल कॉलेजों में दिल्ली एम्स की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी और इसके लिए एक साल में स्वास्थ्य के ढांचे में सुधार लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों में आधुनिक उपकरण लगाने के साथ डॉक्टरों और नर्सों के खाली पद भरे जा रहे हैं।

**समारोह** प्रताप वर्ल्ड स्कूल में कन्वोकेशन, अचीवर्स एवं स्कॉलरशिप सेरेमनी आयोजित

# मेधावियों को 5 लाख रुपए की स्कॉलरशिप वितरित

अशोक ठाकुर, पठानकोट

प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट द्वारा केजी के छात्रों की शैक्षणिक यात्रा का उत्सव मनाने हेतु एक भव्य कन्वोकेशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अचीवर्स एवं स्कॉलरशिप सेरेमनी भी आयोजित की गई, जिसमें 5 लाख रुपए की स्कॉलरशिप वितरित की गई। इस विशेष अवसर पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, सोपोर रमेश लाल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे और गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में आरपीएस वालिया, पीसीएस (सेवानिवृत्त), मैनेजिंग ट्रस्टी, जागृति फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।




कार्यक्रम के दौरान, कन्वोकेशन गाउन पहने नन्हे स्नातकों ने उत्साह और आनंद के साथ मंच पर आकर अपनी प्रगति व उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र प्राप्त किए। यह आयोजन प्रताप वर्ल्ड स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो प्रारंभिक शिक्षा में छात्रों की शैक्षणिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास को मजबूती प्रदान करता है। रमेश लाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'प्रारंभिक शिक्षा बच्चे के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रताप वर्ल्ड स्कूल इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है।' वहीं, गेस्ट ऑफ ऑनर आरपीएस वालिया ने कहा, 'विद्यालय की समग्र शिक्षा प्रणाली को देखकर मन प्रसन्न हो गया। ये नन्हे बालक हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं।' वहीं, प्रधानाचार्या शुभ्रा रानी ने कहा, 'कन्वोकेशन केवल प्रमाण पत्र प्राप्त करने का अवसर नहीं होता, बल्कि यह एक बच्चे की सीखने की यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। हमें अपने इन होनहार बच्चों की प्रगति पर गर्व है।' (अनंत ज्ञान)

# बस किराया बढ़ाकर लोगों की जेब पर डाला डाका : चक्षु

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश में बसों का न्यूनतम किराया दोगुना कर राज्य की सुक्खू सरकार ने एक बार फिर से आम लोगों की जेब पर डाका डाला है। यह बात प्रदेश भाजपा के मीडिया सह-प्रभारी विश्व चक्षु ने कही। उन्होंने प्रदेश सरकार के इस कदम की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए उसे वापस लिए जाने की बात रखी है। विश्व चक्षु ने कहा कि आज प्रदेश में आम वर्ग पहले से ही सुक्खू सरकार के अव्यवस्था व फैसलों से दुखी है। अब आम वर्ग को दिहाड़ी-मजदूरी, दूध-सब्जी बेचने वाला आम वर्ग है, वह अपने आस-पड़ोस में बसों से पहुंचने को मात्र दो से तीन किलोमीटर के भी पांच रुपए से सीधे 10 रुपए अदा करेगा, जिससे उसका मासिक बजट हिल जाएगा। चक्षु ने कहा कि अपने मंत्रियों-मित्रो के वेत्तन-भत्तो में तो कटौती करने की बजाय उन्हें लगातार बढ़ाया जा रहा है, जबकि प्रदेश के आम जनता को लगातार परेशान किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी विश्व चक्षु ने बसों के न्यूनतम किराए को दोगुना करने के सरकार के फैसले की निंदा करते हुए इसे आमजन विरोधी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मध्य और गरीब परिवार के यात्रा का एकमात्र साधन ही सरकारी और निजी क्षेत्र की बसें हैं। उनके न्यूनतम किराये वृद्धि करने से हर परिवार पर हर महीने कम से कम हजार रुपए से ज्यादा का बोझ पड़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### नेरवा में युवती ने फंदा लगा कर दी जान

**अनंत ज्ञान,चौपाल/नेरवा।** नेरवा तहसील के अंतर्गत दवडडा में एक युवती ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। जानकारी के अनुसार दवडडा में एक निजी मकान में किराए के कमरे में रह रही गांव चफलाह ,डाकघर धबास,तहसील चौपाल निवासी युवती रविवार सुबह अपने कमरे में मृत पाई गई। पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने किसी पर भी शक जाहिर नहीं किया है। पुलिस ने मकान मालिक, युवती के परिजनों और होटल स्टाफ के ब्यान कलमबद्ध कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु आईजीएमसी शिमला भेज दिया है। उधर,नेरवा थाना में मामला दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है ।

### चेतन ने कोटखाई में फहराया भाजपा का झंडा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को कोटखाई में अपना स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कोटखाई स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में पार्टी का झंडा फहराया। इस मौके पर भाजपा की स्थापना करने वाले नेताओं को याद करते हुए चेतन बरागटा ने कहा कि खुद को तिल-तिल जलाकर भाजपा को वटवृक्ष बनाने वाले सभी महापुरुषों को वो नमन करते हैं।

### भाजपा मंडल ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**दशमी रावत, रोहड़ू।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को विधानसभा क्षेत्र रोहड़ू के भाजपा कार्यालय में रोहड़ू मंडल व छौहारा मंडल के कार्यकर्ताओं ने ध्वज फहराकर बीजेपी फार विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शशि बाला भी विशेष रुप से मौजूद रही। इस दौरान रोहड़ू मंडल के अध्यक्ष विजय मेहता एवं छौहारा मंडल की अध्यक्ष आशा खाची रिठवाण मौजूद रही। वहीं भाजपा मंडल रोहड़ू के महामंत्री अरुण कुल्ला व राजा मेहता एवं छौहारा मंडल के महामंत्री राज कुमार व मेघ क्यालटू सहित कई मौजूद रहे।

### कुमारसैन में रामनवमी पर निकाली प्रभातफेरी

**अनंत ज्ञान, कुमारसैन।** उपमंडल मुख्यालय कुमारसैन में रविवार को रामनवमी का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। अगला बाजार, मुख्य बाजार, मतेवग, बस अड्डा होते हुए श्रीराम मंदिर पर आकर प्रभात फेरी का समापन हुआ। इसके उपरांत मुख्य राम जन्मोत्सव श्रीराम मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन के साथ मनाया गया। रामनवमी के मौके पर काली माता मंदिर डिगाधार में विशाल भंडारा किया गया। इसके अलावा आदिशक्ति दिनभर भक्तों का तांतालगा रहा। देवी मंदिर कचेड़ी में भी दिनभर भक्तों का ताता लगा रहा।

### क्रिटिकल केयर ब्लॉक से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सुदृढ़

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** जिला शिमला के नागरिक अस्पताल रोहड़ू में 25 करोड़ रुपए की लागत से क्रिटिकल केयर ब्लॉक की स्थापना करने की मंजूरी मिल गई है। सचिवालय में शनिवार को आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। जिला शिमला प्रधान परिषद के अध्यक्ष बंटी (ललित ) कायथ ने बताया कि रोहड़ू में क्रिटिकल केयर ब्लाक की स्थापना होने से नागरिक अस्पताल रोहड़ू में स्वास्थ्य सेवाएं और सुदृढ़ होंगी। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने सीएम सुक्खू एवं विधायक मोहन लाल ब्राक्टा का आभार व्यक्त किया है।

### युवाओं के लिए युकां लगाएगी जॉब फेयर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश युवा कांग्रेस की राज्य कार्यकारिणी बैठक का आयोजन शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में हुआ। इस बैठक में प्रदेश युवा कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष छत्तर ठाकुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय महासचिव व राज्य प्रभारी विनीत कम्बोज और राष्ट्रीय सचिव व राज्य सह प्रभारी योगेश हांडा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राज्य प्रभारी विनीत कम्बोज ने पदाधिकारियों के अब तक के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की और आगामी रणनीतियों व कार्यक्रमों पर चर्चा की। विशेष रूप से बैठक में मोबाइल ऐप 'विद आईवाईसी' के संचालन और प्रबंधन पर जानकारी दी गई। छत्तर ठाकुर ने बताया कि युवा कांग्रेस प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को नौकरी और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए बड़े पैमाने पर जॉब फेयर का आयोजन करेगी। इस जॉब फेयर में प्रदेश के युवाओं को विभिन्न नेशनल और मल्टीनेशनल कंपनियों से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# शिमला में बनेगा बहुउद्देश्यीय परिसर

## मुख्यमंत्री ने की योजना की समीक्षा, 14 बीघा भूमि पर दो चरणों में होगा निर्माण

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सचिवालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में शिमला के सब्जी मंडी क्षेत्र में प्रस्तावित नए भव्य परिसर के विकास की समीक्षा की गई। परिसर में शिमला नगर निगम के कार्यालय सहित शॉपिंग कॉम्पलेक्स, होटल, आवासीय फ्लैट, दुकानें, पार्किंग और कई अन्य सुविधाएं शामिल होंगी। इस बहुउद्देश्यीय परियोजना का उद्देश्य शहरी बुनियादी अधोसंरचना का विस्तार कर शहर में पर्यटन को बढ़ावा देना है।



### नया परिसर शिमला के विकास में मील का पत्थर होगा साबित: महापौर

**शिमला** नगर निगम के महापौर सुरेन्द्र चौहान ने शिमला शहर के लिए इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नया परिसर शिमला के विकास में मील पत्थर साबित होगा। इससे लंबे समय से चली आ रही स्थानीय समस्याओं का समाधान होगा और राजधानी की पर्यटन क्षमताओं के विस्तार में मदद मिलेगी।

इस परिसर का निर्माण लगभग 14 बीघा भूमि पर दो चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में लगभग 4 लाख वर्ग फुट पर तथा दूसरे चरण में लगभग 1.40 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में निर्माण कार्य किया जाएगा। राज्य सरकार पहले चरण के निर्माण कार्य के लिए लगभग 200 करोड़ रुपये प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पहले चरण के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत क्षेत्र में कर्मचारियों के लिए कॉलोनी का भी पुनर्विकास किया जाएगा। परिसर के निर्माण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह पहल शिमला के शहरी परिदृश्य के सौंदर्यीकरण में सहायक सिद्ध होगी।उन्होंने शिमला नगर निगम को परियोजना का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय निवासियों के साथ संवाद करने के लिए भी कहा।

# अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ: विक्रमादित्य सिंह



**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

**शिमला** ग्रामीण के सुन्नी क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने और क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार युद्ध स्तर पर कम कर रही है। प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। यह बात लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सुन्नी में आयोजित रोटरी क्लब शिमला और नगर परिषद सुन्नी के सौजन्य से बहुउद्देशीय चिकित्सा जांच शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही।

उन्होंने रोटरी क्लब के पदाधिकारियों और संस्था की पहल की सराहना करते हुए कहा कि संस्था द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करवाना अपने आप में एक नई पहल है और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को हर सुविधा मिले इसके लिए प्रदेश सरकार भी वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुन्नीवासियों को पीने के पानी की किल्लत न ही उसके लिए लगभग 25 करोड़ की लागत से पानी की योजना का कार्य लगभग पूरा होने को है जिसका लगभग 75 फीसदी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। दो-तीन महीनों में योजना का लोकार्पण किया जाएगा।

### शिविर में 500 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**सुन्नी** स्कूल में आयोजित चिकित्सा जांच शिविर में कई ग्रामीणों ने अपनी चिकित्सा की जांच करवाई। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा नेत्र, शल्य चिकित्सा, दंत रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग और औषधीय रोग की जांच की तथा रोगियों ने रक्त जांच भी करवाई। इस दौरान लगभग 500 रोगियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस दौरान समस्त रोगियों को दवाइयां भी वितरित की गई और रोगियों के आभा कार्ड भी बनाए गए ।

# किसान मोर्चा ने प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक मनाया 40वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के स्थापना दिवस पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश से लेकर मंडल स्तर के सभी कार्यकर्ताओं ने रविवार को पार्टी का 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार किसान मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया और अपने-अपने घरों पर परिवार सहित पार्टी का ध्वज फहराया। यह जानकारी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा ने जारी बयान में दी। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर अपने-अपने बूथों पर जाकर भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए।

# प्राइवेट बस ऑपरेटरों को फायदा देने के लिए बढ़ाया बसों का किराया: जगत राम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सीपीआईएम** लोकल कमेटी शिमला ने हिमाचल सरकार द्वारा कैबिनेट मीटिंग में बसों का न्यूनतम किराया 10 रुपए करने की कड़े शब्दों में निंदा की है। सीपीआईएम लोकल कमेटी सचिव जगत राम ने आरोप लगाया की न्यूनतम बस किराए में दुगनी वृद्धि प्राइवेट बस ऑपरेटरों को फायदा पहुंचाने के लिए की गई है। प्राइवेट बस ऑपरेटर न्यूनतम बस किराया 10 रुपए करने की मांग कर रहे थे।

सरकार ने प्राइवेट बस ऑपरेटरों के आगे घुटने टेक कर जनता पर भारी आर्थिक बोझ डाला है। बढ़ती महंगाई ने पहले ही जनता का जीना मुश्किल कर रखा है। पहली अप्रैल से शहर में पानी व गार्बेज के बिलों में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश सरकार महंगाई को रोकने के बजाय महंगाई बढ़ने का काम कर रही है।

### बस किराया वापस नहीं लिया तो होगा आंदोलन

**सीपीएम** लोकल कमेटी मांग की है कि बस किराए में की गई बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए। पानी व गार्बेज के बिलों में कि गई बढ़ोतरी को भी वापस लिया जाए। यदि सरकार ने बसों के किराए में की गई बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया तो सीपीएम लोकल कमेटी शिमला में आंदोलन शुरू करेगी ताकि सरकार को किराए में की गई बढ़ोतरी को वापस लेने के लिए मजबूर किया जा सके।

# डीपी मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी ठियोग ने जीती

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** सुन्नी के करयाली में डीपी मेमोरियल अंडर-19 ब्वॉयज क्रिकेट चैंपियनशिप का समापन रविवार को हुआ। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ठियोग स्पार्टन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच को ड्रॉ कराया। उसके बाद खराब रोशनी के कारण बाल आउट करवाया गया। इसमें ठियोग टीम विजेता रही। इस मौके पर जुणी पंचायत के पुर्व प्रधान ओमप्रकाश ने विजेता टीम को ट्राफी के साथ 22000 की नकद राशि व उपविजेता टीम को ट्राफी के साथ 11000 रुपए की नकद राशि प्रदान की गयी इस दौरान ब्वायज सेक्शन में बेस्ट बालर पीयूष, बेस्ट बेट्स मैन साहिल बेस्ट फिल्डर साहिल चौहान व बेस्ट विकेट कीपर ट्राफी के साथ 500 रुपए की नकद राशि और बल्लेबाज साहिल को मैन ऑफ द सीरीज ट्राफी के साथ 1500 रुपए की नकद देकर सम्मानित किया।

# नप ने अतिक्रमण हटाने के लिए दिया अल्टीमेटम

## रामपुर में अवैध रूप से लगाई दुकानें व एनएच-5 से हटेगा अतिक्रमण

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर**

**रामपुर** बाजार के रास्तों में जगह-जगह जिन अतिक्रमणकारियों ने अपनी दुकानें सजा रखी है उन्हें नगर परिषद जल्द ही हटाने का मन बना रही है। कई लोगों ने सब्जी की दुकान लगा रखी है। वहीं कुछ दुकानदारों ने दुकानों से बाहर चारपाईयों पर सामान सजा रखा है। इससे येलो लाइन का नामो निशान तक नजर नहीं आता है।

एनएच किनारे भी लोगों ने रेहडी फड़ी लगा रखी है। इस समस्या को लेकर कई बार लोगों ने नगर परिषद से सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई थी और अवैध रूप से लगाई गई दुकानों को हटाने की मांग भी की गई थी। अब नगर परिषद अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई के मूड में नजर आती है। नगर परिषद रामपुर के कार्यकारी अधिकारी बी आर नेगी ने बताया कि नगर परिषद रामपुर में अनाधिकृत रूप से अपनी दुकान लगाकर बैठे दुकानदारों को नोटिस जारी करके 7 दिन का अल्टीमेटम दे दिया है।

### दुकानदारों से वसूला होगा दुकानें हटाने का खर्चा

**नगर** परिषद ने दुकानदारों को नोटिस की प्रतिलिपि दे दी है। 7 दिन के बीच अनाधिकृत रूप से लगाई गई दुकानों को नहीं हटाया जाता है तो उनके खिलाफ प्रदेश नगर परिषद अधिनियम 1994 की धारा 184 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दुकानों को हटाने के लिए खर्च भी दुकानदारों से ही वसूला जाएगा। रामपुर शहर में अतिक्रमण को लेकर नप ने अब सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है।

### दूसरे स्थान पर की जाए दुकानों की व्यवस्था

**रेहडी-फड़ी** लगाने वालों सब्जी विक्रेता अमन वर्मा, सेवा दासी, जूनी देवी और रेवती ने बताया कि नगर परिषद ने दुकान हटाने के लिए 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है जो तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने नगर परिषद रामपुर से मांग की है कि अन्य स्थानों पर दुकानों की व्यवस्था की जाए तो वे वहां से चले जाएंगे। फिलहाल इस समय रोजी रोटी का सवाल है। इस समय उन्हें परेशानी हो रही है, नगर परिषद रामपुर ने ही रास्ता नाप कर उन्हें दुकान दी है।

# शाहतलाई में उमड़ा पौणाहारी के भक्तों का सैलाब

## चैत्र मेले के अंतिम रविवार को 50 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, अब तक चढ़ा 93 लाख का चढ़ावा

**गोपाल कपिल, झंडूता**




प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई एक बार फिर श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बन गया है। 14 मार्च से आरंभ हुए वार्षिक मेले में अब तक लाखों श्रद्धालु बाबा जी के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं। यह मेला 14 अप्रैल 2025 तक चलेगा और हर दिन श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। चैत्र मेले के अंतिम रविवार को श्रद्धालुओं का भारी सैलाब उमड़ा। अनुमानित पचास हजार श्रद्धालुओं ने रविवार को बाबा बालक नाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यहां देश के विभिन्न राज्यों पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान से बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर वर्ष मेले के दौरान पहुंचते हैं। इसके साथ साथ विदेशों से भी भक्त बाबा बालक नाथ के दर्शनों हेतु शाहतलाई आते हैं, जिससे यह स्थल अंतरराष्ट्रीय श्रद्धा केंद्र बनता जा रहा है।

> **अब तक करीब 25 लाख श्रद्धालु कर चुके हैं बाबा जी के दर्शन**

सहायक मेला अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि मंदिर न्यास द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। लंगर की उचित व्यवस्था की गई है, जिससे आने जाने वाले हर श्रद्धालु को भोजन उपलब्ध हो सके। सहायक मेला अधिकारी राजेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 अप्रैल तक मंदिर में कुल 93 लाख 37 हजार 408 रुपए का नकद चढ़ावा दर्ज किया गया है। अनुमान के अनुसार अब तक करीब 25 लाख श्रद्धालु मंदिर में बाबा जी के दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। मेला परिसर में सुरक्षा, स्वच्छता और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, जबकि जगह-जगह स्ववंसेवकों और पुलिस बल को तैनात किया गया है।

मंदिर प्रांगण में स्वास्थ्य शिविरों की व्यवस्था भी की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। मेले के दौरान भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हो रहा है, जिससे माहौल संगीतमय और भक्तिमय बना हुआ है। दुकानदारों के लिए भी यह मेला एक सुनहरा अवसर लेकर आया है, क्योंकि हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालु स्थानीय उत्पादों और प्रसाद की खरीददारी कर रहे हैं। मेले के अभी कई दिन शेष हैं और अनुमान है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और चढ़ावे की राशि में और भी इज़ाफा होगा। बाबा बालक नाथ जी की कृपा से यह धार्मिक आयोजन हर वर्ष और भी अधिक भव्यता के साथ संपन्न होता जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# चरस तस्करी का तीसरा आरोपी कुल्लू से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हाल ही में झंडूता बाजार से पकड़ी गई 731 ग्राम चरस के मामले में झंडूता पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान टिकम राम पुत्र मक्की राम, निवासी गांव मझाण, तहसील सैंज, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। आरोपी को झंडूता पुलिस की टीम ने बड़ी मुश्किल से कुल्लू के सैंज क्षेत्र से दबोचा है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार, एएसआई अश्वनी कुमार, दिनेश कुमार, गृहरक्षक कुनाल और गोपाल शर्मा शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। इस मामले की पुष्टि पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने की है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अन्य आरोपियों की धरपकड़ भी जारी है और पुलिस गहनता से जांच कर रही है।

# महिला व पुरुष से 1 किलो 246 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत आते गांव रक्कड़ में शनिवार देर रात पुलिस की टीम ने साथ रह रहे एक महिला व पुरुष के घर पर गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर 1 किलो 246 ग्राम चरस बरामद की है। इस मामले में पकड़ा गया पुरुष आरोपी रक्कड़ व महिला आरोपी गांव खड़ौता की बताई जा रही है। इस संदर्भ में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को इन दोनों आरोपियों के चरस के कारोबार में संलिप्त होने से संबंधित गुप्त सूचना मिली थी। मामले की पुष्टि पुलिस जिला कांगड़ा की एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने की है।

# हेल्थ कैंप में जांचा 109 लोगों का स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** सत्य साई सेवा संगठन द्वारा उपमंडल झंडूता की ग्राम पंचायत मातला स्थित चामुंडा माता मंदिर पसोल के प्रांगण में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. कृष्णानंद, डॉ. राहुल, डॉ. कश्मीर मिन्हास तथा डॉ. अंकुश ने अपनी सेवाएं देते हुए स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाईं। इस अवसर पर संगठन के जिला प्रधान प्यारे लाल जनेऊ ने बताया कि सत्य साई सेवा संगठन समय-समय पर ऐसे पिछड़े क्षेत्रों में, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता है। इन शिविरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान करती है। शिविर में कुल 109 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान राजेंद्र ठाकुर, विजय संख्यान, राकेश कुमार, मनोज कौशल, दिला राम, भूरी सिंह, आरव गौतम, सुनील कुमार, पूनम, सुनीता, सत्या देवी और संतोष संख्यान सहित कई अन्य सेवाभावी लोग उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन पर स्थानीय लोगों ने सत्य साई सेवा संगठन का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा ने झंडूता में मनाया 46वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** भाजपा का 46वां स्थापना दिवस रविवार को पार्टी के झंडूता कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का झंडा फहराने के बाद मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा करवाया। 'जय श्रीराम' के उद्घोषों के बीच उन्होंने कार्यकर्ताओं को रामनवमी पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए रोहल पंचायत के नेरी गांव निवासी सूबेदार पवन कुमार भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए। जीतराम कटवाल ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर और मिठाई खिलाकर भाजपा परिवार में शामिल किया। अपने संबोधन में जीतराम कटवाल ने कहा कि भाजपा की विचारधारा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' पर आधारित है। यह एक ऐसा राजनीतिक संगठन है, जो अपने राष्ट्रवादी दृष्टिकोण, सांस्कृतिक मूल्यों तथा विकसित भारत के विचार के लिए जाना जाता है।

# ग्रीष्मोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में मोहम्मद इरशाद करेंगे लोगों का मनोरंजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं सीर खड्ड के किनारे पांच से नौ अप्रैल तक चलने वाले राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में एमएच वन के लोकप्रिय सिंगिंग रियलिटी शो आवाज पंजाब दी के गायक मोहम्मद इरशाद स्टार कलाकार रहेंगे। मोहम्मद इरशाद अपनी दमदार आवाज और भावनात्मक गायकी के लिए जाने जाते हैं। वे पंजाब और हिमाचल में खासा लोकप्रिय चेहरा बन चुके हैं और उनकी प्रस्तुतियों को युवाओं में खासा पसंद किया जाता है। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष उप मंडल अधिकारी गौरव चौधरी ने जानकारी दी कि 7 अप्रैल की संध्या को सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत इरशाद की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेगी। इसके लिए भव्य मंच तैयार किया जा रहा है और स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। मेला समिति ने क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया है कि वे इस अवसर पर अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं और इस सुरमयी शाम का आनंद लें।

मेले के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। स्कूली बच्चों के लिए विशेष खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। राजेश धर्माणी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले की सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जाएं और विशेष रूप से सुरक्षा, स्वच्छता और यातायात प्रबंधन पर ध्यान दिया जाए।

आपको बता दें कि राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं का गत दिवस विशेष पहल के तहत जिले के तीन सम्मानित स्वतंत्रता सेनानियों सहज राम शर्मा, शंकर दास वर्मा और भाग सिंह द्वारा शुभारंभ किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरी नियोजन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने की थी। ग्रीष्मोत्सव 9 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, खेलकूद प्रतियोगिताएं और जन जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है।

**जागरूकता**

## सामाजिक संस्था संस्कार सोसायटी ने दधोल खुर्द में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

# नशे के खिलाफ आज नहीं जागे, तो हो जाएगी देर: धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान के अंतर्गत घर-गांव जागरूकता की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए घुमारवीं की अग्रणी सामाजिक संस्था संस्कार सोसायटी ने दधोल पंचायत के गांव दधोल खुर्द में एक बैठक का आयोजन किया और स्थानीय लोगों के साथ नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक

महेंद्र धर्माणी ने चिट्टा जैसी गंभीर समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों से नशे के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि नशा बेचने वालों की जानकारी तत्काल पुलिस को दी जानी चाहिए, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी चिंता जताई कि जब आम लोग चिट्टा बेचने वालों को पहचान सकते हैं, तो फिर पुलिस को यह जानकारी क्यों नहीं होती? उन्होंने पुलिस की भूमिका को संदिग्ध बताया और कहा कि कुछ पुलिसकर्मी नशे के सौदागरों से मिलीभगत कर समाज को गुमराह कर रहे हैं। धर्माणी ने कहा कि जब एक जागरूक नागरिक ने नशे के खिलाफ मुहिम में सहयोग किया तो कुछ भ्रष्ट पुलिस कर्मचारियों ने उसकी पहचान उजागर कर दी, जोकि अत्यंत शर्मनाक व निंदनीय है। उन्होंने पुलिस विभाग से अपेक्षा की कि ऐसे मामलों में गंभीरता से कार्रवाई की जाए और नशा तस्करों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। कार्यक्रम में धर्माणी ने गांव के बुजुर्गों से विशेष आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं और अपनी युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचाने में अपना योगदान दें।

धर्माणी ने कहा कि यदि किसी घर का बच्चा नशे की गिरफ्त में आ जाए तो उसे डराने या बहिष्कृत करने की बजाय उसकी काउंसलिंग कर, सही दिशा में लाना आवश्यक है। संस्था अब तक घुमारवीं क्षेत्र के 8000 से अधिक लोगों से प्रत्यक्ष संपर्क कर उन्हें जागरूक करने में सफल रही है। महेंद्र धर्माणी ने सभी से इस अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ आज नहीं जागे, तो कल बहुत देर हो जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा ने मनाया 46वां स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस को राष्ट्रभक्ति, संगठन और सेवा के संकल्प को दोहराते हुए धूमधाम से मनाया गया। भाजपा मंडी जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने भाजपा जिला मंडी के सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। निहाल ने कहा कि आज पूरे जिला के कार्यकर्ताओं ने भाजपा का झंडा लहराकर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया।

### हील एंड हसल मैराथन में साहिल प्रथम

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** लाल बहादुर शास्त्री सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में ग्लोबल संगठन का इंडियन मेडिकल स्टूडेंट्स द्वारा 'हील एंड हसल मैराथन' का आयोजन गया। इस प्रेरणादायक और स्वास्थ्यवर्धक पहल का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. डीके वर्मा द्वारा ध्वज दिखाकर किया गया। इस मैराथन के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिनमें से शीर्ष विजेताओं को सम्मानित किया गया। मेडिको श्रेणी में साहिल गर्ग ने प्रथम, तनिष सिंह चौहान ने द्वितीय तथा वरुण ब्रार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### द्विसत्रीय साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन

**भीम बसेड़, महादेव।** मेलों के अवसर पर देव मेला कमेटी सुंदरनगर एवं भाषा संस्कृति विभाग मंडी के सौजन्य से सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद सुंदरनगर द्वारा गर्ल्स स्कूल सुंदरनगर में द्विसत्रीय साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पहले सत्र में सुशील पुंडीर की अध्यक्षता में किए गए कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ विजय विशाल ने वर्तमान समय में लेखकों की भूमिका शीर्षक से पत्र पढ़ा जिसे चिंतनशील पत्र बताते हुए जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी सहित परिषद अध्यक्ष डॉ गंगा राम राजी, सुशील पुंडीर, डॉ लीलाधर वात्स्यायन, सुरेन्द्र मिश्रा ने सारगर्भित टिप्पणी की।

### सम्मान सत्कार के साथ तुंगल महोत्सव संपन्न

**अनंत ज्ञान, कोटली।** तुंगल कला मंच कोटली द्वारा आयोजित दो दिवसीय तुंगल महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। सेवानिवृत्त न्यायवादी नेत्र सिंह कटोच ने समापन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बद्री सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि ने 25000 रुपए की राशि भेंट की। आयोजकों की ओर से अतिथियों का ढोल नगाड़ों व फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मंच संस्थापक प्रशांत मोहन, अध्यक्ष भुवनेश ठाकुर, सचिव पवन कुमार, हरि सिंह ठाकुर, चमन लाल, अरूण कुमार, परमानंद, लच्छमण दास, जोध सिंह, नरेश ठाकुर आदि ने शाल टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथियों को सम्मानित किया।

### धूमधाम से मनाया रामनवमी का पर्व

**अनंत ज्ञान, महादेव।** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन यानि सनातनी पर्व रामनवमी के शुभ अवसर पर क्षेत्र भर में शक्ति की पूजा अर्चना एवं कन्या पूजन कर श्रद्धालुओं ने शीश नवाकर मन्नत मांगी और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। इसके साथ ही विशाल भंडारों के चलते दैवी शक्ति मंदिरों -परिसरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही यही नहीं खासकर गांव कनैड के राम मंदिर तथा बी एस एल (बी बी एम बी) कालौनी के लक्ष्मी नारायण मंदिर में दिनभर भक्तों को आना लगा रहा।

### सांसद कंगना के दौरे को लेकर बनाई रणनीति

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत के सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित जनसंपर्क अभियान को लेकर भाजपा मंडल सरकाघाट की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर की अध्यक्षता में विश्राम गृह सरकाघाट में संपन्न हुई। बैठक में सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित हुए। जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति तैयार की गइ। बैठक में कार्यक्रमों को लेकर आगामी शेड्यूल तय किया। पहला कार्यक्रम 10 अप्रैल को मौंही में आयोजित होगा। इसके तुरंत बाद शिव मंदिर सरकाघाट में दूसरा कार्यक्रम संपन्न होगा। भदरोता क्षेत्र के गौंटा में तीसरे कार्यक्रम का आयोजन होगा। सभी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश चरम पर है।

# 160 लाख से बनी उठाऊ सिंचाई योजना का लोकार्पण

## भटियात विस में जल शक्ति विभाग की विभिन्न परियोजनाओं पर व्यय होंगे 686 करोड़: कुलदीप सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान, चंबा ( चुवाड़ी )**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत जल शक्ति विभाग द्वारा कार्यान्वित की जाने वाली विभिन्न परियोजनाओं पर 686 करोड़ की धनराशि व्यय करने का प्रावधान किया गया है।

विधानसभा आज ग्राम पंचायत परछोड़ के नड़ल गांव मे लगभग 160 लाख की धनराशि से निर्मित उठाऊ सिंचाई योजना का लोकार्पण करने के पश्चात जनसभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

उठाऊ सिंचाई योजना के कार्यशील होने से नड़ल गांव के लोगों को लगभग 60 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। पठानिया ने विधानसभा क्षेत्र भटियात के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित बनाने की अपनी प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए कहा कि जल शक्ति विभाग द्वारा विभिन्न पेयजल, सिंचाई, मल निकासी तथा बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं पर भटियात क्षेत्र में 69 पेयजल योजनाओं के अंतर्गत 686 करोड़ की धनराशि व्यय होगी। इनमें से निर्माणधीन 56 परियोजनाओं पर 339 करोड़ व्यय किए जा रहे हैं। इसी तरह 347 करोड़ राशि वाली 13 विभिन्न परियोजनाओं के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इन परियोजनाओं के कार्यशील होने से संपूर्ण भटियात क्षेत्र में सिंचाई तथा पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान लोगों की समस्याओं को भी सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता जल शक्ति राजेश मोगरा, उपाधीक्षक पुलिस योगराज, तहसीलदार सुमन धीमान, सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम कृष्ण चंद्र, राज्य सहकारी बैंक राजकुमार, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजय कंवर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत सुरेंद्र चाढक, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, बीडीओ मनीष कुमार, अधिशासी अभियंता जल शक्ति राकेश ठाकुर, विद्युत पंकज राठौर लोक निर्माण नरेंद्र चौधरी सहित कई उपस्थित रहे।

### जून 2027 तक सड़क सुविधा से जोड़े जाएंगे भटियात के सभी गांव



**पठानिया** ने कहा कि क्षेत्र में सड़क निर्माण को विशेष प्राथमिकता प्रदान कर जून 2027 तक भटियात के सभी गांव को सड़क सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि सड़क नेटवर्क को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए एक किलोमीटर से कम ग्रामीण संपर्क सड़कों का निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग से एलाइनमेंट करवाने के पश्चात अब ग्रामीण विकास विभाग से पूर्ण करवाया जाएगा। उन्होंने लाहडू-परछोड़-नड़ल संपर्क मार्ग के उन्नयन को लेकर भी विभागीय अधिकारियों को प्राक्कलन तैयार करने को निर्देशित करते हुए जल्द कार्य शुरू करने का आश्वासन भी स्थानीय लोगों को दिया।

# समाज के समस्त वर्गों का कल्याण सुनिश्चित बना रही है राज्य सरकार

**चंबा, ( चुवाड़ी )।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में रविवार को उप मंडलीय मुख्यालय चुवाड़ी में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के तत्वावधान में विभिन्न योजनाओं की जानकारी को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड नरदेव सिंह कंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पठानिया ने कहा कि सीएम सुक्खू के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार समाज के समस्त वर्गों का कल्याण सुनिश्चित बना रही है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में श्रमिक वर्ग तथा उनके आश्रितों का कल्याण सुनिश्चित बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।

**महिला श्रमिक आवास योजना के तहत 3 लाख का प्रावधान : पठानिया**

पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा विधवा, एकल, निराश्रित तथा दिव्यांग महिला श्रमिकों के लिए कार्यान्वित की जा रही आवास योजना के तहत महिला लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए 3 लाख की वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जा रही है। पठानिया ने इस दौरान कामगार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को इंडक्शन हीटर भी वितरित किए।

### गद्दी संस्कृति एवं विकास मंच ने किया सम्मान समारोह का आयोजन

# पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा**

गद्दी संस्कृति एवं विकास मंच चंबा द्वारा आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी को गद्दी समुदाय के लिए उनके वर्षों के अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह आयोजन न केवल एक सम्मान समारोह था, बल्कि गद्दी समुदाय की एकता, संस्कृति और सहयोग की भावना का सजीव उदाहरण भी बना।

समारोह में गद्दी समुदाय के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने लोकप्रिय नेता के प्रति प्रेम व सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष श्रवण शर्मा, सचिव संजीव प्यार चंद, कोषाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में ठाकुर सिंह भरमौरी के सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान की सराहना की।

इस सम्मान समारोह ने एक बार फिर साबित किया कि गद्दी समुदाय अपने सांस्कृतिक मूल्यों, परंपराओं और नेतृत्व को सदैव सहेज कर रखता है। यह आयोजन गद्दी संस्कृति की गरिमा, श्रद्धा और भविष्य की दिशा को रेखांकित करने वाला एक सशक्त मंच बना।



### समुदाय के लिए योगदान को किया याद

**ठाकुर** सिंह भरमौरी ने अपने कार्यकाल के दौरान गद्दी समुदाय के हितों की पैरवी की और शिक्षा, रोजगार, पशुपालन, और सांस्कृतिक संरक्षण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया। उनके द्वारा शुरू की गई कई योजनाएं आज भी समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं।

# मेरी प्राथमिकता सुविधाएं पहुंचाना : ललित

## एपीएमसी चेयरमैन ने गुवां से खोई मढ़ व कलामला सड़क का किया भूमिपूजन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर के मार्गदर्शन से ग्राम पंचायत राड़ी में गुवां से खोई मढ़ सड़क व ग्राम पंचायत किलोड़ में कलामला सड़क का भूमिपूजन कर जनता को एक और सौगात दी। यह उल्लेखनीय है कि एक ही सप्ताह में यह तीसरी सड़क परियोजना है, जिसका लोकार्पण ललित ठाकुर द्वारा किया गया। जो उनके विकासोन्मुख दृष्टिकोण और जनसेवा के प्रति दृढ़ संकल्प को दर्शाता है।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र की जनता ने ललित ठाकुर का जोरदार स्वागत करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की। ललित ठाकुर ने कहा कि मेरी प्राथमिकता सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि हर अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। यह सिर्फ शुरुआत है, इसमे कोई शक नहीं कि हमें विकास के लिए और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है, लेकिन जिला और क्षेत्रीय विकास की असली नींव सड़क निर्माण से ही रखी जाती है। जब गांव तक सड़क पहुंचेगी, तभी शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।



### विकास हर नागरिक का अधिकार

**ललित** ठाकुर ने स्पष्ट किया कि विकास हर नागरिक का अधिकार है। उन्होंने भरमौर विधानसभा को सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में अग्रणी बनाना उनका लक्ष्य है और इसके लिए वे लगातार मुख्यमंत्री से समन्वय स्थापित कर योजनाओं को धरातल पर उतार रहे हैं।

# चुराह में खुला आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर

**अनंत ज्ञान, चुराह**

**प्रदेश** के चुराह विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है। स्थित एसडीएएमओ ऑफिस के सामने 'हेल्थ इज वेल्थ' नामक आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ सी.डी. राणा द्वारा किया गया। यह स्टोर न केवल आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रयास है, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए एक सुलभ और भरोसेमंद स्वास्थ्य समाधान भी बनेगा। उद्घाटन समारोह में प्रेम शर्मा (संघर्ष इंस्टीट्यूट), शिवाजी भारद्वाज, चमन ठाकुर, राकेश राणा और अनिल सरवन जैसे गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

सीडी राणा का कहना है कि वे वर्षों से मेडिकल फील्ड से जुड़े हैं और उन्होंने 2018 व 2020 में आयुर्वेद में डिप्लोमा किया। इसके बाद वे मेडिकल कॉलेज चंबा और सिविल अस्पताल तीसा में भी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि हमारे पूर्वज आयुर्वेद के माध्यम से शतायु जीवन जीते थे। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस अमूल्य धरोहर को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाएं। यह स्टोर उसी दिशा में एक छोटा लेकिन मजबूत कदम है। स्थानीय आयुर्वेदिक अस्पताल के डॉक्टर जगमोहन, फार्मासिस्ट सतीश कुमार और पूरे स्टाफ ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉक्टर जगमोहन ने कहा कि हमारी फार्मेसी में सभी जरूरी आयुर्वेदिक औषधियां उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को समय पर उपचार देने में मुश्किल आती थी। लेकिन अब स्टोर के खुलने से हम अपने मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही श्रेष्ठ आयुर्वेदिक उपचार दे सकेंगे



### पंजाबी गायक ने नेरचौक में किया चौथी फीट ऑफ फायर डांस अकादमी का शुभारंभ

# गरीब बच्चों को फ्री डांस सिखाएगी अकादमी

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

**फीट** ऑफ फायर डांस अकादमी गरीब व असहाय बच्चों को नि:शुल्क सीखा रही है। 2013 से जब से फीट आफ फायर की शुरुआत हुई है तभी से लेकर यह किया जा रहा है। यह बात अमित भाटिया ने नेरचौक में फीट ऑफ फायर की चौथी डांस अकादमी के शुभारंभ पर कही। शुभारंभ अवसर पर बापू तेरे करके मैं पैरों च खलों गया फेम पंजाबी गायक अमर संधू व हिमाचली मशहूर गायक एसी भारद्वाज ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर डांस अकादमी का शुभारंभ किया। फीट ऑफ फायर के निदेशक अमित भाटिया ने बताया कि नेरचौक में फीट ऑफ फायर की डांस अकादमी यहां की जनता की जोरदार मांग पर खोली गई।

यह हमारी चौथी अकादमी है और इस बार हमने डांस के साथ साथ फिटनेस और संगीत को भी साथ जोड़ा है। डांस के साथ-साथ संगीत की भी शिक्षा दी जाएगी और शारीरिक फिटनेस के लिए फिटनेस वर्ल्ड जिम के साथ काम किया जाएगा। अमित भाटिया ने कहा कि आज के समय में बच्चे नशे की गर्त में जा रहे हैं इसके लिए आइए और अपने बच्चों को हमारे साथ लाइए उन्हें डांस व संगीत सिखाएं। छोटे छोटे बच्चों व दोनों गायकों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर राजा मल्होत्रा, राकू वालिया, मिस्टर हिमाचल रहे हरीश शर्मा, फिटनेस वर्ल्ड के संचालक विनोद सहित कई उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



# नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का 5 दिवसीय चंबा दौरा 10 अप्रैल से

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर 10 अप्रैल से पांच दिवसीय चंबा दौरे पर रहेंगे। इस दौरान जयराम ठाकुर चंबा में भाजपा कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलेंगे और कार्यकर्ताओं में नया जोश भरेंगे। भाजपा मंडल के अध्यक्ष होली अशोक राजपूत ने कहा है कि 10 अप्रैल को पूर्व जयराम ठाकुर सुबह 11:00 भटियात में जनसभा को संबोधित करेंगे और इसके साथ व सक्रिय कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में शिरकत करेंगे और उनका रात्रि विश्राम डलहौजी में रहेगा। 11 को पूर्व मुख्यमंत्री डलहौजी में जनसभा हुआ कार्यकर्ता के सम्मेलन को संबोधित करेंगे और इसके बाद उनका रात्रि ठहराव विश्राम गृह भरमौर में होगा। 12 को विधानसभा क्षेत्र भरमौर के मैहला में जनसभा को संबोधित करेंगे और कार्यकर्ताओं में नया जोश भरेंगे। इस दिन जयराम ठाकुर करते प्रवास चंबा में रहेगा व 13 को चंबा में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन व संबोधन के बाद 14 को जयराम ठाकुर विधानसभा क्षेत्र चुराह में जनसभा को संबोधित करेंगे और कार्यकर्ताओं में नया जोश भरेंगे। जयराम ठाकुर के दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



### सूडोकु नवताल- 7393

***** मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7392 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# मीरा मेडिटेशन एंड वैलनेस सेंटर शुरू

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** बनीखेत में मीरा मेडिटेशन और वैलनेस केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र को संचालित करने वाली मीरा का कहना है कि इसके केंद्र को चलाना मानव के लिए उसे प्रभु की भक्ति को जागृत करना है जिस काम के लिए हम इस दुनिया में आए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में इंसान अपने मोह माया के चक्कर में अपने प्रभु को भूल बैठा है। इसलिए हमने यह केंद्र खोलकर सभी व्यक्तियों को उसे प्रभु भक्ति में लीन करना है। इस कार्यक्रम में पंजाब हरियाणा और बहुत दूर-दूर से कवि कथावाचक और सूफी संत आए। जिन्होंने अपनी अपनी कविताओं द्वारा अपने बयान रखें। डलहौजी के डॉक्टर राठौर ने अपने बयान व्यक्त करते हुए कहा कि बेशक पेशे से मैं एक डॉक्टर हूं और सभी व्यक्तियों का इलाज करना मेरा कर्तव्य है। तन का इलाज तो मैं कर सकता हूं लेकिन मन का इलाज प्रभु की भक्ति के बिना नहीं हो सकता। इसलिए हम सभी को आज के ऐसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभु भक्ति के बिना इस संसार में हम कुछ भी नहीं कर सकते।

# देहग्राम स्कूल की विद्यालय प्रबंधन समिति ने एक बार फिर लहराया उत्कृष्टता का परचम

**अनंत ज्ञान, तीसा**

**शिक्षा** खंड तीसा के बीआरसीसी कार्यालय में आयोजित 'सर्वश्रेष्ठ एसएमसी पुरस्कार समारोह' के दौरान एक बार फिर राजकीय माध्यमिक पाठशाला देहग्राम ने अपनी कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता से सबका ध्यान आकर्षित किया। लगातार चौथे वर्ष देहग्राम स्कूल की एसएमसी (विद्यालय प्रबंधन समिति) को उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

इस गौरवशाली क्रम में 2021 में द्वितीय पुरस्कार, 2022 में प्रथम पुरस्कार, 2023 में द्वितीय पुरस्कार और अब 2024 में एक बार फिर द्वितीय पुरस्कार जीतकर स्कूल ने अपनी स्थायी श्रेष्ठता को सिद्ध किया है।

यह सम्मान बीपीओ शिक्षा खंड तीसा द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों की एसएमसी समितियों को उनके कार्यों के आधार पर आंका गया था। पाठशाला प्रभारी हनीफ बेग ने कहा कि हर वर्ष एक नई सोच और नई ऊर्जा के साथ कार्य करना ही सफलता की कुंजी है। यदि हम सभी समर्पण और नवाचार के साथ मिलकर कार्य करें, तो अपने क्षेत्र और प्रदेश को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना संभव है।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** बोलने से पहले सोचें। आज दु:खद समाचार मिल सकता है। कारोबार में विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा।

**वृषभ:** कम बोलें पर अच्छा बोलें। आज कई स्त्रोतों से धनलाभ संभव है। घर-परिवार की चिंता से तनाव रहेगा। निजी कार्यों से भागदौड़ अधिक होगी। निवेश शुभ रहेगा।

**मिथुन:** समय की अनुकूलता का आभास होगा। बड़े सौदों के लिए समय शुभ है। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**कर्क:** आज पसंदीदा भोजन का आनंद मिलेगा। दोस्तों के साथ यात्रा होगी। नौकरी में परिश्रम निरर्थक होगा। आप की लापरवाही से लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे।

**सिंह:** दिन की शुरुआत में आलस की अधिकता रहेगी। करियर के प्रति निर्णय लेने में संकोच रहेगा। धन प्राप्ति सुगमता से होगी। यात्रा सफल रहेगी। न्यायपक्ष मजबूत होगा।

**कन्या:** आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यस्थल परिश्रम अधिक होगा। बुजुर्गजनों को पुरानी व्याधि से कष्ट होगा।

**तुला:** नई व्यापारिक योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार की आवश्यकता है। राजकीय सहयोग मिलेगा, उन्नति होगी। अपनों से मनमुटाव हो सकता है।

**वृश्चिक:** अपनी जिम्मेदारी को समझें। गृहस्थ सुख मिलेगा। आज धनलाभ होगा। व्यवसायिक प्रतिद्वंद्वी शांत रहेंगे। मन प्रसन्न रहेगा।

**धनु:** अपनी बातों से लोगों का दिल जित लेंगे। संतान के लिए समय अनुकूल है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। स्वजनों के साथ पिकनिक का आनंद मिलेगा।

**मकर:** आज का दिन प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। आज की गई यात्रा-निवेश सफल रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी, जोखिम न लें। कारोबार के विस्तार के लिए धन संग्रह करेंगे।

**कुंभ:** न चाहते हुए भी फालतू खर्च बढ़ेगा। मामूली चोट, विवाद आदि से हानि संभव है। कुसंगति कष्टकारक रहेगी, जोखिम न लें। तीर्थयात्रा संभव है।

**मीन:** आज किया निवेश शुभ रहेगा। स्वजनों के साथ पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा। काम की अधिकता रहेगी। झूठ बोलने से बचें। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

## आज का पंचांग

7 अप्रैल, 2025, सोमवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** नवमी (07:26): **नक्षत्र** पुष्य पूर्ण रात्रि, **पक्ष:** शुक्ल, **योग** : सुकर्मा (06:54) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:58-12-49), **राहुकाल** (05:07-06:41)।

### विशेष दिन

- 7 अप्रैल 2025: धर्मराज दशमी आज।
- 7 अप्रैल 2025: ज्वारे विसर्जन आज।

**सफलता** कृषि विभाग ने 14.30 लाख से स्थापित की सौर ऊर्जा चालित उठाऊ सिंचाई योजना

# जोलना-2 गांव के किसानों को मिली सिंचाई सुविधा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**विकासखंड** भटियात की दूरदराज ग्राम पंचायत जोलना के गांव जोलना-2 में किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल गई है। अब यहां के खेतों में हरियाली सिर्फ बारिश पर निर्भर नहीं रही, बल्कि सौर ऊर्जा से संचालित उठाऊ सिंचाई योजना ने गांव के 15 परिवारों को सूखे की चिंता से मुक्त कर दिया है।

कृषि विभाग के भू संरक्षण अनुभाग द्वारा 14 लाख 30 हजार की लागत से यह योजना स्थापित की गई है। इस योजना के अंतर्गत 10 हॉर्स पावर की मोटर, सोलर पैनल, 240 मीटर पाइपलाइन, 18,000 लीटर क्षमता का सिंचाई टैंक और स्प्रिंकलर प्रणाली स्थापित की गई है, जिससे अब गांव की लगभग 56 बीघा भूमि को नियमित सिंचाई की सुविधा प्राप्त हो रही है। जोलना-2 जैसे दूरदराज और पिछड़े गांव में यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। यहां के लाभार्थी किसान रविंद्र सिंह, भारत भूषण, सादिक, सलीमा, करनैल सिंह, महेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों ने बताया कि पहले उनकी खेती पूरी तरह बारिश पर निर्भर थी। सूखे के दौरान फसलें सूख जाती थीं, जिससे न तो उत्पादन होता था और न ही कोई आय। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। इस बार गेहूं की फसल समय पर सिंचाई मिलने से पहले की तुलना में कहीं बेहतर हुई है। किसान अब केवल पारंपरिक फसलों तक सीमित नहीं रहना चाहते, बल्कि कृषि विभाग के मार्गदर्शन में नगदी फसलों और सब्जियों की खेती की योजना बना रहे हैं।

उपमंडलीय भू-संरक्षण अधिकारी चंद्रशेखर ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के तहत 8.81 लाख रुपये नाबदान, पाइपलाइन और टैंक निर्माण पर, 2.50 लाख रुपये सोलर मोटर व पैनल पर तथा 2.97 लाख रुपये स्प्रिंकलर प्रणाली पर खर्च किए गए हैं। इस योजना से न केवल खेतों को सिंचाई मिली है, बल्कि किसानों के चेहरे पर आत्मनिर्भरता की मुस्कान भी लौटी है। आने वाले समय में इस गांव में खेती को एक व्यावसायिक रूप देने की पूरी संभावनाएं बन गई हैं। यह योजना ग्रामीण विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है, जिससे जोलना-2 जैसे गांवों में भी आर्थिक क्रांति की नींव रखी जा रही है।



अच्छे कर्म हमें ताकत देते हैं और दूसरों को अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। –अरस्तु

## संपादकीय

# सवारियों पर बोझ

हिमाचल में सुक्खू सरकार के निर्णय ने राज्य की परिवहन व्यवस्था और यात्रियों पर प्रभाव डालने का एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। सरकार ने सरकारी और प्राइवेट बसों के न्यूनतम किराए में 5 रुपए से सीधे ही 10 रुपए की बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह फैसला प्रदेश के लाखों यात्रियों के लिए चिंता का सबब बन गया है, क्योंकि रोजाना करीब 8 से 10 लाख लोग बसों से यात्रा करते हैं। इससे यात्री वर्ग पर प्रत्यक्ष आर्थिक बोझ पड़ेगा, जो पहले से ही बढ़ती महंगाई और अन्य आर्थिक दबावों से जूझ रहे हैं। इस फैसले के परिणामस्वरूप, यात्री वर्ग को निश्चित रूप से एक अतिरिक्त वित्तीय बोझ झेलना पड़ेगा। खासतौर पर उन लोगों के लिए यह मुश्किलें बढ़ सकती हैं जो नियमित रूप से बसों का उपयोग करते हैं, जैसे कि कर्मचारी, छात्र और अन्य श्रमिक वर्ग के लोग। एक तरफ, जहां सरकार का यह कदम परिवहन सेवा मुहैया करवाने वालों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए था, वहीं दूसरी ओर यह निर्णय उन लोगों के लिए आर्थिक दबाव बना सकता है जिनकी आय पहले ही सीमित है।

उदाहरण के तौर पर, यदि कोई व्यक्ति रोजाना काम पर जाने के लिए बस का उपयोग करता है, तो हर महीने उसका अतिरिक्त खर्च 150 रुपए से 300 रुपए तक बढ़ सकता है। यह राशि किसी के लिए छोटी नहीं हो सकती। इसके अलावा, बसों में यात्रा करने वाले छोटे व्यापारी और छात्र भी इस वृद्धि से प्रभावित होंगे। उनका यह तर्क है कि उन्हें बेहतर सुविधाएं नहीं मिल रही हैं और सरकार किराए में बढ़ोतरी कर रही है। बसों में यात्रियों के लिए सुविधाओं का अभाव पहले से ही एक प्रमुख चिंता का विषय है, जैसे कि बसों की कम संख्या, गंदगी और असुरक्षित यात्रा की स्थितियां। ऐसे में, किराए में वृद्धि का कोई ठोस कारण नजर नहीं आता जब यात्रियों को उचित सुविधाएं नहीं मिल रही हों। दूसरी ओर सुक्खू सरकार के इस फैसले का विपक्षी भाजपा कड़ा विरोध जताएगी। भाजपा का कहना है कि सरकार ने इस फैसले के जरिए आम जनता पर दबाव डालने का काम किया है। पहले जयराम ठाकुर की सरकार के दौरान, जब किराए में वृद्धि की गई थी, तो इसका भारी विरोध हुआ था और फिर सरकार को किराया घटाना पड़ा था।

अब सुक्खू सरकार ने 5 रुपए से 10 रुपए तक की बढ़ोतरी की है। भाजपा इसे जनता के हितों के खिलाफ एक कदम मान रही है। विपक्षी दल इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाने की योजना बना रहे हैं और इस पर जनता के बीच सरकार के खिलाफ आक्रोश फैलाने की कोशिश करेंगे। राजनीतिक दृष्टिकोण से, यह मुद्दा सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यदि सरकार यह नहीं साबित कर पाती कि किराए में वृद्धि के साथ-साथ यात्री सुविधाओं में भी सुधार किया जाएगा, तो इसका सीधा असर सरकार की छवि पर पड़ेगा। विपक्ष इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर सकता है, जिससे जनता का ध्यान इस ओर आकर्षित होगा। प्राइवेट बसों के मालिकों न तो 15 रुपए तक किराए में वृद्धि की मांग की थी, लेकिन सरकार ने इसे सीमित करके 10 रुपए तक रखा है। इससे प्राइवेट बस मालिकों को कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह वृद्धि उनके लिए पर्याप्त होगी? प्राइवेट बस ऑपरेटरों का कहना है कि उन्हें हर महीने बढ़ते ईंधन की कीमतों और रखरखाव के खर्चों का सामना करना पड़ता है, इसलिए किराए में बढ़ोतरी अनिवार्य थी।

हालांकि, यह बढ़ोतरी यात्रियों के लिए असुविधा का कारण बनेगी और प्राइवेट बसों में पहले से ही सुविधा की कमी है, जिससे यात्रियों के लिए और भी कठिनाई हो सकती है। किराए में वृद्धि का एक और पहलू यह है कि इस समय प्रदेश की परिवहन व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। यात्री लगातार बसों में भीड़, असुविधा और बसों की खराब हालत की शिकायत करते हैं। यदि सरकार को वास्तव में अपनी परिवहन व्यवस्था में सुधार करना है, तो उसे बसों की संख्या बढ़ाने, समयबद्धता सुनिश्चित करने और यात्रा के दौरान सुरक्षा और सफाई की व्यवस्था सुधारने पर भी ध्यान देना होगा। किराए में वृद्धि के साथ-साथ अगर इन सेवाओं का सुधार नहीं हुआ तो सरकार की योजनाओं को लेकर लोगों का विश्वास कमजोर हो सकता है।

जनता का यह भी कहना है कि उन्हें सुविधाएं तो मिलती नहीं हैं, लेकिन किराए में बढ़ोतरी कर दी गई है। वास्तव में, यह असंतोष किसी भी राज्य सरकार के लिए एक बड़ा खतरा हो सकता है, क्योंकि लोग केवल आर्थिक बोझ को ही नहीं, बल्कि अपनी असुविधाओं को भी महसूस करते हैं। परिवहन व्यवस्था में यात्रियों के लिए साफ-सुथरी और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना जरूरी है। जब तक सरकार इन मुद्दों को हल नहीं करती, तब तक केवल किराए में वृद्धि से कोई ठोस लाभ नहीं होगा। बहरहाल, बस किराए में वृद्धि निश्चित रूप से जनता पर अतिरिक्त बोझ डालेगी। हालांकि, यह निर्णय परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता और सुविधाओं में सुधार लाने की दिशा में एक कदम हो सकता है, लेकिन अगर इसके साथ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं नहीं मिलती हैं, तो इसका प्रभाव निसंदेह नकारात्मक हो सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता

**जितेंद्र** हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता, फिल्म निर्माता, बालाजी टेलीफिल्म्स, बालाजी मोशन पिक्चर्स और एएलटी एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष हैं। उनका वास्तविक नाम रवि कपूर है। अपनी पहचान बनाने का अवसर उन्हें 1964 में वी. शांताराम की फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' से मिला। जितेंद्र का जन्म अमृतसर, पंजाब के एक जौहरी परिवार में हुआ था। उनके पिता अमरनाथ एवं माता कृष्णा कपूर गहनों के व्यवसाय के अलावा फिल्मों में प्रयुक्त होने वाले नकली जेवरों की सप्लाई भी किया करते थे, जिन्हें जितेंद्र विभिन्न फिल्मालयों पर जाकर बेचा करते थे। उनका रुझान बचपन से ही फिल्मों की ओर था और वह अभिनेता बनना चाहते थे। जितेंद्र जब अपनी पत्नी शोभा कपूर से मिले थे, तब वह केवल 14 वर्ष की थीं। उस समय वह अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करके कॉलेज में गई थीं। शोभा जितेंद्र से विवाह करना चाहती थीं। उनका यह सपना 1974 में पूरा हुआ। जितेंद्र की दो संतानें हैं, जिनके नाम हैं-एकता कपूर और तुषार कपूर। एकता और तुषार भी टेलीविजन के चर्चित सितारों में शामिल हैं। ■



जितेंद्र
जन्म : 7 अप्रैल, 1942



कविता

### डगमगाने न दे जो अपने पथ से ऐसे संस्कार चाहिए

*रवींद्र कुमार शर्मा, घुमारवीं*

*किश्ती को जो डूबने से बचा सके, ऐसी पतवार चाहिए।*
*जड़ें काट दे बुराई की अच्छाई में,ऐसी धार चाहिए।*
*नफरत की तेज आंधियों ने उजाड़ डाला यह खिलता चमन,*
*बहती रहे जो प्यार की हृदय में ऐसी बयार चाहिए।*
*करे जो छुप कर पीठ पर, न ऐसा वार चाहिए।*
*बढ़ा दे जो बीच में दूरियां, न ऐसी तकरार चाहिए।*
*माफ कर दे छोटी मोटी बातों को, ऐसा दिलदार चाहिए।*
*बेईमानी की आदत पड़ गई है सबको आज जमाने को,*
*करे जो काम ऐसा ईमानदारी का कोई तो हकदार चाहिए।*
*शब्द भी करते है घायल, न उसके लिए तलवार चाहिए।*
*प्यार के फूल खिले हर तरफ, ऐसी बहार चाहिए।*
*नफरत करने वालों से तो भरा है यह सारा जहान,*
*प्यार की कद्र करे जो, ऐसा कोई तलबगार चाहिए।*
*ईमानदारी से ही जो फले फूले, ऐसा कोई कारोबार चाहिए।*
*पेट भर के खाना मिल जाए, बस ऐसा रोजगार चाहिए।*
*सिद्धांतों की बात यहां कौन करता है इस जमाने में,*
*डगमगाने न दे जो अपने पथ से, ऐसे संस्कार चाहिए*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# ट्रंप के टैरिफ संकट को अवसर में बदले भारत



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो सोचा था वो कर दिखाया। उन्होंने दुनियाभर के 60 देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ जिसे पारस्परिक या जवाबी शुल्क भी कहा जाता है, लगाने का ऐलान कर व्यापार जगत में हलचल मचा दी है। वैश्विक मंदी की आशंका में चहुंओर हाहाकार मचा हुआ है। ट्रंप के इस फैसले से ट्रेड वार और ज्यादा गहराने की आशंकाएं बलवती हो गई हैं। ताजा हालातों के दृष्टिगत वैश्विक व्यापार में संरक्षणवाद बेहद चिंताजनक है। ट्रंप पहले जैसा को तैसा नीति अपनाने पर आमादा थे, लेकिन व्यापार साझेदार देशों के ज्यादा रुष्ट होने की आशंकाओं के बीच उन्होंने कुछ नरमी दिखाई और आधा जवाबी आयात शुल्क ही लगाया। ट्रंप ने भारत पर भी 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। भारत अमेरिका को सबसे ज्यादा निर्यात करता है। निश्चित रूप से चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन जवाबी शुल्क के प्रभावों का विश्लेषण करें तो भारत की स्थिति काफी अच्छी है। अमेरिका ने उन देशों पर टैरिफ की दर ज्यादा रखी है, जिन देशों का व्यापार घाटा अमेरिका के साथ ज्यादा है। अमेरिका ने इंडोनेशिया और ताइवान पर 32-32 प्रतिशत, चीन पर 34, थाईलैंड और बांग्लादेश पर 36-36 तथा वियतनाम पर सबसे ज्यादा 46 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने अमेरिका की ओर से लगाए गए इन टैरिफ को डिस्काउंटेड टैरिफ बताया है, क्योंकि अमेरिका सरकार के मुताबिक ये देश अमेरिकी निर्यात पर अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ से कहीं ज्यादा टैरिफ लगाते हैं। इससे इन देशों के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा बढ़ जाता है। दिलचस्प पहलू यह है कि अमेरिका ने अपने बड़े व्यापार साझेदार देशों कनाडा और मैक्सिको को इस लिस्ट में शामिल नहीं किया है। इस हिसाब से देखा जाए तो भारत का टैरिफ इन देशों के मुकाबले कम है। भारत अमेरिका के उत्पादों पर 52 प्रतिशत टैरिफ लगाता है। ऐसे में भारत को इसे अवसर के रूप में देखना चाहिए।

भारत को अमेरिका के साथ व्यापार समझौता जल्द करने की कोशिश करनी चाहिए। ट्रंप की इस टैरिफ नीति से बेशक अमेरिका को फायदा होगा, लेकिन गहराई से देखा जाए, तो उसे नुकसान भी झेलना पड़ सकता है, क्योंकि वहां महंगाई बढ़ने के साथ ही मंदी भी आ सकती है जिसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। साल 2024 में भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा करीब 40 बिलियन डॉलर का था। व्हाइट हाउस की ओर से जारी रिपोर्ट पर गौर करें तो अमेरिका अपने व्यापार घाटे को राष्ट्रीय सुरक्षा का मसला बताता है। कहा गया है कि इन देशों की ओर से लगाए जाने वाले ऊंचे टैरिफ अपने बाजारों में अमेरिकी सामानों की पहुंच सीमित करने से अमेरिकी मैन्युफैक्चिरिंग कमजोर हुई है। कोई देश अमेरिकी निर्यात पर कितना टैक्स लगाता है, इसकी गणना करने के लिए ट्रंप प्रशासन ने अपने अलग ही फार्मूले का इस्तेमाल किया है। इसमें टैरिफ की दर का अनुमान लगाने के लिए किसी देश की ओर से अपनी मुद्रा के साथ की जाने वाली छेड़छाड़ और बाजार में अमेरिकी सामान के लिए लगाई गई व्यापार बाधाओं को भी जोड़ा गया है। रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर जारी रिपोर्ट में भारत की ओर से कुछ खास अमेरिकी उत्पादों पर लगने वाले भारी टैरिफों का जिक्र है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत अमेरिका के कृषि उत्पादों पर 39 प्रतिशत टैरिफ लगाता है, जबकि अमेरिका सिर्फ 5 प्रतिशत। ऐसे ही भारत अमेरिकी मोटरसाइकिलों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाता है, जबकि अमेरिका भारतीय मोटरसाइकिलों पर 2.4 प्रतिशत, इसलिए रिपोर्ट में भारत पर 20 से 30 प्रतिशत टैरिफ लगाने को सुझाव दिया गया था, जिसे अंततः ट्रंप की टीम ने 26 प्रतिशत रखा। कुछ उत्पादों पर ऊंचे टैरिफ का जिक्र कर ट्रंप भारत को अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने पर राजी करवाना चाहते हैं। जैसे अमेरिका भारत को दाल जैसे कृषि उत्पाद बेचने लगा है, लेकिन ट्रंप की नजर मक्का जैसे अन्य उत्पादों पर है। बहरहाल, भारत की ओर से अमेरिका को निर्यात की जाने वाली अहम चीजों में दवाइयां और दूसरे फार्मा उत्पाद, हीरे-जवाहरात और ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल पार्ट्स, सर्किट, रेडीमेड कपड़े और रिफाइन पेट्रोलियम शामिल हैं। वहीं, अमेरिका भारत को क्रूड ऑयल, कोयले, नेचुरल गैस, बिना पॉलिश हीरे, इंडस्ट्रियल मशीनें, टेक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स, सैन्य और घरेलू इस्तेमाल में आने वाले विमान और उनके पुर्जे बेचता है। इनमें से भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स, हीरे और ज्वेलरी उद्योगों पर टैरिफ का सबसे बुरा असर होगा।

यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

अमेरिका भारत से करीब 14 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स और 9 अरब डॉलर के हीरे-जवाहरात और ज्वेलरी का आयात करता है। इन सेक्टरों पर काफी बुरा असर हो सकता है। पहले ये टैरिफ नाममात्र के होते थे। अमेरिका भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों पर 0.4 प्रतिशत, वहीं हीरे-जवाहरात और ज्वेलरी पर मात्र 2.1 प्रतिशत टैरिफ लगाता था। इनके अलावा अमेरिका की ओर से लगाए टैरिफ में गाड़ियों के पुर्जे और एल्युमीनियम निर्यात को 26 प्रतिशत के टैरिफ के दायरे से बाहर रखा गया है, पर चूंकि ये सेक्शन 232 के अंतर्गत आते हैं, तो इनके निर्यात पर 25 प्रतिशत टैरिफ पहले ही लगा हुआ है। हालांकि, ऊंची दर होने के बाद भी भारत और चीन जैसे देशों पर ट्रंप के टैरिफों का सीमित असर होने की उम्मीद है। इसकी वजह है अमेरिका की ओर से फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट, सेमीकंडक्टर, लकड़ी, तांबा, सोना, ऊर्जा स्रोतों और अमेरिका में न पाए जाने वाले खनिजों पर भी छूट दी गई है। इससे भारत के फार्मास्यूटिकल सेक्टर को सबसे बड़ी राहत मिली है। फिलहाल भारत अमेरिका से करीब 80 करोड़ डॉलर के करीब फार्मा प्रोडक्ट आयात करता है, जबकि भारत अमेरिका को 8.7 अरब डॉलर के फार्मा प्रोडक्ट बेचता है। रेसिप्रोकल टैरिफ में फार्मा उद्योग को दी गई छूट इस सेक्टर और भारत के लिए बड़ी राहत लेकर आएगी। भारत अमेरिका से आने वाले फार्मा उत्पादों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाता है, जबकि अमेरिका भारत से निर्यात होने वाले फार्मा उत्पादों पर कोई टैरिफ नहीं लगाता है। भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर को भी भविष्य में टैरिफ से फायदा हो सकता है। इसकी वजह है वियतनाम और अन्य पूर्वी देशों पर लगने वाला भारी अमेरिकी टैरिफ। वियतनाम पर टैरिफ की सबसे ज्यादा मार पड़ी है, क्योंकि उस पर अमेरिका ने 46 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। ऐसे में इलेक्ट्रॉनिक्स आयात के मामले में अमेरिका को भारत से होने वाला इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात बढ़ेगा। पूर्वी एशियाई दशों पर लगाया गया अमेरिका का यह भारी टैरिफ भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा कपड़ा उद्योग में फायदा दिला सकता है।

भारत के अलावा कपड़े की आपूर्ति करने वाले देशों में वियतनाम, बांग्लादेश और चीन शामिल हैं। इन पर भारत से कहीं ज्यादा टैरिफ लगाया गया है। फिर कपड़ा उद्योग भारत की कुल जीडीपी का मात्र 2 प्रतिशत ही है, जबकि बांग्लादेश की जीडीपी में इस उद्योग का हिस्सा 11 प्रतिशत और वियतनाम की जीडीपी में इसका इसका 15 प्रतिशत है। यानी टैक्सटाइल उत्पादों पर लगे टैरिफ का भारतीय जीडीपी पर असर बांग्लादेश और वियतनाम की जीडीपी के मुकाबले बहुत सीमित होगा। भारत इसलिए भी इतनी मुश्किल में नहीं है, क्योंकि उसे भविष्य में इन टैरिफों पर और छूट मिलने की गुंजाइश है। भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बात कर रहा है। कुछ ही महीनों में इसके एक पक्ष के हिस्से में दोनों देशों के बीच हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। हस्ताक्षर होने के बाद भारत को कई और टैरिफ पर छूट मिल जाएगी। भारत सरकार को नुकसान से बचने के लिए टैरिफ शुल्क से होने वाले संभावित नुकसान से बचने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विचार करना चाहिए। व्यापार समझौते और संवाद को बढ़ावा देना श्रेयस्कर रहेगा, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक असंतुलन को हल किया जा सके। भारत को अमेरिका को इस बात पर राजी करने की कोशिश करनी चाहिए कि वह भारत के उत्पादों पर शुल्क कम करे और साथ ही अमेरिका को भारतीय उत्पादों का निर्यात बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। वैकल्पिक बाजारों की खोज करनी चाहिए और नई व्यापार साझेदारियों को तवज्जो देनी चाहिए। भारत को अमेरिकी बाजार के अलावा अन्य देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने की जरूरत है। यूरोपीय संघ, जापान, दक्षिण कोरिया और अन्य एशियाई देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने से भारत को एक मजबूत व्यापारिक नेटवर्क मिलेगा, जो अमेरिकी शुल्कों के प्रभाव को कम कर सकता है। भारत को अन्य देशों के साथ समझौतों पर काम करना चाहिए, ताकि विभिन्न देशों के बाजारों में भारत के उत्पादों का प्रवेश सुनिश्चित हो सके और इससे भारत को अमेरिकी टैरिफों से बचने का अवसर मिल सके। मूल्यवर्धित उत्पादों का निर्यात बढ़ाना भी नुक्सान से बचने की रणनीति का ही हिस्सा है। जैसे कि उच्च तकनीकी उत्पाद, फार्मास्युटिकल्स और इंजीनियरिंग उत्पाद। यह उत्पाद अमेरिकी बाजार में उच्च मांग रखते हैं और इनके निर्यात से भारत को शुल्क वृद्धि के बावजूद फायदेमंद स्थिति में रखा जा सकता है। स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देकर देश में उत्पादित सामान की गुणवत्ता और कीमत दोनों में सुधार हो सकता है। निश्चित रूप से इससे भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धा अमेरिका सहित अन्य देशों के बाजारों में बढ़ेगी। नवाचार और अनुसंधान में निवेश, कृषि और सेवा क्षेत्रों में सुधार तथा सेवा क्षेत्र का विस्तार भी समय की मांग है। इसके अलावा, व्यापार में नम्र और रचनात्मक कूटनीति से काम लेना होगा। नेतृत्व क्षमता को उजागर करते हुए, भारत को वैश्विक मंच पर अपनी भूमिका को और मजबूत करना चाहिए।

आर्थिक संरचना का मजबूती से सुधार करने के लिए लंबी अवधि की योजनाएं बनानी चाहिए। नौकरियों और श्रमिकों के लिए प्रशिक्षण तथा विनिमय दर पर ध्यान देना भी आवश्यक है। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखने के लिए नीतियां बनानी चाहिए। अमेरिकी शुल्कों का असर रुपए की विनिमय दर पर पड़ सकता है, जो भारत के निर्यात को प्रभावित कर सकता है। इस स्थिति में भारत को एक मजबूत और स्थिर मुद्रा नीति अपनानी चाहिए। रुपए की मजबूती के उपाय ढूंढने चाहिए। निर्यात में विविधता लोकर भारत को न केवल अमेरिकी बाजार, बल्कि अन्य देशों और क्षेत्रों में भी निर्यात को बढ़ावा देना चाहिए। भारत सरकार को घरेलू निवेश को बढ़ावा देने के लिए उपायों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसमें घरेलू उद्योगों के लिए प्रोत्साहन योजनाएं और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए उचित नीति अपनानी चाहिए। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि भारत अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफों का मुकाबला करने के लिए अपनी रणनीति को सुविचारित और बहु-आयामी बनाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में सुधार, वैश्विक साझेदारियों की तलाश और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने से भारत को इस चुनौती का सामना करने में मदद मिल सकती है।

**रिस्पांस करें : editoranantgyaan@gmail.com**

# स्वस्थ समाज निर्माण के लिए पहला कदम है जागरूकता

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को लेकर विश्व में प्रत्येक व्यक्ति को बीमारियों के प्रति जागरूक करना, लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारना और हर व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना ही है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' विषय के साथ 75वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2024 का विषय था 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 यह दिवस 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में नर्सों और दवाइयों का समर्थन करें तथा 2019 में सार्वभौमिक स्वास्थ्य हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था।

लेखक : योगेश कुमार गोयल
लेखक स्वतंत्र स्तंभकार

'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरुआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन् 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे।

हालांकि चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरंतर बढ़ रही हैं।



विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष

वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं, लेकिन कोरोना काल के दौरान जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई। तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती।

करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है। भारतीय समाज में तो सदियों से धारणा रही है 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया' लेकिन चिंता का विषय यही है कि हमारे यहां भी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बहुत खराब है।

बहरहाल, विश्व स्वास्थ्य दिवस के माध्यम से जहां समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है, वहीं इसका सबसे महत्वपूर्ण बिंदु यही होता है कि लोगों को स्वस्थ वातावरण बनाकर स्वस्थ रहना सिखाया जा सके। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना ही मानव-स्वास्थ्य की परिभाषा है। यह बेहद चिंता का विषय है कि दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी के पास बुनियादी स्वास्थ्य उपचार तक पहुंच नहीं है और करीब 200 करोड़ लोग विनाशकारी अथवा खराब स्वास्थ्य देखभाल लागत का सामना कर रहे हैं, जिसमें काफी असमानताएं हैं, जो सबसे वंचित परिस्थितियों में लोगों को प्रभावित कर रही हैं। हालांकि, स्वास्थ्य का अधिकार एक ऐसा मौलिक मानवाधिकार है, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को बगैर किसी वित्तीय बोझ के, जब भी जरूरत हो, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच मिलनी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत के सभी पड़ोसी देशों के साथ बेहतर संबंध जरूरी

आजकल भारत के माननीय प्रधानमंत्री एशिया के कुछ महत्वपूर्ण देशों के सरकारी ( राजकीय ) दौरे पर हैं। तथा वहां हर जगह भारत के पक्ष व हित में ही अच्छा कार्य कर रहे हैं और काफी लेखक-पत्रकार बहुत ही महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मुद्दों की ओर इंगित करके कुछ विशिष्ट विषयों की ओर लाखों-लोगों का और ज्यादा ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। उनके ऐसे लेख भारत और भारतीयों के सार्वभौमिक दृष्टिकोण 'वसुधैव कुटुंबम' की एक बार फिर से पुष्टि करते हैं। ऐसे लेखक हमारे हार्दिक आभार और साधुवाद को स्वीकार करें। सारे देश, दुनिया में इस तरह शुभ भाव, मंगलमय विचार के साथ प्रेम, शांति, सौहार्द, भाईचारे का प्रचार-प्रसार करना बहुत ही नेक, प्रशंसनीय व अनुकरणीय कार्य है।



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
मतियारा , मसरूंड , चंबा

देश-दुनिया के कुछ दुष्ट, स्वार्थी, बदमाश नेताओं के बहकावे में कभी न आएं। मुझे अपने प्यारे, महान राष्ट्र भारत पर बहुत गर्व और विनम्र अभिमान है और मैं परमात्मा परमेश्वर का बहुत ही आभारी हूं कि मुझे भारत जैसे श्रेष्ठ देश में जन्म मिला। मैं हर बार, हमेशा ही भारत में जन्म लेना चाहूंगा। साथ ही मैं यह चाहता हूं कि भारत के पड़ोसी देशों को व्यर्थ में ही कोसने मात्र ( या गाली - गलौज करने) की बजाय, उनकी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति से हमें बहुत कुछ सीखना भी चहिए, विशेषकर उन स्वघोषित देशभक्तों को तो बहुत ही ज्यादा सीखने की परम आवश्यकता है।

एक दशक पूर्व राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य बहुत अलग थे। अब कई विश्व-स्तरीय पत्रकार, लेखक भारत व सभी पड़ोसी देशों के मध्य बहुत सारी 'मैत्री-पूर्ण संभावनाओं' को प्रकाश में लाने के मंगल कार्य कर रहे हैं। ये विशिष्ट प्रबुद्ध पत्रकार और ज्यादा मुखरित होकर हमारे देश की आंतरिक शांति-स्मृद्धि के साथ ही विश्व शांति के भी निरंतर प्रयास कर रहे हैं। भारत चीन व अन्य सभी देशों के लिए परस्पर सहयोग के लिए सैकड़ों मुद्दे और विषय हैं। हम सभी जानते ही हैं, कि दोस्त-दुश्मन तो बदले जा सकते हैं, लेकिन पड़ोसी कभी नहीं। वैसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के अनुसार कोई भी देश किसी अन्य देश का स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होता। दुनिया के सभी देश अपने-अपने हितों व सुरक्षा के अनुसार ही विदेश नीति बनाते, तय करते हैं।



कई दशकों पुराने युद्ध जैसी नकारात्मक बातों को तिलांजलि देकर, भारत के पड़ोसी देशों के साथ आपस में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक मुद्दों पर सहयोग-समर्थन करके बहुत ही ज्यादा उन्नति -प्रगति करते हुए, अपने-अपने देशों का बहुमुखी तथा सर्वांगीण विकास जरूर ही कर सकते हैं। विशेषकर शिक्षण-प्रशिक्षण क्षेत्र में तो बहुत ही ज्यादा संभावनाएं हो सकती हैं। हमें यह भी हमेशा याद रखना है कि गुप्त या आंतरिक रूप से कई सारे पाश्चात्य देश ऐसा कभी नहीं चाहते हैं कि चीन, रूस, भारत व सभी एशियाई देशों के बीच आपस में अच्छे और मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित हो तथा बने भी रहें। बहुत सारे पश्चिमी देश तो पूरे ऐशिया में ही युद्ध जैसे माहौल बने रहने की कामना और कोशिश जरूर ही करते होंगे। उनसे बहुत बड़ी संख्या में, अरबों-खरबों रुपए खर्च कर युद्ध-सामग्री खरीदों और ऐशियाई देश आपस में लड़ते-झगड़ते, मरते-खपते रहो। अपने ही देश की बात करें तो ; बहुत सारे दुष्ट, धूर्त, नीच, घटिया टीवी चेनलों ( विशेषतः कुछ समाचार चेनलों) से हमेशा ही दूरी बनाए रखी जाए। कई न्यूज चेनल अंतरराष्ट्रीय घटनाओं, कूटनीति, विश्व-राजनीति का निम्न, नकारात्मक, सनसनीखेज दुष्प्रचार करके खुद हर सप्ताह करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। इस प्रकार के गिरे हुए घटिया न्यूज चेनलों को नहीं देखना भी बड़ी देशभक्ति मानी जा सकती है।

हम दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र हैं , ये भांति-भांति के जोरदार नारे लगाकर या देशभक्ति के नाम पर तोड़-फोड़ करके साबित नहीं किया जा सकता। न ही दूसरे देशों को बुरा-भला कहकर घुर्राते हुए, कोई अपने आप को देशभक्त सिद्ध कर सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, सारे संसार में हमें उच्चकोटि का सर्वश्रेष्ठ कार्य भी करना पड़ेगा और वैसा ही व्यवहार भी। सभी पड़ोसी देशों के साथ और भी बेहतर मैत्रीपूर्ण संबंध हमारे भारत के लिए हितकर होंगे, ऐसी आशा, अपेक्षा और कामना जरूर की जा सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम देहरा ने माता चिंतपूर्णी में की पूजा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में हाजिरी भरी। इस मौके पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी अमन कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना करवाई और मां के दरबार में हाजिरी लगवाई। पूजा-अर्चना के पश्चात पवन वटवृक्ष को मौली का धागा बांधा और सुख-समृद्धि की कामना की।

### तेंदुआ चरवाहे के सामने से उठा ले गया बकरी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हरोली के गांव कर्मपुर और चंदपुर में एक बार फिर से तेंदुए का आतंक देखने को मिला है। आदमखोर मादा तेंदुआ पहले दो शावकों के साथ दिन-दिहाड़े चरवाहे के सामने से ही एक बकरी को उठाकर ले गया, जबकि एक बकरी पर शाम के समय पशुशाला में हमला कर उसे मार डाला और दूसरी बकरी को घायल कर दिया। तेंदुए के हमले से दो बकरियां मर गई हैं, जबकि एक घायल है, जिसका उपचार करवाया जा रहा है। मिली जानकारी मुताबिक अश्वनी कुमार कालू शनिवार शाम करीब चार बजे जब अपने खेत में बकरियां चरा रहा था, तो एक मादा तेंदुआ और दो शावकों ने बकरियों पर हमला कर दिया। इस दौरान मादा तेंदुआ एक बकरी को उठाकर ले गई। चरवाहे ने तेंदुएं के डर से सभी पशुओं को पशुशाला में बांध दिया, लेकिन मादा तेंदुए ने शाम करीब साढ़े सात बजे पशुशाला में बंधे पशुओं पर हमला कर एक बकरी को मार डाला और एक बकरी को घायल कर दिया।

### यूनियन की सिफारिशों का किया समर्थन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश में निजी बस ऑपरेटर्स ने यूनियन की सिफारिशों का समर्थन किया है। ऑपरेटर्स ने सरकार से लंबी दूरी के बस किराये में यूनियन की ओर से 25 प्रतिशत बढ़ोतरी की मांग का समर्थन किया है। रविवार को जिला मुख्यालय के एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में हिमाचल प्रदेश निजी बस ऑपरेटर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय बस कार कंफेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष राजेश पराशर ने कहा कि वर्तमान किराया दरों पर बसों का संचालन घाटे का सौदा बन चुका है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम किराया 5 से बढ़ाकर 10 किए जाने के निर्णय के लिए भी आभार प्रकट किया। राजेश पराशर ने कहा कि डीजल के लगातार बढ़ते दाम और रखरखाव की लागत में भारी वृद्धि के कारण बस ऑपरेटर्स के लिए वर्तमान दरों पर सेवाएं जारी रखना बेहद कठिन हो गया है। करीब ढाई दशक बाद किसी सरकार ने न्यूनतम किराये को बढ़ाने का साहसिक निर्णय लिया है, जिसके लिए निजी बस ऑपरेटर्स सरकार के आभारी हैं। राजेश पराशर ने पूर्व जयराम सरकार के उस फैसले को भी कठघरे में खड़ा किया। इसमें महिलाओं को निजी बसों में 50 प्रतिशत किराया छूट दी गई थी। उन्होंने इस अधिसूचना को तत्काल डी नोटिफाई करने की मांग की। पराशर ने कहा कि इस छूट का सीधा असर निजी बस ऑपरेटर्स पर पड़ा है क्योंकि महिलाएं अब हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों को प्राथमिकता देती हैं, जहां यह छूट मिलती है। नतीजतन उनके साथ सफर कर रहे पुरुष यात्री भी सरकारी बसों की ओर रुख करते हैं, जिससे निजी बसों में सवारियां न के बराबर रह गई हैं। पराशर ने स्पष्ट किया कि जब तक निजी और सरकारी बसों के किराये और सुविधाओं में संतुलन नहीं होगा, तब तक निजी ऑपरेटर्स का अस्तित्व संकट में बना रहेगा।

### सोहारी टकोली ने आरसीबी ऊना को हराया

**अनंत ज्ञान, जोल।** डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर द्वारा 4 से 7 अप्रैल तक नशे के खिलाफ नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत डोगरा क्रिकेट क्लब की शुरुआत की गई। ट्रस्ट के चेयरमैन अभिषेक डोगरा ने बताया कि समय-समय पर चिंतपूर्णी क्षेत्र की हर पंचायतों में खेल प्रतियोगिता के कार्यक्रम आयोजित कर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर लोगों को जागरूक करेंगे। प्रतियोगिता में ऊना जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई हुई टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खेलों के साथ-साथ नशे के खिलाफ जन जागरूकता फैलाने की कोशिश की जाएगी। इस पहल से न केवल युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ेगी। इस मौके पर उनके साथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल तलमेहड़ा के टीजीटी राकेश धीमान विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। आरसीबी ऊना की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 8 ओवर में 9 विकेट खोकर 95 रन का स्कोर बनाया। जबाव में सोहारी टकोली की टीम ने 7.3 ओवर में 5 विकेट खोकर उक्त लक्ष्य को हासिल कर मैच को जीत लिया। वहीं दूसरा मैच हरोट और खुरवाई के बीच खेला गया। इसमें खुरवाईं की टीम विजेता रही।

# कार्यकर्ताओं ने व्यक्तिगत हित त्यागे, तब बनी भाजपा वटवृक्ष : राजेश

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर गगरेट भाजपा द्वारा दियोली गांव में कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी का ध्वज फहराया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के ध्वज के नीचे एकजुट रहकर पार्टी के प्रति अपने समर्पण भाव का प्रण लिया। वयोवृद्ध भाजपा कार्यकर्ता व पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि समाज की अंतिम कतार में खड़े व्यक्ति की सेवा के लिए खड़ी हुई इस पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए अपने व्यक्तिगत हितों को त्यागकर सेवा व समर्पण की मिसाल कायम कर पार्टी को और मजबूत करें। भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर गगरेट भाजपा द्वारा दियोली में आयोजित कार्यक्रम में सतीश शर्मा ने दीप प्रज्वलित करवाकर भाजपा ने यह संदेश देने का भी प्रयास किया कि बेशक पार्टी में नए कार्यकर्ताओं का स्वागत है, लेकिन पार्टी अपने कर्मठ व निष्ठावान कार्यकर्ताओं को आखिरी समय तक नहीं भूलती। इस दौरान प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन ठाकुर सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के ध्वज को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए इस ध्वज के नीचे एकजुट रहने का प्रण लिया। राजेश ने कहा कि भाजपा को आज इस स्थिति में पहुंचाने के लिए कई कर्मठ कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन खपा दिए। पार्टी की नींव में कई ऐसे नाम भी हैं, जिनका कभी जिक्र तक सामने नहीं आता, लेकिन उन सब कार्यकर्ताओं ने व्यक्तिगत हित त्यागकर पार्टी के प्रति समर्पण रखा, तब जाकर आज भाजपा वटवृक्ष की तरह स्थापित हो पाई है। एक दौर यह भी था कि जब पार्टी को कार्यकर्ता बड़ी मुश्किल से मिलते थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक दौर ये भी है कि अन्य राजनीतिक दलों के लोग अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करना अपनी शान समझ रहे हैं।

### विकास के लिए की कड़ी मेहनत को सराहा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा ने 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर कुटलैहड़ में एक भव्य कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़ और राज कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर पंजाब के जालंधर जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा रिंकू मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और इस अवसर पर उनके द्वारा पार्टी के उत्थान और विकास के लिए की गई कड़ी मेहनत को सराहा गया। इस आयोजन में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ ने हिस्सा लिया और भाजपा के योगदान को सराहा। मुख्यातिथि ने कहा कि भाजपा की स्थापना 6 जून, 1980 में हुई थी और यह पार्टी अपने छोटे से सफर की शुरुआत के बाद अब तक भारत की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरी है। 46 वर्षों में भाजपा ने न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में अपनी स्थिति को सुदृढ़ किया। यह पार्टी एक ऐसी विचारधारा पर आधारित है।



### चिंतपूर्णी में भी मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, अंब**

भाजपा के 46वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अपर चिंतपूर्णी व लोअर चिंतपूर्णी मंडल में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक बलबीर चौधरी, मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह और विनय शर्मा तथा भाजपा के अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय अंब व सुरूर में ध्वजारोहण किया गया। चिंतपूर्णी के पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बलबीर सिंह ने बताया कि चिंतपूर्णी अपर और लोअर दोनों मंडलों में पार्टी के कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। लोवर मंडल में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विशेष समारोह हुआ, जबकि अपर मंडल का कार्यक्रम अंब कार्यालय में पूरे जोश के साथ मनाया गया। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में अन्य कई बूथों पर भी कई जगह कार्यक्रम आयोजित कई गए, उन सभी कार्यक्रमों में प्रत्येक बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अपर और लोअर दोनों मंडलों के प्रत्येक बूथ पर, बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस की इस पावन बेला पर भाजपा का झंडा हर बूथ पर फहराया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने कहा आज का दिन केवल एक संगठन की स्थापना का स्मरण नहीं, बल्कि उन मूल्यों और संकल्पों की पुन: पुष्टि है, जिनके लिए भाजपा खड़ी है।

### उपमुख्यमंत्री ने पंचायत सामुदायिक केंद्र का किया शिलान्यास

## पंचायतीराज संस्थानों को सशक्त बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गोंदपुर जयचंद ग्राम पंचायत में लगभग 1.14 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पंचायत सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के प्रथम चरण के तहत 35 लाख रुपए की प्रथम किश्त प्राप्त हो चुकी है।

भवन से गांव के लोगों के लिए पंचायत स्तरीय बैठकों, प्रशासनिक गतिविधियों तथा सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित एवं आधुनिक सुविधा उपलब्ध होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतीराज संस्थानों को सशक्त बनाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार ग्रामीण विकास, स्थानीय अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण और पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ठोस कदम उठा रही है। पंचायतों में आधारभूत संरचना की मजबूती की दिशा में काम किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा गांव हमारा लक्ष्य है कि हर पंचायत आत्मनिर्भर हो और हर गांव विकास की मिसाल बने। शिलान्यास कार्यक्रम के उपरांत उपमुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत में स्थित प्राचीन तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस कार्य पर लगभग 1 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है। प्राकृतिक जलस्रोतों के संरक्षण के साथ ही पर्यटन की दृष्टि से उनके पुनरुद्धार के कार्य प्राथमिकता पर किए जा रहे हैं। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री ने 75 लाख रुपए से किए जा रहे मोक्षधाम विस्तार कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि अंतिम संस्कार स्थलों की आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण मानवीय गरिमा से जुड़ा विषय है, जिस पर सरकार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर गोंदपुर जयचंद पंचायत के प्रधान अनुप अग्निहोत्री, दुलैहड़ पंचायत के प्रधान नंद किशोर, नंगल खुर्द पंचायत के प्रधान परवीन कुमार, जिला परिषद सदस्य नरेश कुमारी, पंचायत सदस्य बीना देवी, सत्या देवी एवं अशोक कुमार, एसडीएम विशाल शर्मा, जलशक्ति विभाग के एसडीओ देशराज पाठक, ग्रामीण विकास विभाग के एसडीओ मंजीत सिंह, राजकुमार अग्निहोत्री, सुनील, मुकेश, रीना, हरभजन तथा पूर्व प्रधान कुंगड़त श्याम जोशी सहित अनेक गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया विदाई समारोह

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रूद्रा इंटरनेशनल स्कूल बसाल में 12वीं कक्षा के बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

इसमें सब डिवीजन अंब के एसडीएम विकास शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। 11वीं के बच्चों ने अपने वरिष्ठ साथियों के लिए प्रीति भोज का आयोजन किया तथा रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किए। बच्चों ने अपने-अपने अंदाज में कई प्रकार की गतिविधियों का प्रदर्शन किया कई बच्चों ने विद्यालय में बीते नर्सरी से लेकर 12वीं कक्षा तक के अनुभव साझा किए। पंजाबी, हिंदी गीत गाकर उन्होंने बाकी बच्चों का मन मोह लिया।

## गगरेट पुलिस ने शिकायतकर्ता से करवाई होटल की शिनाख्त

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विवाहिता को साथ लेकर गगरेट पहुंचे आदमपुर के युवक के साथ हुए मारपीट प्रकरण में गगरेट पुलिस ने जांच तेज कर दी है। रविवार को शिकायतकर्ता युवक भी पुलिस तफ्तीश में शामिल हुआ और उसने उस होटल की शिनाख्त भी करवाई, जहां वह विवाहिता के साथ एक रात ठहरा था।

गगरेट पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान दर्ज कर लिए हैं और अब गगरेट पुलिस उन लोगों की तलाश में है, जो इस वारदात में संलिप्त रहे हैं। पुलिस की अब तक की तफ्तीश में सामने आया है कि शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार आदमपुर में ही यूनिसेक्स सैलून चलाता है। अक्सर उसके सैलून पर महिलाएं भी आती हैं। वहीं उसकी बातचीत उक्त महिला के साथ चल पड़ी। करीब छह माह पहले ही महिला की प्रदीप से जान पहचान हुई थी। महिला का पति विदेश में रहता है और प्रदीप उसे लेकर गगरेट के एक होटल में आ गया। हालांकि, उसका भेद नहीं खुलता, लेकिन महिला के रिश्तेदारों को इसकी भनक लग गई, जिस पर उन्होंने पहले वह टैक्सी ड्राइवर ढूंढ निकाला, जो उन्हें छोड़ने यहां आया था। उसी ने सारा भेद खोल दिया और अगले दिन जब प्रदीप महिला के साथ होटल से बाहर निकला, तो महिला के रिश्तेदारों ने उसे पकड़ लिया। प्रदीप के अनुसार उसके बाद उसे अगवा कर वे लोग अपने साथ आदमपुर ले गए और वहां उसकी पिटाई करने के बाद नग्न अवस्था में उसे अस्पताल के बाहर फेंक दिया। आदमपुर पुलिस ने इस मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कर मामला गगरेट पुलिस के हवाले कर दिया था। इसके बाद अब गगरेट पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है। गगरेट पुलिस ने शिकायतकर्ता को शामिल तफ्तीश किया है और इसके बाद उस होटल व कमरे की भी शिनाख्त करवाई गई है, जहां आकर प्रदीप उक्त महिला के साथ ठहरा था। अब पुलिस उन लोगों की तलाश में है, जो इस वारदात में संलिप्त हैं। डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

## कृष्ण व रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनाया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल के गांव नायली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन का कार्यक्रम अत्यधिक विशेष रहा, क्योंकि इस दिन श्री कृष्ण और रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया।

कथा व्यास आचार्य नीरज शास्त्री ने इस प्रसंग को अत्यंत भावपूर्ण और जीवंत तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इस विवाह के प्रसंग ने श्रोताओं को न केवल श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं के प्रति और अधिक आस्था से भर दिया, बल्कि रूक्मणी के चरित्र से जुड़े अद्वितीय पहलुओं को भी उजागर किया। कथा व्यास ने कहा कि माता रूक्मणी, जो भद्रपुरी के राजा भीष्मक की पुत्री थीं, बचपन से ही कृष्ण के प्रति गहरी श्रद्धा और प्रेम रखती थीं। उनकी सुंदरता, गुन और पवित्रता के कारण वे सभी का आकर्षण का केंद्र बन चुकी थी। रूक्मणी का विवाह उनके पिता ने शिशुपाल से तय कर दिया था, लेकिन रूक्मणी ने अपने मन की बात पिता से नहीं कही। वे तो केवल कृष्ण को ही अपना पति मानती थी और उनका विवाह उनसे ही चाहती थी।

आचार्य ने कहा कि रूक्मणी ने अपनी विवाह की इच्छा कृष्ण से व्यक्त की और एक योजना बनाई, जिसमें वे कृष्ण को स्वयं वरमाला पहनाने के लिए अकेले ही उनके पास पहुंचना चाहती थीं। रूक्मणी ने कृष्ण के साथ विवाह के लिए एक लव लेटर भेजा, जिसमें उन्होंने कृष्ण के प्रति अपने प्रेम और विवाह की इच्छा जाहिर की। उन्होंने भगवान कृष्ण को अपनी भावनाओं से अवगत करवाया और एक संदेश भेजा कि वे उन्हें वरण कर लें। आचार्य ने कहा कि देवी रूक्मणी की योजना के मुताबिक कृष्ण ने रूक्मणी के विवाह के लिए उन्हें यथासंभव प्रसन्नता देने का संकल्प लिया। वे चुपके से रूक्मणी के महल में पहुंचे और उसे अपने साथ लेने के लिए तैयार हो गए। रूक्मणी अपने विवाह की तैयारी के समय ही कृष्ण के साथ भागने के लिए तैयार हो गईं।

कृष्ण ने रूक्मणी को अपने रथ में बैठाया और वहां से निकल गए। इस बीच शिशुपाल और उसके अन्य सहयोगी रूक्मणी के विवाह के लिए तैयार हो गए थे, लेकिन कृष्ण ने अपनी दिव्य शक्तियों से उनकी सारी योजनाओं को विफल कर दिया। रूक्मणी को उनके परिवार और राज्य से लेकर कृष्ण के साथ रथ पर बैठने के बाद, उन्हें पूरी दुनिया में अद्वितीय स्थान मिल गया। कथा व्यास ने कहा कि रूक्मणी के विवाह के बाद कृष्ण ने एक ऐतिहासिक विवाह संस्कार किया।

### आरुषि का केकेएचडी फाइनल में चयन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** बंगाणा उपमंडल के आर्य पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा आरुषि शर्मा का योग क्षेत्र की प्रतिष्ठित प्रतियोगिता केकेएचडी के फाइनल में चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर आर्य पब्लिक स्कूल



के प्रबंधक जोगिंद्र देव आर्य एवं शिक्षकों ने कहा कि यह बंगाणा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। आरुषि फाइनल जीतने के लिए प्रतिदिन योग क्रियाओं का कड़ा अभ्यास कर रही है। स्कूल के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने कहा कि इस होनहार छात्रा में समर्पण, अनुशासन और आत्मविश्वास साफ झलकता है। स्कूल प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य सीमा शर्मा, अन्य शिक्षकों तथा अभिभावकों ने आरुषि शर्मा की इस उपलब्धि पर कहा कि आरुषि की मेहनत और लगन से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि स्कूल भविष्य में अन्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों के माध्यम से बड़े मंचों पर भाग लेने के लिए प्रेरित करने की ओर अग्रसर है। स्थानीय शिक्षाविद और कुरुक्षेत्र के लोगों ने भी आरूषी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आरुषि फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन कर स्कूल एवं क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाएगी।

### ठेकेदारों ने फीस जमा नहीं की, तो आबकारी विभाग घोषित करेगा डिफाल्टर

## कम रेट पर शराब बेचने से ऊना के ठेके घाटे में

**सन्नी पुरी, गगरेट**



हिमाचल-पंजाब की सीमा पर स्थित शराब के एक ठेके पर न्यूनतम बिक्री मूल्य से भी कम दाम पर शराब की बिक्री होने से जिला ऊना सहित कांगड़ा जिले के शराब के ठेकों को घाटा हो गया है। हालात यह हैं कि मंहगी फीस पर ठेके उठाने वाले शराब के ठेकेदारों ने इस डर से अभी से अपने सिर पकड़ लिए हैं कि तय कोटे के अनुरूप शराब की बिक्री न होने की सूरत में अगर ठेकेदार फीस जमा करवाने में नाकाम रहे तो कहीं विभाग द्वारा डिफाल्टर न घोषित कर दिए जाएं।

इसी के चलते नियमों को धत्ता बताकर शराब बेचने पर शराब लाबी ने मोर्चा खोल दिया है। रविवार को शराब के ठेकेदारों ने यहां बैठक कर आबकारी विभाग से ही सवाल कर डाला कि मिनिमम सेल प्राइज से कम दाम में शराब बेचने पर आबकारी विभाग क्या कार्रवाई कर रहा है। रविवार को मुबारकपुर सर्किल के ठेकेदार नरेश कुमार, क्योड़ी सर्किल के ठेकेदार पवन कुमार, चलेट सर्किल के ठेकेदार जाकिर हुसैन, बड़ूही सर्किल के ठेकेदार गगनदीप डोगरा, अंब सर्किल के ठेकेदार सोनू कुमार, भरवाईं सर्किल के ठेकेदार राकेश कुमार व नैहरियां सर्किल के ठेकेदार विनोद कुमार ने कहा कि शराब के ठेकों की नीलामी कर आबकारी विभाग तो करोड़ों रुपए कमाकर सरकार का खजाना भरेगा, लेकिन इसके लिए क्या आबकारी विभाग की कोई ऐसी प्लानिंग है कि एक ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए अन्य ठेकेदारों को मार दिया जाए। अभी चालू वित्त वर्ष 2025-26 के ठेकों की नीलामी के बाद शराब की दुकानों पर बिक्री शुरू हुए एक सप्ताह भी नहीं हुआ, लेकिन सीमावर्ती क्षेत्र के एक शराब के ठेके पर शराब की खुली सेल लगा दी गई है। आबकारी नीति के अनुसार शराब की बोतल न तो एमआरपी से अधिक दाम पर बेची जा सकती है और न ही एमएसपी से कम कीमत पर बेची जा सकती है। उन्होंने कहा कि जो ठेकेदार एमएसपी से कम कीमत पर शराब बेच रहे हैं, वे शराब कहां से ला रहे हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि शराब के ठेकों पर पंजाब में शराब भरवा कर यहां बेची जा रही है। आखिर क्या बात है कि आबकारी विभाग की पकड़ में अभी तक यह बात नहीं आई है। न तो अभी तक शराब की ब्लैक करने वालों पर कोई कार्रवाई हो रही है और न ही बीयर बार का लाइसेंस लेकर बोतल की सीधी सेल करने वालों पर कोई कार्रवाई हो रही है। बीयर बार मालिक भी स्थानीय लाइसेंस धारक से शराब का कोटा उठाने की बजाय आखिर कहां से कोटा ला रहे हैं, इस रहस्य से भी पर्दा नहीं उठ पा रहा है, अगर आबकारी विभाग ने इस पर उचित कार्रवाई न की, तो ऐसा न हो कि अगली बार ऊना की शराब की दुकानों की नीलामी में कोई ठेकेदार भाग ही न ले। उधर, आबकारी विभाग के उपायुक्त टिक्कम सिंह का कहना है कि अगर कोई ऐसी शिकायत है, तो इसकी लिखित शिकायत की जाए। विभाग नियमों की अनुपालना न करने वालों के साथ सख्ती से पेश आएगा।

**आयोजन** विधायक विवेक ने परिवार सहित भीमाकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना, हवन यज्ञ कर लिया आशीर्वाद

# भीमाकाली मंदिर आस्था और विश्वास का प्रतीक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने अपनी कुलदेवी भीमाकाली मंदिर भयांबी में भव्य भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने परिवार सहित माता के मंदिर में पूजा-अर्चना की और हवन यज्ञ कर आशीर्वाद लिया।

यह आयोजन स्थानीय निवासियों और श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता था। इस दौरान विधायक ने मंदिर के विकास की दिशा में उठाए जा रहे कदमों के बारे में भी जानकारी दी। विधायक ने कहा कि हमारी कुलदेवी भीमाकाली मंदिर भयंबी कुटलैहड क्षेत्र का एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है, जिसे श्रद्धालु बड़ी आस्था और श्रद्धा के साथ पूजते हैं। यह मंदिर न केवल स्थानीय निवासियों के लिए एक धार्मिक केंद्र है, बल्कि दूर-दूर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है और यहां के वास्तुकला और धार्मिक परंपराएं आज भी अपनी प्राचीनता को बनाए रखती हैं। इस भंडारे के आयोजन में विधायक विवेक शर्मा ने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं से मुलाकात की। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह आयोजन केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा भीमाकाली मंदिर हमारी आस्था और विश्वास का प्रतीक है। हम सब मिलकर इस मंदिर के विकास और इसकी धार्मिक महत्ता को बनाए रखेंगे।

### भगवान न तो परीक्षा से, न समीक्षा से मिलते हैं

**हीना पठानिया, बड़ूही।** सदाशिव भोलेनाथ की नगरी तलमेहड़ा के गांव बड़ोआ में स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में शर्मा परिवार की ओर से सात दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के पहले दिन तलमेहड़ा बाजार में भव्य कलश यात्रा बैंड-बाजे के साथ निकाली गई। तलमेहड़ा के हनुमान मंदिर से शुरू हुई कलश यात्रा में 51 से ज्यादा अधिक महिलाएं शामिल हुईं। पारंपरिक पीले वस्त्रों से महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाते हुए कथा स्थल पर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोचार के बीच कलश स्थापित किए गए। कलश यात्रा में प्रभु श्री राम के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। बता दें कि इससे पहले पंचायत खरयालता में श्रीमद् भागवत कथाएं तो बहुत हुई हैं, लेकिन तलमेहड़ा बाजार के शिव मंदिर बड़ोआ में पहली बार श्री राम कथा का वाचन किया जा रहा है। कथा के पहले दिन आचार्य शिवकुमार शास्त्री ने शिव-सती प्रसंग का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि भगवान न तो परीक्षा से न ही समीक्षा से मिलते हैं। उनका दर्शन तो प्रतीक्षा से होता है। उस अंत को पाने के लिए अनंत धैर्य की जरूरत है।



### श्री राम सेवा समिति बंगाणा ने राम नवमी पर निकाली शोभायात्रा

## राम के आदर्शों को जीवन में उतारने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



बंगाणा उपमंडल में राम नवमी के पावन अवसर पर राम सेवा समिति बंगाणा द्वारा विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसमें प्रभु श्री राम और संकट मोचन हनुमान का स्वरूप जनता को खूब भाया।

यह शोभायात्रा लठियानी से शुरू होकर बंगाणा, पीपलू होते हुए चमुक्खा तक पहुंची। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु, भव्य झांकियों, डीजे की धुनों और भजनों के साथ राम के आदर्शों को जीवन में उतारने का संदेश देते हुए शोभयात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, भाजयुमो नेता अजय ठाकुर, प्रशांत ठाकुर और अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। राम सेवा समिति बंगाणा द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा का प्रमुख उद्देश्य राम जी के जीवन के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना था। शोभायात्रा का मार्ग लाठियानी से शुरू हुआ, जहां से यह बंगाणा, पीपलू और फिर चमुक्खा पहुंची। मार्ग के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया और राम के भजनों की धुनों में झूमते हुए यात्रा का आनंद लिया। पूर्व मंत्री वीरेंद्र ने शोभायात्रा के दौरान अपने संबोधन में कहा कि राम के जीवन के आदर्शों को अपनाकर हम अपने समाज और देश की सेवा कर सकते हैं। समिति बंगाणा का यह कार्य सराहनीय है, जो राम के पदचिन्हों पर चलने का संदेश दे रहा है।

यह शोभायात्रा न केवल धार्मिक है, बल्कि यह हमें नैतिकता, त्याग और समर्पण का भी संदेश देती है। राम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस अवसर पर भाजयुमो नेता अजय और प्रशांत ठाकुर ने शोभायात्रा के सूत्रधार के रूप में अहम भूमिका निभाई। दोनों ने यात्रा के दौरान लोगों को राम के उपदेशों का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। अजय ने कहा हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हम राम के आदर्शों का पालन करते हुए इस शोभायात्रा का हिस्सा बने हैं। यह यात्रा समाज में भाईचारे और प्रेम का संदेश देती है। हम सबको अपने जीवन में राम के सिद्धांतों को लागू करना चाहिए। प्रशांत ने कहा राम नवमी के दिन आयोजित की गई यह शोभायात्रा हम सभी के लिए एक दिव्य अनुभव है। राम का जीवन सच्चाई, धर्म और निष्ठा का प्रतीक है। इस प्रकार की यात्राएं समाज को एकजुट करने का कार्य करती हैं और हमें अपने सामाजिक और धार्मिक कर्तव्यों की याद दिलाती हैं। राम सेवा समिति के सदस्य मदन राणा, चरणजीत शर्मा, राजेंद्र रिंकू और रमेश शर्मा ने भी इस आयोजन में भाग लिया और शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को राम के जीवन और उनके उपदेशों के बारे में विस्तार से बताया।

# मन की मुरादें पूरी करती हैं आनी उपमंडल की मां बाड़ी दुर्गा

**सीआर शर्मा, निरमंड**

यूं हमारा समूचा हिमाचल प्रदेश ही देव भूमि के नाम से विख्यात है। मगर कुल्लू जिला के देवी-देवताओं की ख्याति विश्व पटल पर है। बात यदि कुल्लू जिला के आनी वाहय सिराज क्षेत्र की करें तो यहां की देवियों और महादेव के मन्दिर अधिक हैं। अपने अपने ईष्ट देवी देवताओं के प्रति यहां के लोगों में अटूट आस्था और अगाध श्रद्धा है। खास बात यह कि यहां का ग्रामीण समाज भी इन्हीं देवी देवताओं की मान्यता और आस्था पर निर्भर है।

आनी से लगभग 6 किमी पहले हरिपुर के समीप नदी के साथ सटे बाड़ी नामक स्थान के पास स्थित है दो राज तीन गढ़ की अधिष्ठात्री देवी मां बाड़ी दुर्गा का अलौकिक मंदिर। इस देवी माता के दर्शन को विशेष पर्व पर सैकड़ों भक्तों का तांता लगा रहता है। माता के दर दो भी भक्त फरियाद लेकर आता है, वह मां के आशीर्वाद स्वरूप मनवांछित फल प्राप्त करता है। माता की शक्ति का यश और इसकी अलौकिकता दूर-दूर तक फैली हुई है। (अनंत ज्ञान)



## ऐसे हुई माता की उत्पति



माता बाड़ी दुर्गा से जुड़ी जनश्रुति के अनुसार आदिकाल में माता की मूर्ति तिहणी गांव के तुरली खानदान के व्यक्ति को खेत में हल जोतते समय मिली थी, व्यक्ति को उस समय भविष्यबाणी हुई कि यह मूर्ति उसे नदी किनारे स्थित बाड़ी नामक स्थान के पास एक मन्दिर में स्थापित करनी होगी।

उस व्यक्ति ने तब इस बारे में नजदीकी गांव तुमन के व्राह्मणों से बातचीत की और ब्राह्मणों ने कालांतर में शाई गाँव के शिल्पियों से बाड़ी में एक अलौकिक पहाड़ी शिखर शैली व काठकुणी शैली में मन्दिर का निर्माण करवाया और ब्राह्मणों ने मंदिर की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद माता की मूर्ति को मन्दिर के गर्भ गृह में स्थापित किया। दुर्गा माता की न्याय प्रणाली देव गुर पर आधारित है। गुर खेल में आकर जो वाणी बोलता है, जनता को वह मान्य होती है। माता का मन्दिर बाड़ी नामक स्थान पर है, जबकि इसकी कोठी मंडी जिला के करसोग खंड के चवासी क्षेत्र के गांव छखाना गांव में है। वहीं माता का एक अंश मंदिर शेहुल नामक गांव में भी स्थित है। माता के वर्ष में चार मेले लगते हैं। माता के शेहुल गाँव स्थित मन्दिर की एक दिव्य घटना है कि, कालांतर में देवी माँ पर एक राक्षस ने कुदृष्टि डाली थी, जिस पर माता ने क्रोधित होकर राक्षस को सबक सिखाने के लिए विराट रूप धारण किया और उसका पीछा करते हुए जमीन से एक विशालकाय देवदार के पेड़ को जड़ समेत उखाड़कर राक्षस पर उसका प्रहार किया, जिससे राक्षस मारा गया। पेड़ के आगे का सिरा शेहुल नामक स्थान पर जमीन में धंस गया और जड़ वाला हिस्सा उपर की तरफ। यह पेड़ इस गाँव में आज भी विद्यमान है।

## न्यूज ब्रीफ

### ओशो फ्रेंड्ज होम में 12 को लगेगा रेकी हीलिंग शिविर



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** कुल्लू व मंडी जिला की सीमा पर स्थित बजौरा के पास रोपा में स्थित ओशो फ्रेंड्स होम में 12 अप्रैल को एक दिवसीय रेकी हीलिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रेकी हीलिंग की मास्टर छवि ठाकुर व ओशो फ्रेंड्स होम के संचालक केशव ठाकुर ने बताया कि शिविर में आने वाले प्रतिभागियों के लिए रेकी हीलिंग शिविर में रेकी की प्रक्रिया के संबंध में अभ्यास करवाया जाएगा। रेकी हीलिंग की मास्टर छवि ठाकुर ने बताया कि रेकी हीलिंग जापान से निकली हुई शारीरिक व मानसिक उपचार प्रक्रिया विधि है। रेकी की मास्टर छवि ठाकुर के मुताबिक रेकी ब्रह्मांडीय ऊर्जा है, जिसकी प्रक्रिया को करने से मन को साफ करने में मदद मिलती है और शरीर को तनाव से राहत पहुंचाने की अनुमति देती है। वहीं, जीवन में किसी भी वित्तीय रुकावट के साथ प्रकाश और सार्वभौमिक जीवन शक्ति को प्रवाहित करने में मदद करता है।

### सुखविंद्र बने ट्रक ऑपरेटर यूनियन के प्रधान



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल ।** महालक्ष्मी 407 पिकअप मिनी ट्रक ऑपरेटर यूनियन पतलीकूहल के प्रधान पद के लिए रविवार को चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव कटराईं पंचायत के वार्ड सदस्य डोलाराम और पंचायत सचिव हर्षदीप की देखरेख में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इसमें सुखविंद्र मेहता को प्रधान चुना गया। इससे पहले यूनियन के अन्य पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। अड्डा इंचार्ज के रूप में सुरेश कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर रोशन लाल, सचिव पद पर वीरेंद्र कुमार और उप प्रधान पद पर मनोज कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। यूनियन के सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

### प्रवासी श्रमिकों को बिना पंजीकरण न रखें काम पर

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी उपमंडल में कोई भी नियोक्ता, ठेकेदार या व्यापारी कुल्लू जिले में किसी भी प्रवासी श्रमिक को बिना पंजीकरण के काम पर नहीं रखेंगे। प्रवासी श्रमिकों को अपने पासपोर्ट आकार के फोटो सहित अपनी पहचान प्रमाण (जैसे पासपोर्ट, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस) और उनके कागजात संबंधित पुलिस थाने में जमा कराना अनिवार्य होगा। जिला दंडाधिकारी कुल्लू तोरुल एस रवीश की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने कहा कि ये आदेश आनी उपमंडल में भी यथावत लागू होंगे। जारी आदेशों के अनुसार जिला में सभी होटलों, होम-स्टे और गेस्ट हाउस के मालिकों को प्रत्येक आगंतुक का पहचान पत्र (आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि) और मोबाइल नंबर अपने रिकॉर्ड में रखेंगे। सभी दुकानदारों, ठेले वालों, फेरी वालों, शॉल विक्रेताओं और निर्माण/कृषि संबंधित श्रमिकों का पंजीकरण स्थानीय पुलिस थाना में किया जाएगा।

### चंद्रा नदी में बहे पर्यटक, एक की मौत, दूसरा लापता

**अनंत ज्ञान, केलांग।** पुलिस कंट्रोल रूम केलांग में 108 हेल्पलाइन से एक सूचना प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि एक व्यक्ति सिस्सू के पास नदी में बहते हुए देखा गया है। सूचना प्राप्त होने पर रेस्क्यू टीम रवाना की गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह दो व्यक्ति थे जो पिछले कल रात को मनाली में एक होटल में ठहरे हुए थे। रविवार को स्थानीय गाड़ी जो एजेंट द्वारा बुक कराई गई थी सभी उसी गाड़ी में सिस्सू आए थे। ये दोनों पर्यटक सिस्सू में हेलीपैड के पास चंद्रा नदी पर पुरानी टूटी हुई लोहे पुलिया पर चढ़े हुए थे जिसके ऊपर से पानी का बहाब जा रहा था और अचानक एक व्यक्ति का पैर फिसलने के कारण और दूसरा उसको बचाने के प्रयास में दोनों एक साथ चंद्रा नदी में गिर गए। जब दोनों व्यक्ति चंद्रा नदी में गिरे तो एक व्यक्ति पानी में डूब कर गायब हो गया। उक्त सूचना के आधार पर जिला पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। जानकारी के अनुसार दूसरे व्यक्ति का नाम सामर्थ निवासी झारखंड मालूम हुआ है जो अमर कुमार का दोस्त है। बरामद व्यक्ति की बॉडी को तुरंत अस्पताल भेजा गया है। जहां डॉक्टर के द्वारा उपरोक्त व्यक्ति को मृत घोषित किया गया है। वहीं, दूसरे व्यक्ति की तलाश अभी भी जारी है।

# अंगुडोभी व देवधार में बनेगा रेलवे स्टेशन

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

दुनिया की सबसे ऊंची एवं देश की सबसे महत्वाकांक्षी और सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण लेह रेलवे लाइन बनाने की कवायद ने गति पकड़ ली है। रेलवे ट्रैक एलाइनमेंट (सेंटर सर्वे) का कार्य जिला मंडी के बाद अब कुल्लू जिला में किया जा रहा है। सेटेलाइट सर्वे के आधार पर बुर्जियां लगा कर प्रस्तावित रेलवे ट्रैक को चिन्हित किया जा रहा है। यह सर्वे फाइनल है या नहीं इसकी रिपोर्ट पूरा सर्वे होने के बाद जारी की जाएगी।

आजकल कुल्लू के कटराईं बाड़ी जैंडी बड़ाग्रां में सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिन स्थानों पर इस वक्त सर्वे को किया जा रहा है इसी एलाइनमेंट पर पहले भी सर्वे किया जा चुका है। उझी घाटी के बाड़ी व बड़ाग्रां में पहले भी इन्हीं स्थानों के आसपास बुर्जियां लगाई गई थीं। इसी ट्रैक पर दोबारा सर्वे होने के कारण इस रेलवे ट्रैक के फाइनल होने की संभावना है। (अनंत ज्ञान)

## सेऊबाग से आगे रायसन, कटराईं होते हुए मनाली तक रेलवे ट्रैक की बुर्जियां लगाने का काम जारी




### नगवाईं में बनेगा फ्लाई ओवर

**सूत्रों** से मिली जानकारी के अनुसार मंडी जिला के नगवाईं से फलाईओवर बनेगा तथा रेल लाईन हुरला होते हुए कुल्लू जिला में प्रवेश करेगी। रेलवे ट्रैक हुरला, रूआडु, कहुधार होते हुए जिया पंहुचेगा। कुल्लू के अंगुडोभी व देवधार में रेलवे स्टेशन बनाए जाने की योजना है।

### तीन चरणों में होगा काम

**जानकारी** के अनुसार मंडी से लेकर मनाली तक रेल ट्रैक में कई सुरंगें और फ्लाई ओवर बनाए जाएंगे। बिलासपुर-मनाली-लेह रेललाइन का निर्माण तीन चरणों में होगा। इसकी लंबाई 465 किलोमीटर होगी । जो पहले सर्वे में 485 किलोमीटर के करीब थी ।

### जिया से तलोगी तक होगा सुरंग का निर्माण

**सूत्र** बताते हैं कि जिया से तलोगी तक सुरंग के निमार्ण की योजना है, तलोगी से बनौंतर होते हुए ट्रैक अंगुडोभी पहुंचेगा वहीं अंगुडोभी व देवधार में रेलवे स्टेशन बनाए जाने की योजना है। इसके बाद ट्रैक न्यूली व काईस होते हुए सेऊबाग पहुंचेगा तथा सेऊबाग व रायसन के बीच ब्रिज के माध्यम से ब्यास नदी पार कर कटराईं बड़ाग्रां होते हुए मनाली तक बनाए जाने की योजना है।

### लोगों का कई घंटों का सफर होगा कम

**इस** परियोजना के बनने से बारालाचा पास व तंगलंगला जैसे दर्रों को पार करने से भी निजात मिलेगी। साथ ही कई घंटों का सफर भी कम होगा।

# पंजाब के 50 प्रतिभागियों ने पिरड़ी में सीखे राफ्टिंग के गुर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देश के एकमात्र रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण केंद्र पिरड़ी (कुल्लू) में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए और नदी में बचाव कार्यों के लिए बेसिक रिवर राफ्टिंग ट्रेनिंग दी गई। 10 दिवसीय इस प्रशिक्षण कोर्स में युवा सेवा एवं खेल विभाग की ओर से पंजाब के 48 युवाओं एवं 2 अधिकारी मौजूद रहे। 10 दिवसीय यह प्रशिक्षण कोर्स अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान की ओर से करवाया गया।

रिवर राफ्टिंग केंद्र पिरडी के प्रभारी अनुदेशक गिमनर सिंह ने बताया कि 10 दिनों तक आयोजित हुए इस शिविर में युवाओं को आपदा के दौरान नदी के रास्ते रेस्क्यू तकनीक सिखाई गई है। गिमनर सिंह ने बताया कि शिविर में पंजाब के 23 जिलों के कुल 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया कि इस दौरान युवा ब्यास नदी की धारा में रिवर राफ्टिंग के साथ रिवर क्रॉसिंग, तैराकी, रिवर क्रॉसिंग करने के गुर सिखाए गए।

इस अवसर पर जल शक्ति विभाग कुल्लू डिवीजन के अधिशासी अभियंता अमित मिरुपा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट एवं बैच प्रदान किए। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान के निदेशक अविनाश नेगी ने प्रतिभागियों के सफल प्रशिक्षण के लिए उन्हें बधाइयां दी।

# कुल्लू और लाहौल-स्पीति में भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान टीम, कुल्लू/केलांग/पतलीकूहल**

जिला कुल्लू व लाहुल स्पीति में भाजपा की ओर से पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय कुल्लू स्थित ढालपुर में जिला अध्यक्ष अमित सूद की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं, भाजपा सैंज मंडल ने स्थापना दिवस मनाया। मंडल अध्यक्ष अमर ठाकुर की अध्यक्षता में मनाए गए इस कार्यक्रम में बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जबकि कुल्लू जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष भीमसेन शर्मा मुख्य वक्ता रहे।

मनाली विधानसभा क्षेत्र के दोनों मंडल, नग्गर और मनाली में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया और नग्गर मंडल के नए कार्यालय का उद्घाटन भी किया।

उधर, लाहौल स्पीति भाजपा ने केलांग में पार्टी का 46 वां स्थापना दिवस मनाया। केलांग में आयोजित स्थापना दिवस में पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

केलांग में रवि ठाकुर ने केलांग में खुले पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रिगजिन हायरपा, लाहौल मंडल अध्यक्ष तंजिन कटोच, उदयपुर मंडल अध्यक्ष किशोरी रावत, जिला एसटी मोर्चा अध्यक्ष अजीत सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सात दिन में चिट्टे का सेवन करते 11 युवा काबू

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला कुल्लू में चिट्टे का सेवन करने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। जिला के कई स्थानों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें कुछ युवा, निजी बस के चालक-परिचालक व अन्य कुछ लोग चिट्टे के इंजेक्शन लगाते हुए देखे व पकड़े गए हैं। वहीं, अब कुल्लू के कोलीबेहड़ क्षेत्र में स्थानीय कमेटी ने चिट्टे का सेवन करते हुए पिछले सात दिनों में 11 युवाओं को पकड़ा है।

सनद रहे कि जिला मुख्यालय कुल्लू के साथ सटे कोलीबेहड़ गांव के ग्रामीणों ने चिट्टे के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है। इस दौरान सभी युवाओं को उनके परिजनों और कोलीबेहड़ के ग्रामीणों ने नशा मुक्ति केंद्र भेजा गया। स्थानीय निवासी तारा नेगी ने बताया कि मौहल खड्ड में चार युवाओं को चिट्टे का नशा करते हुए पकड़ा गया। ग्रामीणों ने 11 लोगों को चिट्टे का सेवन करते हुए पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि कोलीबेहड़ के ग्रामीणों की चिट्टे के विरुद्ध आने बाले समय में भी मुहिम जारी रहेगी।

# पतलीकूहल बाईपास के समीप रातों रात खड़ा कर दिया टीन का खोखा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

एक तरफ जहां पतलीकूहल पहले से ही खोखों के अवैध निर्माण से जूझ रहा है, वहीं गत रात पतलीकूहल बाईपास के समीप एक टीन के खोखे को रातों खड़ा कर दिया गया है। यह निर्माण फ्लाईओवर से पतलीकूहल बाजार को जाने वाले पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिव मंदिर के प्रवेश द्वार के समीप किया गया है।

शिव मंदिर कमेटी के प्रधान अर्जुन देव गौतम ने कहा कि शिव मंदिर में सामुदायिक भवन भी बना हुआ हैं, जिसमें आए दिन विवाह, जगराते और धार्मिक अनुष्ठान किए जाते है और लोग व श्रद्धालु अपने वाहन पार्क करते है, लेकिन अवैध कब्जे और खोखो के निर्माण से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं वही पतलीकूहल चौक के चारों ओर अपनी आजीविका कमाने के लिए पहले ही रेहड़ी और खोखों का काफी निर्माण किया जा चुका है,



जिसके चलते यहां दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। पतलीकूहल बाजार में लोगों को पहले ही पार्किंग की असुविधा से दो-चार होना पड़ रहा है ऐसे में खाली पड़ी सरकारी भूमि पर खोखों के निर्माण से पार्किंग की जगह भी खत्म होती जा रही है। अवैध निर्माण के चलते खरीददारी के लिए पतलीकूहल आने वालों को पार्किंग न होने के कारण अपनी गाड़ियों को खड़ी करने के लिए जगह नहीं मिल पाती है। नए बने राष्ट्रीय राजमार्ग 3 के बाजार के बाहर से बाईपास निकालने के बाद पुराने राजमार्ग पर अवैध निर्माण से लोगों को असुविधा झेलनी पड़ रही है।

पतलीकूहल से नग्गर को जाने वाली सड़क पर तो अवैध निर्माण की भरमार है जबकि इस सड़क पर कई सरकारी कार्यालय स्थित है। बाईपास के साथ ही शिव मंदिर के समीप सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया है। इस भवन में कई समारोह आयोजित किए जाते हैं और जिस स्थान पर खोखों का निर्माण किया गया है उस स्थान पर समारोह में शामिल होने वाले लोग अपनी गाड़ियों को पार्क करते हैं। जबकि इसी स्थान पर ग्रामीण हाट का निर्माण भी किया जा चुका है।

> हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के आदेशानुसार अवैध कब्जों और निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है अगर किसी के द्वारा भी अवैध कब्जा किया गया है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।
>
> **-विकास शुक्ला, उपमंडलाधिकारी अधिकारी कुल्लू ।**

# कुल्लू जिला कराटे संघ की कमान हरीश शर्मा के हाथ




**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जिला कराटे संघ कुल्लू के गवर्निंग बॉडी के चुनाव रिटर्निंग अधिकारी अधिवक्ता डीआर भारद्वाज द्वारा संपन्न कराए गए। इस चुनाव प्रक्रिया में जिला कराटे संघ कुल्लू से जुड़े छह कराटे क्लबों के सदस्यों ने भाग लिया। डीआर भारद्वाज ने बताया कि चुनाव जिला कराटे संघ के उपनियमों व कानूनों के तहत पारदर्शी तरीके से करवाए गए। चुनाव प्रकिया की अध्यक्षता वार्ड नं. 11की पार्षद अमीना महंत राजगौर द्वारा की गई।

कराटे संघ हिमाचल प्रदेश से पर्यवेक्षक के रूप में रेन्शी हंस राज व जिला युवा सेवा एवं खेल विभाग कुल्लू से पर्यवेक्षक के रूप में संजय शुक्ला उपस्थित रहे। इस चुनाव प्रक्रिया में हरीश शर्मा अध्यक्ष, नीलम उपाध्याय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुधांशु सूद उपाध्यक्ष, केएस पराशर महासचिव, नरोत्तम चंद व लीला कार्की सह सचिव, सोनू कुमार कोषाध्यक्ष, रजनीश कुमार व यादव राम कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। वेद प्रकाश को संघ का चेयरमैन और राकेश कुमार को ज्वाइंट चेयरमैन मनोनीत किया गया।

रिटर्निंग अधिकारी डीआज भारद्वाज, पर्यवेक्षक रेन्शी हंसराज व संजय शुक्ला, पार्षद अमीना महंत राजगौर ने सभी चुने हुए पदाधिकारियों को बधाई दी। अध्यक्ष हरीश शर्मा ने कराटे संघ हिमाचल प्रदेश के चेयरमैन हेंशी जनक राज जम्वाल, प्रधान सन्दीप कुमार व महासचिव दामन जम्वाल को उनके सहयोग व दिशा निर्देश के लिए आभार व्यक्त किया।

## पर्यटन | पर्यटन नगरी मनाली में बढ़ीं पर्यटकों की आमद

# रोहतांग दर्रे के दीदार को अभी करना होगा इंतजार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग**

अटल टनल के साथ साथ सैलानियों की पहली पसंद रहने वाला 13,050 फुट ऊंचा रोहतांग दर्रा अभी पर्यटकों के बिना सूना पड़ा हुआ है। रोहतांग दर्रा का दीदार करने के लिए अभी भी पर्यटकों को इंतजार करना होगा। हालांकि बीआरओ की टीम मार्ग बहाली में युद्धस्तर से जुटी हुई है लेकिन बहाली में अभी कुछ समय लगेगा। लिहाजा, देश विदेश के पर्यटकों को रोहतांग दर्रे के दीदार के लिए अभी लम्बा इंतजार करना होगा।

**सिस्सू में लग रहा पर्यटकों का मेला**



रोहतांग दर्रे में लगी वाहनों की कतार। (फाइल फोटो)

मनाली की ओर से बीआरओ के डोजर राहलाफाल व ब्यास नाला के बीच सड़क बहाली में जुटे हैं। जबकि लाहुल की ओर डोजर अभी कोकसर से आगे बढ़े हैं। ऐसे में रोहतांग दर्रे की बहाली को अभी इंतजार करना होगा।

उधर, सप्ताहान्त के चलते रविवार को पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों का सैलाब उमड़ा पड़ा। कोकसर के कुठ बिहाल से सिस्सू तक पर्यटक बर्फ का आनंद उठा रहे हैं। मनाली से लाहुल तक पर्यटकों की भीड़ से रौनक बढ़ गई है। वहीं, अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ व साउथ पोर्टल सहित सिस्सू में भी पर्यटकों का मेला लगा रहा।

मनाली में अप्रैल के पहले सप्ताह पर्यटकों की संख्या में अधिक बढ़ोतरी नहीं हुई है लेकिन आने वाले समय में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। तीन दिन में बाहरी राज्यों से तीन हजार पर्यटक मनाली पहुंचे हैं। पर्यटन कारोबारी रोशन लाल व रतन ने बताया कि सप्ताहांत के चलते पर्यटकों की आमद बढ़ी है। उन्होंने बताया कि लाहुल के पर्यटन स्थलों में भारी रौनक देखने को मिली है। उन्होंने बताया कि रविवार को पर्यटकों ने जिप लाइन सहित बर्फ की विभिन्न खेलों का आनंद लिया। (अनंत ज्ञान)

### पर्यटन कारोबारी खुश

**रोहतांग** दर्रे निहारने के लिए पर्यटकों को अभी इंतजार करना होगा। पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने से मनाली के पर्यटन कारोबारी खुश हैं। रोहतांग दर्रा खुलने के बाद मनाली में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। कोठी के पर्यटन कारोबारी सुरेश, लुदर व नंद लाल ने बताया कि सभी पर्यटन कारोबारियों को मढ़ी व व्यासनाला के बहाल होने की उम्मीद है।

> रोहतांग दर्रे के दीदार को अभी इंतजार करना होगा। बीआरओ के मढ़ी से आगे निकलने पर पर्यटकों के लिए व्यासनाला पर्यटन स्थल बहाल किया जाएगा। मढ़ी की ओर जाने वाले पर्यटकों को अभी कुछ दिन इंतजार करना होगा
>
> **-केडी शर्मा, डीएसपी, मनाली।**

# युवा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एथलीट दिखाएंगे दमखम



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में एथलीट दमखम दिखाएंगे। जिला स्तरीय एथलेटिक्स 18 से 20 अप्रैल तक करवाई जाएगी। कुल्लू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के महासचिव युवराज वर्मा ने बताया कि 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक ढालपुर मैदान में तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20 और ओपन वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी। इनमें पुरुष और महिला वर्ग की एथलीट शामिल हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन नशे के खिलाफ युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एथलेटिक्स प्रतियोगिता करवा रही है। महिला वर्ग में 60 और 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉटपुट-दो किलोग्राम रहेंगी। अंडर-16 पुरुष और महिला वर्ग में 100, 300, 800 और 2000 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉट पुट तीन और चार किलोग्राम किग्रा, डिस्कस थ्रो-1.2 किलोग्राम, भाला फेंक और मिश्रित रिले स्पर्धाएं होंगी।

अंडर-18 के महिला और पुरुष वर्ग में 100 , 200, 400, 800, 1500 और 3000 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, ट्रिपल जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक, मिश्रित रिले शामिल हैं। ओपन में महिला-पुरुष वर्ग में दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, ट्रिपल जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक, रिले और मिश्रित रिले स्पर्धा होगी। एसो. के महासचिव युवराज वर्मा ने कहा कि एथलीट को पंजीकरण प्रक्रिया गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन पूरी करनी होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### वाल्मीकि मंदिर निर्माण के लिए दिए 31 हजार



**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन शहर में श्री वाल्मीकि मंदिर के निर्माण कार्य में सेवानिवृत्त अध्यापिका किरण बाला ने 31 हजार रुपए की दान राशि दी है। यह राशि श्री वाल्मीकि सभा युवा विकास क्लब नाहन को सौंपी गई है, जो मंदिर के निर्माण कार्य को सुचारू रूप से आगे बढ़ा रहा है। नाहन शहर में समस्त वाल्मीकि समाज के सहयोग से श्री वाल्मीकि जी का मंदिर निर्माण जारी है। इस कार्य में किरण बाला और उनके पति हरीश कल्याण ने मिलकर दान की राशि प्रदान की है, जो मंदिर के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगी। श्री वाल्मीकि सभा युवा विकास क्लब नाहन के उपप्रधान आकाश कुमार ने मंदिर निर्माण के लिए योगदान देने के लिए किरण बाला और उनके परिवार का आभार व्यक्त किया।

### धूमधाम से मनाया नवरात्र व नववर्ष पर्व

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा सीमेंट मांगू खनन विभाग में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र और नववर्ष के उपलक्ष में पूजा अर्चना सभी कर्मचारियों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ की गई। कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र के सीएमओ मुकेश सक्सेना और इकाई प्रमुख राजेंद्र कुर्मी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आज के इस पूजा अर्चना के कार्यक्रम में दोनों माइनिंग के कर्मचारियों ने भाग लिया।सभी श्रमिकों और कर्मचारियों ने मिलकर हवन में आहुति दी, जिसमें उत्तर क्षेत्र के मानव संसाधन प्रमुख दिग्विजय शर्मा ने दुर्गा माता की जय घोष की और कहा कि इस प्रकार की गतिविधि से उद्योग में शांति रहती है और यह कार्यक्रम होते रहने चाहिए। इस पूजा अर्चना में खनन विभाग से सुरेश कुमार, टेकचंद भुनेश्वर, गोविन्द राम बिट्टू, सुल्ली से राकेश महाजन, विनोद कुमार, कमलजीत आदि उपस्थित रहे।

### डॉ. बिंदल ने घर की छत पर फहराया पार्टी का ध्वज



**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस के अवसर पर आज पूरे जिला सिरमौर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। प्रदेश भाजपा मुख्यालय से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पितृपुरुषों को याद किया और पार्टी के ध्वज को सलामी दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने आज सुबह अपने निवास स्थान पर भारत माता, श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके पश्चात उन्होंने अपने परिजनों के साथ घर की छत पर भाजपा का ध्वज फहराया। प्रदेश अध्यक्ष के अलावा, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार, पूर्व मंत्री व विधायक पोंटा साहिब सुखराम चौधरी, पूर्व विधायक शिलाई विधानसभा क्षेत्र बलदेव तोमर, पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप और भाजपा के वरिष्ठ नेता बलदेव भंडारी, प्रदेश भाजपा सचिव मनीष चौहान सहित कई नेताओं ने ध्वज फहराया।

### पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक होगा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सोलन में पोषण अभियान के अंतर्गत सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल, 2025 तक आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी सोलन डॉ. पदम शर्मा ने दी। डॉ. पदम शर्मा ने कहा कि सातवें पोषण पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों से बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन, जीवन के पहले 1000 दिनों पर विशेष बल तथा पोषण ट्रैकर संबंधी जानकारी दी जाएगी।

### भाजपा ने पांवटा साहिब में मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब ।** भारतीय जनता पार्टी पांवटा साहिब के दोनों मंडलों के 106 बूथों पर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओ ने अपने-2 घर पर पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर सुखराम चौधरी ने अपने बूथ नं. 13 पर अपने घर पर पार्टी का झंडा कार्यकर्ताओं सहित फहराया। उन्होंने कहा कि पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, जिसके लिए पार्टी के अनेके कार्यकर्ताओ ने बलिदान दिया है।

# नगर निगम सोलन का बजट आज

## आय के साधन जुटाने की चुनौती; होर्डिंग, पार्किंग और प्रॉपर्टी टैक्स पर फोकस रहेगा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट सोमवार को पेश करने जा रही है। बजट में शहर की स्वच्छता, विकास और आय के साधन जुटाने की चुनौती रहेगी।

यह निगम बनने के बाद चौथा बजट होगा। शिमला, मंडी, पालमपुर और धर्मशाला नगर निगमों ने पहले ही वित्तीय वर्ष का बजट पेश कर दिया है जबकि नगर निगम सोलन का बजट में देरी हो गई। इसका कारण शहर के वार्ड क्षेत्रों में आयोजित समाधान शिविर भी है। बहरहाल निगम पर शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल रहने के लिए खास इंतजाम करने होंगे।

इसी तरह शहर में बढ़ते अतिक्रमण को रोकने के लिए राजगढ़ रोड पर फुटपाथ का निर्माण और लोगों के स्वास्थ्य के अंतर्गत स्वच्छ पानी और रेहड़ी-फड़ी की समस्या के समाधान के लिए वेंडर मार्केट में अतिरिक्त दुकानों का निर्माण निगम की प्राथमिकता रहेगी। पिछले वित्त वर्ष में निगम ने 208 करोड़ रुपए का बजट पेश किया था। इस बार का बजट में बढ़ोतरी की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

### बिजली पर सेस भी विकल्प



**निगम** ने गत वर्ष के बजट में शहर में शराब के ठेकों से प्रति बोतल दो रुपए के बजाए पांच रूपए सेस लेने के प्रस्ताव को सरकार की मंजूरी का भेजा था। लेकिन इसका लाभ नहीं मिल पाया। यदि सरकार से इसकी मंजूरी मिली तो निगम को प्रति वर्ष 75 लाख रुपए अतिरिक्त आय होगी। साथ ही स्ट्रीट लाइट पर प्रति यूनिट लगने वाले एक पैसा सेस में को 10 पैसा करने के प्रस्ताव को भी बजट में शामिल किया जा सकता है। इस निर्णय से 65 लाख रुपए की अतिरिक्त आय का अनुमान है। बजट में शहर के सौंदर्यीकरण के साथ पार्कों के जीर्णोद्धार पर फोकस हो सकता है।

### होर्डिंग, पार्किंग और प्रॉपर्टी टैक्स से बढ़ेगी आर्थिकी

**नगर** निगम सोलन को वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में आय जुटाने की चुनौती रहेगी। शहर की जनता को पिछले तीन वर्ष से एक अच्छे बजट का इंतजार है क्योंकि पिछले वर्ष के बजट की अधिकतर प्रस्तावित योजनाएं अभी अधर में है। ऐसे में नगर निगम सोलन पर लोगों को राहत देने और आय के साधन जुटाने की चुनौती रहेगी। इस बार शहर में लगी एलईडी स्क्रीन से आय के साधन जुटाने का लक्ष्य है। इसी तरह होर्डिंग, पार्किंग और प्रॉपर्टी टैक्स से भी निगम की आर्थिक में सुधार होने की उम्मीद है। आय के साधन जुटाने के लिए नए वित्तीय वर्ष में वार्ड क्षेत्रों में छोटी पार्किंग, येलो लाइन पार्किंग बनाने का प्रस्ताव लाया जा सकता है। निगम अपनी चल संपत्तियों पर बाजार दर की औसत के मुताबिक किराया तय करेगा। इसमें मुख्यतः निगम की दुकानें, हॉल और लीज पर दी गई संपत्ति शामिल है। निगम को 3 करोड़ आय का अनुमान है।



"निगम ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में विकास और जन सुविधा का ध्यान रखा जाएगा। बजट में आय के साधन बढ़ाने और वार्ड क्षेत्रों के विकास को धनराशि उपलब्ध करवाने का प्रयास रहेगा।

-उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन।

### हाउस में उठेंगे लंबित विकास कार्यों के मुद्दे

**नगर** निगम सोलन का जनरल हाउस तीन महीनों के इंतजार के बाद आखिरकार शुक्रवार को आयोजित होगा। इसके लिए नगर निगम ने एजेंडा तैयार कर लिया है। हाउस में मुख्यतः शहर में लंबित विकास कार्य और नए कार्य शुरू न होने का मुद्दा गर्माने वाला है। नए मीटिंग हॉल में पहले बार हो रहे जनरल हाउस में ठेकेदारों की लंबित पेमेंट और इस वर्ग की तरफ से रोके गए विकास कार्यों का मुद्दा भी उछलेगा। इस बार शहर में लगी एलईडी स्क्रीन से आय के साधन जुटाने का लक्ष्य है। इसी तरह होर्डिंग, पार्किंग और प्रॉपर्टी टैक्स से भी निगम की आर्थिक में सुधार होने की उम्मीद है। इस बार सलोगड़ा डंपिंग साइट और प्रॉपर्टी टैक्स की खामियों को लेकर हंगामे के आसार है। इसी तरह शहर के पुराना बस स्टैंड में पार्किंग निर्माण के लिए सेना से जमीन अदला बदली पर भी प्रस्ताव लाया जाएगा। नगर निगम सोलन मेयर उषा शर्मा ने कहा कि जनरल हाउस का एजेंडा तय किया गया है। इसमें मुख्यता शहर के विकास कार्यो पर चर्चा होगी। नया मीटिंग हॉल बनने से हर महीने हाउस करने में आसानी होगी।

# वार्षिक समारोह में देवताओं के चरणों में लोगों ने नवाया शीश



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दी बाघल लैंड लूजर परिवहन सहकारी सभा सीमित दाड़लाघाट ने अपने वार्षिक समारोह में 9 देवताओं की 25 वीं जात्रा का आयोजन किया। जात्रा में विधायक अर्की संजय अवस्थी और यूनिट हेड अंबुजा राजेंद्र कुर्मी, मनोज कौशल विशेष रूप से मौजूद रहे। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 9 देव पालकियों ने शिरकत की।

देव मिलन के भव्य आयोजन में समस्त क्षेत्रों से पधारे देवताओं के चरणों मे लोगों ने शीश नवाया। देव पालकियों में बाड़ूबाड़ा दाड़लाघाट, देव मंढोड ड्वारु,देव शाठक, देव मंढोड मांगू,देव संघोई, देव कोलका, देवता हरसंग बड़ोग, देव कश्लोग व माता भीमा काली करसोग उपस्थित रहे।

दूसरे दिन देव पूजा के साथ देवताओं का रोमांचक नृत्य श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है। लोग बड़ी संख्या में पधारकर देवार्चन करते हैं। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। वहीं सभा प्रधान जगदीश ठाकुर, सोसाइटी के समस्त सदस्यों ने दोपहर बाद देवताओ की पूजा अर्चना की। विधायक अर्की संजय अवस्थी ने यहां पहुंचने पर 10 देवताओं का आशीर्वाद लिया। इससे पहले बाघल लैंड लूजर परिवहन सभा समिति दाड़लाघाट के प्रधान जगदीश ठाकुर ने विधायक अर्की का स्वागत किया और ट्रांसपोर्ट आपरेटरों की समस्याओं से उन्हें अवगत करवाया।

बाघल लैंड लूजर के प्रधान जगदीश ठाकुर व उपप्रधान ऋषि राज गांधी ने बताया कि ये कार्यक्रम समस्त ट्रांसपोर्टरों के सहयोग से कई वर्षों से लगातार होता चला आ रहा है। इससे पहले हिमाचली संगीत के कलाकार विशेष रूप से हिमाचली जोड़ी अर्जुन गोपाल व रंजना रघुवंशी, इंदु शांडिल, सुरेश सोहिल, गोलू कश्यप ओर एंकर पूजा शर्मा ने उपस्थित जन समूह का भरपूर मनोरंजन किया।

# राजेश धर्माणी ने जानी खोखाधारकों की समस्या

**अनंत ज्ञान, परवाणू**

उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार हिमुडा द्वारा कार्रवाई के बाद रविवार को आवास विकास मंत्री राजेश धर्माणी ने परवाणू का दौरा कर झुग्गियों व खोखा धारकों की समस्या को सुना। उन्होंने नगर परिषद के पार्षदों व हिमुडा के अधिकारीयों से परवाणू में बने आईएचएसडीपी के मकानों को झुग्गी वालों को आबंटन न करने पर सवाल किए तथा मकान न दिए जाने के कारण पूछे।

गौर हो कि आईएचएसडीपी के 192 मकान परवाणू थाने के पीछे बनी झुग्गियों के सर्वे के आधार बनाए गए थे। 2012 में मकान तैयार होने के बाद 2016 तक हिमुडा द्वारा नगर परिषद को सौंप दिए गए परंतु नगर परिषद द्वारा 2016 तक केवल 59 मकान आबंटित किए गए। शेष 133 मकानों को नगर परिषद द्वारा पात्र न मिलने की बात कहकर 2023 - 24 ठेकेदार के माध्यम से किराए पर दे दिए गए। जबकि झुग्गी वालो द्वारा 2012 से 2016 तक जितने भी आवेदन दिए गए उनमे से किसी को भी मकान आबंटित नहीं किए गए जिसके साक्ष्य उनके पास मौजूद हैं।

इसी प्रकार रेहड़ी खोखा धारकों के लिए भी हिमुडा द्वारा नगर परिषद को 2017 में वेंडिंग जोन के तहत भूमि आबंटित की गयी थी परन्तु नगर परिषद द्वारा इस बारे कोई कार्रवाई आज तक अमल में नहीं लाइ गयी। नगर परिषद की अनियमितताओं व नियमों के उलंघन का खामियाजा परवाणू के प्रवासियों एवं खोखा धारकों को भुगतना पड़ रहा है। जबकि झुग्गियों में रहने वाली गुड्डी देवी जिसका पति विकलांग है तथा वह लोगों के घरों में काम कर अपने परिवार का जीवनयापन करती है को मुख्यमंत्री जयराम द्वारा निर्देशों के बाद भी नगर परिषद ने मकान नहीं दिया।

दौरे के दौरान मंत्री ने सारी स्थिति का जायजा कर सारे मामले की जांच कर इस पर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा गरीबों के लिए बने मकान झुग्गी वालों को दिए जाने चाहिए यह मकान उन्हें क्यों नहीं दिए इसकी भी जांच की जाएगी। इस दौरान विधायक विनोद, नगर परिषद अध्यक्ष मोनिशा सहित आदि मौजूद थे।

# चूड़ेश्वर सेवा समिति ने सोलन में मनाया 22वां अधिवेशन



**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला शिमला और सिरमौर के प्रसिद्ध धार्मिक क्षेत्र चूड़धार में विगत वर्ष हुए कार्यों का लेखा जोखा सबके समक्ष रखने सहित आगामी समय में इस धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को किस तरह से बढ़ाया जा सकता है उसको लेकर चूड़ेश्वर सेवा समिति द्वारा सोलन में 22वां अधिवेशन आयोजित किया गया। चूड़ेश्वर सेवा समिति के अध्यक्ष बीएम नानटा की अध्यक्षता में यह आयोजित सम्पन्न हुआ। इसमें आगामी रणनीति विस्तृत रूप से तैयार की गई।

समिति के अध्यक्ष बीएम नानटा ने बताया कि चूड़ेश्वर सेवा समिति एक गैर राजनीतिक संस्था है, जो चूड़धार धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं की सेवा करती है। विगत वर्ष के कार्यों पर चर्चा हुई व आगामी समय मे किस तरह से व चूड़धार जाने वाले श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधाएं प्रदान कर सकते है इसकी रूप रेखा बनाई गई है।

### मनसा माता मेले के अंतिम दिन उमड़ी भीड़

**सोलन।** जिला स्तरीय तीन दिवसीय मनसा माता मेले के अंतिम दिन मेला स्थल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

इस अवसर पर बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया। वहीं अंतिम दिन दुकानदार ने अच्छी कमाई हुई। महिलाओं ने मिट्टी से बने बर्तनों व लकड़ी से बना सामान खरीदा।

मेले के दौरान स्थानीय लोगों के लिए जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया। कुछ लोगों ने शूटिंग रेंज में भी निशाने साधे। मेले में आई सरिता वर्मा, रोशन, सिमरन रधुवंशी, रेखा रघुवंशी, प्रियंका व राघव ने कहा कि दोबारा से कांच, मिट्टी व लकड़ी के बर्तन का युग लौट रहा है।

# पुलिस ने भुक्की सहित एक आरोपी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



सिरमौर पुलिस एसआईयू की टीम ने दाऊद खान पुत्र शुक्रदीन निवासी गांव जगतपुर डाकखाना मिश्रवाला तह पांवटा साहिब के पास से उसके रिहायशी मकान से 17.560 किलो चूरा पोस्त/भुक्की बरामद की है। जिस पर पुलिस थाना माजरा में अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ जारी है।

### 425 ग्राम भुक्की के साथ एक काबू

**पांवटा साहिब।** पुलिस थाना पुरुवाला की एक टीम ने रामपुर घाट औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी के सामने इमरान खान पुत्र सूबेदीन निवासी गांव मिश्रवाला तहसील पांवटा साहिब के कब्जे से 425 ग्राम चूरा पोस्त/ भुक्की बरामद की है। जिस पर पुलिस थाना पुरुवाला में अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

### सन्नी पहलवान ने जीता दंगल

**बरोटीवाला।** गोयला पंचायत के मायापुरी धाम छमकड़ी में दो दिवसीय दुर्गाष्टमी मेला आयोजित हुआ। यह मेला मां जालपा के प्रति लोगों की श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। मेले का मुख्य आकर्षण कबड्डी और विशाल दंगल रहा। दंगल में माली की कुश्ती पंजाब रोपड़ के सन्नी ने जीती।

विजेता पहलवान को कमेटी ने 3,100 रुपये और पगड़ी देकर नवाजा। ओपन कबड्डी में मायापुरी धाम छमकड़ी की टीम ने सोनीपत हरियाणा को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। मुख्यातिथि राम कुमार चौधरी ने सम्मानित किया।

# छात्रों को उत्पादकता बढ़ाने के लिए किया प्रोत्साहित

**अनंत ज्ञान, सोलन**



शूलिनी विश्वविद्यालय में विधि विज्ञान संकाय ने 'भारत में कानूनी शिक्षा को फिर से परिभाषित करना, उद्योग की अपेक्षाओं के साथ शिक्षा जगत को जोड़ना' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कानूनी और कॉर्पोरेट क्षेत्रों से प्रभावशाली लोगों को एक साथ लाया गया, जिसमें कानूनी शिक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), कैरियर की तत्परता और उद्योग की उभरती मांगों पर समृद्ध चर्चा को बढ़ावा दिया गया। शूलिनी विश्वविद्यालय के चांसलर प्रो. पीके खोसला ने प्रभावशाली चर्चाओं की प्रशंसा करते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। जनरल काउंसिल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (जीसीएआई) के संस्थापक सदस्य और बोइंग इंडिया में ग्रुप जनरल काउंसिल और कंपनी सचिव डॉ. अखिल प्रसाद ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने छात्रों को उत्पादकता बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित किया और उन्हें चौबीस घंटों में से 48 घंटे का उपयोग करने की सलाह दी।

लॉ स्टूडेंट्स के लिए करियर डेवलपमेंट और इंडस्ट्री एक्सपेक्टेशंस पर पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया, पैनल डिस्कशन का संचालन राजीव चौहान ने किया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल हुए और संवर्धन मदरसन ग्रुप के ग्रुप जनरल काउंसिल सीवी रघु ने समय के साथ अनुकूलन की आवश्यकता पर जोर दिया।

# विमल नेगी मामले में केंद्र क्यों नहीं कर रहा जांच : सूर्या

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**

स्व. विमल नेगी रहस्यमयी देहांत मामले में किन्नौर के रिकांगपिओ में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला। यह बात जनजातीय सलाहकार परिषद के सदस्य सूर्या बोरस ने रिकांगपिओ में कही है। सूर्या बोरस ने कहा कि भाजपा किन्नौर के नेता सूरत नेगी कैंडल मार्च के दौरान परिवारों को पीछे करते हुए अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता प्रदेश स्तर पर भी स्व. विमल नेगी के देहांत मामले में सीबीआई की जांच की मांग कर रहे है। जबकि सीबीआई केंद्र सरकार के अधीन है और केंद्र में भाजपा की सरकार है।

भाजपा के नेताओं को जब कोई मुद्दा नही मिलता तो वे लोगों की भावनाओं का फायदा उठाकर उसे राजनीतिक ढंग देकर अपनी राजनीति चमकाने का काम करते है। इस दौरान उनके साथ किन्नौर कांग्रेस के जिला प्रवक्ता कुलवंत नेगी, कार्यालय सचिव भरत लाल नेगी, जिला महासचिव राज कुमार नेगी, कांग्रेस के सक्रिय सदस्य शेर सिंह ठाकुर व अन्य भी मौके पर मौजूद रहे है। (अनंत ज्ञान)



### पेंशनर्स के लंबित एरियर में देरी पर रोष जताया

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पेंशनर्स वेलफेयर एसो. हिमाचल प्रदेश सराहा यूनिट की मासिक बैठक यूनिट अध्यक्ष नरेश दत्त की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेंशनर्स के लंबित बकाया देय राशि एरियर व जनवरी 2016 से दिसम्बर 2021 तक का देय बकाया राशि जारी न करने बारे व्यापक रोष प्रकट किया गया। बैठक में सर्व जगत राम शर्मा, जगमोहन, सुरेश, राम सिंह, अमर सिंह, जय देव, चंद्र मोहन, नरेश जस्सल, श्याम सुंदर, बाबू राम कश्यप, राम स्वरूप इत्यादि कई सदस्य उपस्थित थे । यह जानकारी यूनिट के महासचिव प्रमोद गौतम ने दी।

# नेहर स्वार कैंथघाट को मिला खेल मैदान का तोहफा

**अनंत ज्ञान, नाहन**



श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र की नेहर स्वार पंचायत के कैंथघाट गांव में आयोजित किए गए अष्टमी मेला में बतौर मुख्यातिथि नाहन के विधायक अजय सोलंकी उपस्थित रहे। मेला आयोजन समिति के द्वारा विधायक और उनके साथ आए विशेष अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया

विधायक द्वारा इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्हें नवरात्र सहित अष्टमी मेले की शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने युवाओं को विशेष तौर से संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल जीवन का नाश करता है बल्कि यह हमारे समाज के बुनियादी ढांचे को भी तहस-नहस कर देता है। उन्होंने इस मौके पर 5 लाख की विधायक निधि से बनाए गए खेल मैदान का भी लोकार्पण किया। यही नहीं उन्होंने खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लेकर 2 लाख की अतिरिक्त राशि प्रदान करने की भी घोषणा की। इस मौके पर जिला सिरमौर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आनंद परमार सहित कई गण मान्य लोग उपस्थित थे। वहीं मेला कमेटी के प्रधान सुरेश शर्मा व गांव के लोगों के द्वारा विधायक द्वारा की गई घोषणा का स्वागत किया। विधायक अजय सोलंकी ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को लेकर निश्चित ही सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे।

# वक्फ संशोधन बिल पारित होने से देश व प्रदेश की जनता गदगद : रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए कहा कि वक्फ संशोधन बिल पारित होने से देश व प्रदेश की जनता गदगद है। रावत ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ऐतिहासिक फैसलों के लिए जानी जाएगी सबसे पहले उन्होंने पद संभालते ही नोटबंदी लगाकर काले धन पर तीखा प्रहार किया तथा उसके बाद धारा 370 को हटाकर समाप्त किया इसके साथ ही तीन तलाक जैसी कुप्रथा को भी जड़ से समाप्त किया। अब वक्फ संशोधन विधेयक पारित कर नया कृतिमान स्थापित किया है।

रावत ने बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने से वक्फ भू माफिया की परेशानी बढ़ सकती है क्योंकि कुछ लोगों ने बक्फ की जमीन का कथित तौर पर जमीन घोटाला किया है। रावत ने बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक पारित होने से हर वर्ग बहुत खुश हैं।

**समस्या** छात्रों का भविष्य अधर में लटका, अभिभावक हो रहे परेशान

# मिल्ला स्कूल में पांच साल से अध्यापक का पद खाली

**अनंत ज्ञान, शिलाई**



जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मिल्ला स्कूल में वर्ष 2019 से राजनीतिक शास्त्र का पद रिक्त पड़ा है, जिस पद को भरने की गुहार समय-समय पर स्थानीय जनता और सभी अभिभावकों ने शिक्षा विभाग और स्थानीय विधायक एवं हिमाचल प्रदेश सरकार में मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान के समक्ष भी उठा चुकी है। समझने वाली बात यह भी है कि अभी हाल ही में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में राजनीतिक शास्त्र के रिक्त पदों पर नियुक्ति हुई है परन्तु मिल्ला स्कूल के रिक्त पड़े पद को अभी भी नहीं भरा गया है। मिल्ला स्कूल में लगभग तीस छात्र हर वर्ष इस विषय का अध्ययन करतें हैं, तो वहीं अभिभावकों को भी इस समस्या से जूझना पड़ रहा है।

राजनीतिक शास्त्र के शिक्षक न होने के कारण विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक रहा है। इस स्कूल में विज्ञान संकाय की कक्षाएं शुरू करनी की भी घोषणा हुई पर वह भी सिरे नहीं चढ़ी। वहीं इस स्कूल में दो माह से प्रधानाचार्य का पद भी रिक्त होने से व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जिसके कारण स्कूल के बेहतर संचालन करने में भी विभिन्न समस्याओं का सामना स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य को करना पड़ रहा है।

### समस्या के समाधान की उठाई मांग

स्थानीय लोगों ने शिक्षा मंत्री और स्थानीय विधायक एवं उद्योग मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान से मिल्ला स्कूल के प्रधानाचार्य और राजनीतिक शास्त्र के रिक्त पड़े पदों को जल्द भरने की मांग की है। ताकि भविष्य में छात्रों को हर विषयों की शिक्षा प्राप्त हो। मिल्ला स्कूल के वर्तमान एसएमसी अध्यक्ष यशपाल राणा,अजय चौहान, कुलदीप शर्मा,बलवीर राणा, कवर राणा, हेमराज राणा,राय सिंह तोमर,मोहन राणा,जय ठाकुर, जयपाल चौहान,ओम् प्रकाश खेमका,ओम् प्रकाश राणा, राहुल चौहान,दिनेश राणा, अरविंद राणा, रघुवीर राणा,विनोद शर्मा, दिनेश ठाकुर, विक्रम राणा,सोहन राणा, इन्द्र राणा, राहुल राणा, नवीन राणा, जगदीश चौहान, प्रदीप शर्मा, कमल शर्मा, इत्यादि दर्जनों युवाओं ने जनहित की मांग को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग सरकार से की है।

# राष्ट्र को युवा देशभक्तों की जरूरत : वाधवा

**अनंत ज्ञान, सनावर**

लॉरेंस स्कूल, सनावर में आयोजित दो दिवसीय सनावर मिलिट्री लिटरेचर फेस्टिवल के समापन दिवस पर एक प्रेरक संबोधन में वेस्टर्न कमांड हेडक्वार्टर के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहित वाधवा (सेना मेडल) ने स्टूडेंट्स से अपने जीवन में अनुशासन, साहस और उद्देश्य की भावना को अपनाने का आग्रह किया। स्टूडेंट्स , शिक्षकों, लेखकों, सैन्य दिग्गजों और साहित्य प्रेमियों से भरे बार्न हॉल को संबोधित करते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल वाधवा ने दो दिवसीय कार्यक्रम के सुचारू संचालन की सराहना करते हुए कहा कि लिटरेचर फेस्टिवल केवल युद्धों या लड़ाइयों की कहानियों और वर्णन के बारे में नहीं है, बल्कि एक राष्ट्र की आत्मा है जो हमारे सैनिकों के साहस को दर्शाती है।




कार्यक्रम में शामिल हुए लेफ्टिनेंट जनरल वाधवा व साथ हैं अन्य।

उन्होंने कहा की देश को ऐसे युवा दिमागों की जरूरत है जो न केवल अकादमिक रूप से मज़बूत हों बल्कि मूल्यों, ईमानदारी और सेवा से प्रेरित हों। आर्मी लाइफ और स्टूडेंट्स लाइफ के बीच समानताएं बताते हुए, लेफ्टिनेंट जनरल वाधवा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दोनों क्षेत्रों में दृढ़ता, नेतृत्व और लचीलापन जैसे गुण आवश्यक हैं।

लेक्चर के बाद बसंतर मेमोरियल इंटर स्कूल अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता और एक कविता रचना प्रतियोगिता हुई, जिसमें देश भर के शीर्ष स्कूलों ने अच्छी तरह से भाग लिया। लॉरेंस स्कूल, सनावर की सिया शुक्ला ने कविता रचना प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता, उसके बाद वेल्हम गर्ल्स कॉलेज की तनिषा रवि चौधरी और राजमाता कृष्ण कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल की सृष्टि जोशी ने पुरस्कार जीता। आरआईएमसी की मौलीन पंगल ने सांत्वना पुरस्कार जीता। भाषण प्रतियोगिता में स्प्रिंगडेल स्कूल, अमृतसर के हितेन आहूजा ने पहला स्थान हासिल किया, वेल्हम गर्ल्स कॉलेज की अहाना गुप्ता दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि आर्मी पब्लिक स्कूल, डगशाई की त्वीशा दवे तीसरे स्थान पर रहीं।

अंत में जनरल एजे संधू द्वारा संकलित कॉफी टेबल बुक द लॉरेंस स्कूल, सनावर-मिलिट्री हेरिटेज 1847-2024 की भी समीक्षा की, जो स्कूल की शानदार सैन्य विरासत को श्रद्धांजलि है।




# पंचकूला के पंचकमल से चलेगी अब भाजपा की राजनीति

## मुख्यमंत्री सैनी ने किया अटल पार्क का उद्घाटन

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़



हरियाणा में आज से भाजपा कार्यालय का पता बदल गया है। अब पुराने पते रोहतक से शिफ्ट होकर कार्यालय का नया पता पंचकूला है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली सहित अन्य शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में हवन-पूजन के साथ कार्यालय का शुभारंभ किया।

भाजपा की राजनीति अब पंचकूला के पंचकमल से चलेगी। राम नवमी के दिन भाजपा अपने कार्यालय का शुभारंभ किया। पंचकूला स्थित पंचकमल दफ्तर को मुख्यालय के तौर पर ही डिजाइन किया गया है। चंडीगढ़ के नजदीक होने के कारण पार्टी कार्यालय की उपयोगिता ज्यादा होगी। मुख्यमंत्री व अन्य मंत्रियों के लिए भी पंचकूला आना ज्यादा आसान होता है। पंचकूला में हरियाणा भाजपा के पंचकमल कार्यालय के उद्घाटन मौके पर पहुंचे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 14 अप्रैल को हरियाणा के दौरे पर आएंगे। ट्रिपल इंजन सरकार के गठन के बाद प्रधानमंत्री का हरियाणा आना बहुत बड़ी बात है। यह हरियाणा के लिए सौभाग्य की बात है कि मोदी इस राज्य को अपने दिल के इतना करीब रखते हैं।

बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे में दो बड़े कार्यक्रम होंगे। सबसे पहले पीएम मोदी हिसार एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे और वहां से हवाई सेवाएं शुरू होंगी। पहली उड़ान हिसार से अयोध्या के लिए रवाना होगी। इसके साथ ही एयरपोर्ट के टर्मिनल का शिलान्यास भी किया जाएगा।

इसके बाद प्रधानमंत्री यमुनानगर के पावर प्लांट को अपग्रेड करने की योजना के तहत 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास करेंगे। यह परियोजना राज्य की ऊर्जा क्षमता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगी। (अनंत ज्ञान)

## सरकार ने बिजली के दाम बढ़ाकर जनता पर डाला आर्थिक बोझ

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** बहादुरगढ़ के पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने भाजपा सरकार द्वारा बिजली के दामों में की गई बढ़ोतरी की निंदा करते हुए कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार का किसी भी वर्ग के हितों से कोई सरोकार नहीं है। चुनाव में जनता को बरगला कर भाजपा ने सरकार बना ली और अब हरियाणा की भाजपा सरकार आए दिन जन विरोधी फैसले लेकर आमजन को परेशान कर रही है।

पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि बिजली की प्रति यूनिट दरों में वृद्धि करके भाजपा सरकार ने पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे प्रदेशवासियों की मुसीबत और बढ़ा दी है। बिजली दरों में इस मूल्य वृद्धि से जहां नागरिकों पर और अधिक आर्थिक बोझ बढ़ेगा, वहीं इंडस्ट्री के लिए भी बिजली महंगी कर दी गई है। इससे महंगाई में और अधिक इजाफा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने लोगों के बीपीएल कार्ड बनवा दिए और अब सरकार तानाशाही दिखाते हुए लोगों को चेतावनी दे रही है कि वे अपने बीपीएल कार्ड कैंसिल करवा ले नहीं तो उन पर एफआईआर दर्ज करा दी जाएगी।

# भाजपा संगठन को हर स्तर पर बनाएगी मजबूत

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक दिन पर भाजपा चंडीगढ़ अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने ध्वजारोहण कर उपस्थित जनसमूह को शुभकामनाएं दीं और पार्टी की विचारधारा, समर्पण और संगठनात्मक शक्ति पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने भाजपा की राष्ट्रवादी सोच और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा व विकास की भावना पहुंचाएं। पूर्व भाजपा अध्यक्ष संजय टंडन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और पार्टी की जड़ें जनता के बीच ही मजबूती पाती हैं।

पूर्व विधायक लतिका शर्मा, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा के प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। मेयर हरप्रीत कौर बबला भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने संगठन की सेवा भावना एवं विकासशील सोच की सराहना की। इस अवसर पर लंगर का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रसेवा, संगठन की मजबूती और भाजपा को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। चंडीगढ़ भाजपा आने वाले समय में भी जनसेवा के कार्यों में प्राथमिकता देते हुए संगठन को हर स्तर पर और अधिक मजबूत बनाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### एचएस अटवाल बने लायंस क्लब के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लायंस क्लब चंडीगढ़ (होस्ट) के लायनिस्टिक वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक चुनाव आज शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुए। लायन एचएस अटवाल को अध्यक्ष, लायन जगदीश कुमार को सचिव, तथा लायन सुभाष सागर को कोषाध्यक्ष के रूप में आगामी कार्यकाल के लिए निर्वाचित किया गया। पद छोड़ रहे पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित टीम को हार्दिक बधाई दी और क्लब की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। चुनाव प्रक्रिया क्लब के संविधान एवं उपनियमों के अनुरूप एमजेएफ लायन योगेश सोनी (पीडीजी) द्वारा पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न करवाई गई।

### गुरुग्राम: हत्या केस में इनामी बदमाश काबू

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** हत्या के केस में भगोड़ा आरोपी यहां पुलिस मुठभेड़ में काबू कर लिया गया। आरोपी ने पुलिस ने बचने के लिए पुलिस पर ही गोलियां चला दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में उस पर फायरिंग की। पुलिस की गोली से वह घायल हो गया और पुलिस ने हिरासत में ले लिया। रविवार को फर्रुखनगर क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी के पास से एक बाइक, एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस व चार खाली खोल बरामद किए गए हैं। फर्रूखनगर क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई मनोज कुमार को सूचना मिली कि फर्रुखनगर क्षेत्र में हुई रोहित नामक युवक की हत्या मामले में आरोपी सुमित बाइक पर सवार होकर गांव खेड़ा खुर्रमपुर की तरफ जा रहा है। पुलिस ने नाकाबंदी कर उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने के प्रयास में बाइक गिर गया और पुलिस टीम ने काबू कर लिया। आरोपी की पहचान सुमित (22) निवासी गांव खेड़ा खुर्रमपुर जिला गुरुग्राम के रूप में हुई।

### अमेरिका में भारतीय मूल का जज गिरफ्तार



**वाशिंगटन।** अमेरिका के टेक्सास राज्य के फोर्ट बेंड काउंटी में भारतीय मूल के अमेरिकी जज केपी जॉर्ज को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। जॉर्ज पर वायर फ्रॉड और चुनावी फंडिंग रिपोर्ट में गड़बड़ी के आरोप भी लगे हैं। जॉर्ज 2018 से काउंटी जज के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें फिलहाल 20 हजार डॉलर की जमानत पर रिहा किया गया है। दोषी पाए जाने पर उन्हें 10 साल की जेल हो सकती है। डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी के मुताबिक, जॉर्ज पर 30 हजार से 1.5 लाख डॉलर की मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। जॉर्ज ने सभी आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते हुए खारिज किया है।

### एमए बेबी को माकपा का महासचिव चुना

**मदुरै।** केरल के पूर्व मंत्री एमए बेबी को रविवार को माकपा के 24वें अधिवेशन में पार्टी का महासचिव चुना गया। पार्टी नेताओं के एक वर्ग ने इस पद के लिए 'ऑल इंडिया किसान सभा' (एआईकेएस) के अध्यक्ष अशोक धावले का समर्थन किया था। वर्ष 1954 में केरल के प्रक्कुलम में पीएम अलेक्जेंडर और लिली अलेक्जेंडर के घर जन्मे बेबी स्कूल के दिनों में 'केरल स्टूडेंट्स फेडरेशन' में शामिल हो गए थे। केरल स्टूडेंट्स फेडरेशन का नाम बाद में 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' कर दिया गया था।

### अमेरिका बारिश से बाढ़ जैसे हालात, 16 की मौत



**वाशिंगटन।** अमेरिका के दक्षिणी और मध्य-पश्चिमी राज्यों में भारी बारिश और टॉर्नेडो ने तबाही मचा दी है। अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 10 मौतें टेनेसी में हुई हैं। बीते कई दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से टेक्सास से ओहायो तक के इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुछ जगहों पर नदियों का जलस्तर आने वाले दिनों में और बढ़ सकता है। मिसौरी, केंटकी और आर्कनसॉ में भी मौतों की खबर है। मिसौरी में एक व्यक्ति बहते वाहन से बाहर निकलने के बाद डूब गया।

# स्व. बलराम जी दास टंडन की स्मृति में राशन किया वितरित

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़




छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल एवं वरिष्ठ जनसेवक स्व. बलराम जी दास टंडन की स्मृति में संचालित बलरामजी दास टंडन चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रविवार को 58 जरूरतमंद विधवा महिलाओं को निशुल्क मासिक राशन वितरित किया। यह सेवा कार्यक्रम पिछले 64 महीनों से निरंतर चल रहा है और अब तक कुल 2945 महिलाओं को राशन किट वितरित की जा चुकी हैं।

राशन वितरण के उपरांत संस्था के चेयरमैन संजय टंडन ने बताया कि उनके पूज्य पिता जी समाजसेवा को जीवन का अभिन्न हिस्सा मानते थे। उन्हीं की प्रेरणा से संस्था द्वारा समय-समय पर न केवल राशन वितरण, बल्कि रक्तदान शिविर, मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, जरूरतमंद स्कूली बच्चों को किताबें, बैग और वर्दियां भी उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने बताया कि संस्था धार्मिक व सामाजिक संगठनों को भी यथासंभव सहयोग प्रदान करती है। इस सेवा भावना के अंतर्गत संस्था द्वारा विधवाओं को उनके परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुसार समुचित राशन सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है, ताकि उन्हें दैनिक जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष न करना पड़े।

## जींद में 20 ग्राम हेरोइन के साथ एक काबू

**अनंत ज्ञान, जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना पुलिस ने एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से बीस ग्राम हेरोइन बरामद की है। शहर थाना नरवाना पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। रविवार को जानकारी देते हुए सीआईए स्टाफ प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए सीआईए नरवाना की एक टीम एएसआई रमेश कुमार के नेतृत्व में नरवाना में मितासो स्कूल के पास मौजूद थी। तभी सूचना मिली थी कि एक युवक नरवाना के हिसार रोड के बडनपुर टी प्वाइंट पर नशा स्पलाई करने आएगा। सूचना के आधार पुलिस ने बडनपुर टी प्वायंट पर नाकेबंदी कर आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद एक व्यक्ति चमेला कालोनी की तरफ से आता दिखाई दिया, जो पुलिसकर्मियों को देख कर वापस जाने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर व्यक्ति को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति की पहचान चमेला कालोनी निवासी राहुल के रूप में हुई। थाना नरवाना पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# खराब खानपान की आदतें युवाओं के स्वास्थ्य पर डाल रही हैं प्रभाव

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम 'स्वस्थ शुरुआत, आशावान भविष्य' के तहत, फोर्टिस अस्पताल, मोहाली की न्यूट्रिशन और डायटेटिक्स विभाग की प्रमुख डॉ. सोनिया गांधी ने बताया कि बच्चों और किशोरों में बढ़ रही गैर-संक्रामक बीमारियों (एनसीडी) का मुख्य कारण खराब खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली है। डॉ. गांधी ने कहा कि खराब खानपान वाली आदतों वाले बच्चों को उनके स्वस्थ विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में युवाओं में स्वास्थ्य समस्याओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है, जिसका मुख्य कारण अस्वस्थ खानपान और निष्क्रिय जीवनशैली है। शोध दर्शाते हैं कि ये कारक मोटापा, पीसीओडी, हृदय रोग, इंसुलिन संवेदनशीलता में कमी, पाचन स्वास्थ्य में गिरावट, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मेटाबोलिक विकार, एलर्जी और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य में गिरावट जैसी समस्याओं को जन्म दे रहे हैं, जो आवश्यक पोषक तत्वों की कमी और खाली कैलोरी, हानिकारक एडिटिव्स और रसायनों के अत्यधिक सेवन से जुड़ी हैं।

डॉ. गांधी ने कहा कि खराब खानपान वाली आदतों वाले बच्चों को उनके विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिलते, जिससे वे या तो कुपोषित रह सकते हैं या अधिक वजन वाले हो सकते हैं।

## देश-विदेश

# वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण नहीं करना चाहती केंद्र सरकार: जेपी नड्डा

## बोले- कानून के अनुसार कामकाज सुनिश्चित होना चाहिए

एजेंसी, नई दिल्ली



**भाजपा** के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित नहीं करना चाहती, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वे कानून के दायरे में काम करें, ताकि उनकी संपत्ति का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार को बढ़ावा देने में किया जा सके।

पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि तुर्किये और कई अन्य मुस्लिम देशों की सरकारों ने वक्फ संपत्तियों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। उन्होंने कहा कि हम (वक्फ बोर्ड का) संचालन कर रहे लोगों से बस यह कह रहे हैं कि आप नियमों के अनुसार काम करें।

उन्होंने कहा कि हम वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण नहीं चाहते। हमारा लक्ष्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि इसका प्रबंधन करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें। वक्फ बोर्ड की संपत्ति और धन मुस्लिम समुदाय के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित होंगे।

## मोदी के दौरे के तुरंत बाद श्रीलंका ने रिहा किए 11 भारतीय मछुआरे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी की श्रीलंका यात्रा दौरे के तुरंत बाद 11 भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई जेलों से रिहा कर दिया है। यह रिहाई भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय वार्ता का परिणाम है, जिसमें दोनों देशों ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए मछुआरों की रिहाई पर सहमति जताई है। यह रिहाई दोनों देशों के संबंधों में सुधार का संकेत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि हमने मछुआरों के मुद्दों पर बातचीत की है। श्रीलंकाई जलक्षेत्र में कथित अवैध शिकार के लिए श्रीलंकाई अधिकारियों की तरफ से मुख्य रूप से तमिलनाडु के भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी तनाव का माहौल था।

# अमेरिका में ट्रंप और मस्क के खिलाफ लोग विरोध में उतरे

एजेंसी, वाशिंगटन




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति इलॉन मस्क के खिलाफ को सभी 50 राज्यों में प्रदर्शन हुए। इन विरोध प्रदर्शनों में लाखों लोग शामिल हुए। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में 1400 से ज्यादा रैलियां की गई हैं। इन विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के लिए 6 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था।

प्रदर्शनकारी सरकारी नौकरियों में कटौती, अर्थव्यवस्था, और मानवाधिकार जैसे मुद्दों पर सरकार के फैसलों का विरोध कर रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन को हैंड्स ऑफ नाम दिया गया है। हैंड्स ऑफ मतलब होता है 'हमारे अधिकारों से दूर रहो।' इस नारे का मकसद यह जताना है कि प्रदर्शनकारी नहीं चाहते कि उनके अधिकारों पर किसी का नियंत्रण हो। इस विरोध-प्रदर्शन में 150 से अधिक संगठनों ने भाग लिया। इसमें सिविल राइट ऑर्गनाइजेशन, मजदूर संघ, ~~रुक्कत्त~~ वॉलंटियर्स, पूर्व सैनिक और चुनावी कार्यकर्ता शामिल थे।

# मध्य प्रदेश में 'फर्जी' हृदयरोग विशेषज्ञ के इलाज से सात लोगों की गई जान

एजेंसी, दमोह (मप्र)

**मध्य प्रदेश** के दमोह जिले में एक मिशनरी अस्पताल में एक फर्जी हृदयरोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट) की ओर से कथित तौर पर इलाज किए जाने के बाद सात लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने जांच शुरू कर दी है। एनएचआरसी के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने बताया कि मामले की जांच के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की एक टीम सात से नौ अप्रैल तक दमोह में रहेगी। एक स्थानीय निवासी की शिकायत के अनुसार अस्पताल में काम करने वाले डॉ. एन जॉन कैम नामक व्यक्ति ने खुद को विदेश से शिक्षित और प्रशिक्षित बताया था।

शिकायतकर्ता ने दावा किया कि व्यक्ति का असली नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है। उसने ब्रिटेन के मशहूर कार्डियोलॉजिस्ट प्रोफेसर जॉन कैम के नाम का दुरुपयोग कर मरीजों का इलाज किया।

## बिहार में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के बक्सर जिले में एक कार और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान प्रमोद सिंह, बंटी कुमार, पप्पू सिंह और सोनू कुमार के रूप में हुई है। यह घटना बक्सर-राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक से टकराने के कारण हुई। तीन लोगों का इलाज चल रहा है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# पाकिस्तान में शांति समिति के सदस्य के आवास पर हमला, पांच लोगों की मौत

एजेंसी, पेशावर

**प्रतिबंधित** संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े आतंकवादियों ने पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शांति समिति के एक सदस्य के आवास पर हमला कर दिया।

इस हमले में परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई। यह घटना उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली तहसील में हुई, जहां आतंकवादियों ने कादिर जमां के घर को निशाना बनाया। मारे गए पांच लोगों में एक महिला भी शामिल है, जबकि हमले के दौरान कई अन्य घायल हो गए।

टीटीपी की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह हमला शरिया लागू करने के लिए किया गया था।

# म्यांमार की मदद के लिए भारत ने बढ़ाए हाथ, 31 टन सहायता भेजी

एजेंसी, नई दिल्ली



**म्यांमार** में 28 मार्च को आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूंकप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। इस आपदा के कारण मरने वालों की संख्या तीन हजार से अधिक और घायलों की संख्या चार हजार पहुंच गई है। भूकंप प्रभावित देश की मदद के लिए भारत ऑपरेशन ब्रह्मा चला रहा है। भारत ने एक बार फिर भूकंप का दंश झेल रहे म्यांमार की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं।

भारत ने म्यांमार में तैनात भारतीय सेना के फील्ड अस्पताल के लिए 31 टन मानवीय सहायता भेजी है। एक अधिकारी ने बताया कि गाजियाबाद के हिंडन एयरफोर्स स्टेशन से एक सी-17 ग्लोबमास्टर हेवी-लिफ्ट विमान सहायता लेकर रवाना हुआ। वहीं नौसेना का आईएनएस घड़ियाल भी 442 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंचा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा कि ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत सी-17 विमान भारतीय सेना के फील्ड अस्पताल इकाई के लिए पुन:पूर्ति भंडार सहित 31 टन मानवीय सहायता लेकर मांडले के लिए रवाना हुआ। भारत ने 28 मार्च को म्यांमार और थाईलैंड में आए भूकंप से हुई तबाही के बाद मदद के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा नाम से राहत मिशन शुरू किया था।

## वक्फ विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले 300 लोगों के खिलाफ नोटिस

**मुजफ्फरनगर (उप्र)।** मुजफ्फरनगर जिले में वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन करने वाले 300 लोगों को नोटिस जारी करके उन्हें दो-दो लाख रुपये के बांड भरने के आदेश दिए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान करने के बाद पुलिस ने कुल 300 लोगों को नोटिस जारी किए हैं तथा और लोगों की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने वे नोटिस जारी किए हैं। नोटिस में संबंधित लोगों से 16 अप्रैल को अदालत में पेश होने के बाद दो-दो लाख रुपए के बांड भरने को कहा गया।

# मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

एजेंसी, इंफाल

**मणिपुर** के बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में सुरक्षाबलों ने दो प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े एक 'किशोर' समेत चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रतिबंधित कांगलीपक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) के एक सदस्य को शनिवार को बिष्णुपुर के मोइरांग ओक्शोंगबंग से गिरफ्तार किया गया, जबकि केसीपी (एमसी प्रोग्रेसिव) के सक्रिय सदस्य एक 'किशोर' को जिले के नाम्बोल बाजार से पकड़ा गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित केसीपी (पीडब्ल्यूजी) का एक सक्रिय कार्यकर्ता बिष्णुपुर के निंगथौखोंग से व काकचिंग जिले के हियांगलाम में यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी ऑफ कांगलीपक (यूपीपीके) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया।

## बड़ी सफलता: हथियारों का जखीरा बरामद



**मणिपुर** में सुरक्षाबलों ने अंध्रो थाना क्षेत्र के केइराओ वांगखेम गांव से एक कार्बाइन स्टेन गन (मैगजीन सहित), चार 9 मिमी पिस्तौल (मैगजीन सहित), एक .22 राइफल (मैगजीन सहित), तीन 12 बोर सिंगल बैरल गन, दो नंबर 36 हैंड ग्रेनेड (डिटोनेटर सहित), तीन 7.62 मिमी एके-47 जिंदा कारतूस, पांच 9 मिमी जिंदा कारतूस, तीन .32 जिंदा कारतूस, एक 12 बोर बैरल जिंदा कारतूस, दो 5.56 मिमी इंसास मैगजीन, एक ट्यूब लांचर, तीन टियर स्मोक शेल सॉफ्ट नोज (एसआर), दो टियर स्मोक शेल सॉफ्ट नोज (एलआर), दो टियर स्मोक शेल, एक स्टन शेल (एंटी-रायट), एक अन्य टियर स्मोक शेल, एक वायरलेस रेडियो सेट बरामद किया गया। वहीं, जिरीबाम जिले के कामरंगा इलाके से तीन डबल बैरल गन (डीडीबीएल), एक देसी सिंगल बैरल गन (एसबीबीएल), एक अन्य एसबीबीएल गन, पांच 12 बोर जिंदा कारतूस, चार कैमोफ्लाज बुलेटप्रूफ जैकेट/वेस्ट (बिना प्लेट), दो बाओफेंग हैंडसेट (बिना एंटीना), एक टीवाईटी हैंडसेट (बिना एंटीना), दो टीवाईटी हैंडसेट चार्जर बरामद किया गया।

## अमेरिकी शुल्क से भारत में महंगाई बढ़ने, रोजगार जाने का जोखिम नहीं: अर्थशास्त्री

**नई दिल्ली।** अमेरिकी के भारत समेत विभिन्न देशों पर जवाबी शुल्क लगाने के बीच अर्थशास्त्रियों ने कहा कि इससे देश में महंगाई बढ़ने और रोजगार जाने की आशंका कम है। यह उन देशों को ज्यादा प्रभावित कर सकता है, जो मुख्य रूप से सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत अमेरिका के साथ व्यापार करते रहे हैं।

अर्थशास्त्रियों ने कहा कि भारत के पास अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का अवसर है। इसका कारण बांग्लादेश, श्रीलंका और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले भारत पर लगाए गए शुल्क का कम होना है।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड





ऑरेंज कैप

**निकोलस पूरन**

204





पर्पल कैप

**नूर अहमद**

10



सिक्सर किंग

**निकोलस पूरन**

16

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 03 | 03 | 00 | 06 |
| 2. | बेंगलुरु | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 3. | गुजरात | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 4. | पंजाब | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 5. | कोलकाता | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 6. | लखनऊ | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 7. | राजस्थान | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 8. | मुंबई | 04 | 01 | 03 | 02 |
| 9. | चेन्नई | 04 | 01 | 03 | 02 |
| 10. | हैदराबाद | 04 | 01 | 03 | 02 |

**आईपीएल** पांच बार की चैंपियन मुंबई को अभी तक चार मैचों में से तीन में मिली पराजय

# आरसीबी के खिलाफ मुंबई के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

**एजेंसी, मुंबई**

लगातार हार से आहत मुंबई इंडियंस को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

पांच बार की चैंपियन मुंबई को अभी तक चार मैच में से तीन में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं तथा अभी तक उसकी तरफ से सूर्यकुमार यादव और रयान रिकेलटन ही अर्द्धशतक लगा पाए हैं। यह आईपीएल में प्रति बल्लेबाज अर्धशतक लगाने के मामले में सबसे कम है। मुंबई के बल्लेबाजी में संघर्ष के केंद्र में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं जो अभी तक कुछ खास योगदान नहीं दे पाए हैं। रोहित घुटने में चोट के कारण लखनऊ सुपर जॉयंट्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। उनके अलावा मध्यक्रम से बल्लेबाज तिलक वर्मा अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। यह देखना होगा कि रोहित आरसीबी के खिलाफ मैच के लिए फिट हो पाते हैं या नहीं लेकिन मुंबई को जल्द से जल्द अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा।



मुंबई की बल्लेबाजी अभी तक सूर्यकुमार पर निर्भर रही है जिन्होंने चार मैच में 177 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार ने लखनऊ के खिलाफ अर्द्धशतक जमा कर अपनी टीम की उम्मीद जगा दी थी, लेकिन तिलक वर्मा तेजी से रन नहीं बना पाए जिससे मुंबई को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ कप्तान हार्दिक पंड्या के पांच विकेट के बावजूद मुंबई के गेंदबाज रन प्रवाह नहीं रोक पाए थे और इसके बाद उसके बल्लेबाज लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहे। मुंबई इंडियंस के लिए यह अच्छी खबर है कि उसे प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आरसीबी के खिलाफ मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि वह गेंदबाजी करने के लिए पूरी तरह से फिट हैं या नहीं।

मुंबई ने अभी तक अपनी एकमात्र जीत कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ वानखेड़े में हासिल की थी और उसके खिलाड़ी इस मैच से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। जहां तक आरसीबी का सवाल है तो उसकी टीम मुंबई की बल्लेबाजी की कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। टीम को अपने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जो केकेआर के खिलाफ 59 रन बनाने के बाद अपेक्षित योगदान नहीं दे पाए हैं। आरसीबी के पास बड़ा स्कोर बनाने के लिए कुशल बल्लेबाज हैं। फिल साल्ट और देवदत्त पडिक्कल जैसे बल्लेबाज उसे आक्रामकता प्रदान करते हैं जबकि कप्तान रजत पाटीदार भी बड़े शॉट खेलने में माहिर हैं। ऑस्ट्रेलिया के टिम डेविड ने आखिरी ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की है जो टीम के लिए अच्छा संकेत है।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

मुंबई इंडियंसः हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन, श्रीजीत कृष्णन, बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेट्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, देवदत्त पडिक्कल, स्वास्तिक छिकारा, लियाम लिविंगस्टोन, क्रुणाल पंड्या, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, जोश हेजलवुड, रसिख सलाम डार, सुयश शर्मा, भुवनेश्वर कुमार, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह, मोहित राठी, यश दयाल।

## बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले से पहले मुंबई से जुड़े बुमराह

**एजेंसी, मुंबई**



मुंबई इंडियंस को रविवार को मजबूती मिली जब उसके शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले से पहले टीम से जुड़ गए। अभी हालांकि, यह पता नहीं चला है कि भारत के इस शीर्ष तेज गेंदबाज को टूर्नामेंट में गेंदबाजी करने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की फिटनेस मंजूरी मिली है या नहीं।

मुंबई इंडियंस ने रविवार को सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा करते हुए कहा, ''कभी शावक रहा अब शेर, शेर फिर से जंगल का राजा बनने के लिए वापस आ गया है।'' बुमराह जनवरी की शुरुआत से ही क्रिकेट के मैदान से दूर हैं, जब उन्हें सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट के दौरान पीठ से संबंधित समस्या हुई थी। अंततः उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज और उसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी से भी बाहर होना पड़ा।

## गुजरात ने हैदराबाद को दिए शुरुआती झटके

**एजेंसी, हैदराबाद**

आईपीएल का 20वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के बीच राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम, हैदराबाद में खेला गया। गुजरात ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। पहले बल्लेबाजी करने आए सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर बल्लेबाज ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक पाए। मोहम्मद सिराज ने पहले ओवर में ट्रैविस हेड और 5वें ओवर में अभिषेक शर्मा को आउट किया। हेड 5 गेंदों में 8 और अभिषेक ईशान 16 गेंदों में 18 रन बनाकर चलते बने। उसके बाद ईशान किशन को 17 रन पर प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया। समाचार लिखे जाने तक हैदराबाद ने 12 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 94 रन बना लिए थे। नितिश रेड्डी (28) और हेनरिक क्लासेन (21) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे।



ट्रैविस हेड का विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करता सिराज।

## स्पोर्ट्स विंडो

### क्रॉफोर्ड ने क्लार्क को हराकर जीता एसएम कृष्णा मेमोरियल ओपन का खिताब

**एजेंसी, बेंगलुरु।** ग्रेट ब्रिटेन के ओलिवर क्रॉफोर्ड ने रविवार को यहां एसएम कृष्णा मेमोरियल ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता, जब फाइनल में उनके हमवतन जे क्लार्क टखने में चोट के कारण मुकाबले के बीच से हट गए। दूसरे वरीय क्रॉफोर्ड ने शानदार शुरुआत करते हुए शुरुआती 25 मिनट में ही 4-0 की बढ़त बना ली। शेनझेन और लुआन में लगातार दो खिताब जीतने के बाद यहां आए इंग्लैंड के क्रॉफोर्ड ने अपने पहले ही सर्विस गेम में ब्रेक प्वाइंट बचाया। शीर्ष वरीय क्लार्क ने अगले गेम में डबल फॉल्ट करके क्रॉफोर्ड को अपनी सर्विस तोड़ने का मौका दे दिया। 25 साल के क्रॉफोर्ड ने इसके बाद अपनी सर्विस बचाई और फिर दोबारा क्लार्क की सर्विस तोड़कर 4-0 की बढ़त बना ली। चार हफ्तों में चौथा फाइनल खेल रहे क्लार्क ने इसके बाद टाइम आउट लेकर अपने दाएं टखने का उपचार कराया। ब्रेक से क्लार्क को मदद मिली और उन्होंने अगले ही गेम में क्रॉफोर्ड की सर्विस तोड़ दी। 26 साल के क्लार्क को हालांकि, दोबारा दर्द महसूस होने लगा और उन्होंने आठवें गेम में मुकाबले से हटने का फैसला किया।

### खूबसूरत अंदाज में एलिस केप्सी

**इंग्लैंड।** इंग्लैंड की ऑलराउंडर खिलाड़ी एलिस केप्सी भी खूबसूरती में किसी से कम नहीं हैं। या यूं कहें कि एलिस अपनी खूबसूरती से बॉलीवुड एक्ट्रेस को भी कड़ी टक्कर देती हैं।



### मेघालय की प्राकृतिक सुंदरता और गर्मजोशी से अभिभूत हुए तेंदुलकर

**एजेंसी, शिलांग।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर परिवार सहित मेघालय पहुंचे जहां की प्राकृतिक सुंदरता और मौसम ने उनका मन मोह लिया। अधिकारियों ने बताया कि वह लोगों की सादगी और स्थानीय व्यंजनों के अलावा गर्मजोशी से भरे आतिथ्य से अभिभूत हो गए। अपनी पत्नी, बेटी और कुछ करीबी परिचितों के साथ पारिवारिक अवकाश पर आए तेंदुलकर ने मेघालय के कुछ सबसे खूबसूरत स्थानों की सैर की। उन्होंने सोहरा और एशिया के सबसे साफ गांव मावलिननॉन्ग का दौरा किया, दोनों पूर्वी खासी हिल्स जिले में स्थित हैं। उनकी टीम के एक करीबी अधिकारी ने बताया, ''वे जहां भी गए, प्रशंसक सेल्फी के लिए इकट्ठे हो गए और मास्टर ब्लास्टर खुशी-खुशी पोज देते और मुस्कुराते रहे।'' उन्होंने कहा, ''सचिन राज्य की जलवायु, लोगों और उनके आतिथ्य और भोजन से अभिभूत थे। '' तेंदुलकर ने मैरियट होटल में भी भोजन किया जहां उन्होंने मास्टरशेफ इंडिया की फाइनलिस्ट नाम्बी मारक द्वारा तैयार किए गए विशेष व्यंजनों का स्वाद चखा, जिसमें गारो जनजाति के पाक-कला के व्यंजन शामिल थे। नाम्बी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर तेंदुलकर के साथ सेल्फी की फोटो साझा करते हुए पोस्ट किया, ''कुछ पल आपके दिल में हमेशा के लिए अंकित हो जाते हैं - यह उनमें से एक था। मुझे दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के लिए खाना पकाने का सम्मान मिला। ''

## जोफ्रा आर्चर का प्रदर्शन लगातार हो रहा बेहतर : संदीप

**एजेंसी, चंडीगढ़**



राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने कहा कि टीम के उनके साथी और दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से एक जोफ्रा आर्चर का प्रदर्शन लगातार बेहतर होगा जा रहा है जो उनकी टीम के लिए अच्छा संकेत है। आर्चर ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरुआती मैच में चार ओवर में 76 रन लुटा दिए थे। इसके बाद उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 2.3 ओवर में 33 रन दिए। वह इन मैच में विकेट हासिल करने में भी नाकाम रहे।

इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने हालांकि, इसके बाद अपने प्रदर्शन में सुधार किया। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को खेले गए आईपीएल मैच में पहले ओवर में दो विकेट लेकर अपनी टीम की जीत अहम भूमिका निभाई। संदीप ने राजस्थान रॉयल्स की जीत के बाद संवाददाताओं से कहा, ''आईपीएल जैसे किसी भी टूर्नामेंट में जब आप शुरुआत करते हैं तो काफी दबाव होता है। विरोधी टीमों के पास कई कुशल बल्लेबाज होते हैं। पहले दो मैच में काफी दबाव था और मुझे लगता है कि उसके साथ भी ऐसा ही हुआ।''

उन्होंने कहा,''हम सभी जानते हैं कि जोफ्रा विश्व स्तरीय गेंदबाज है। वह टीम में जो कौशल जोड़ता है उसका कोई सानी नहीं है। बहुत कम खिलाड़ी ऐसा कर पाते हैं।'' आर्चर ने शुरुआती ओवर में प्रियांश आर्य और कप्तान श्रेयस अय्यर को आउट कर दिया था।

संदीप ने कहा, ''हमारे टीम प्रबंधन और खिलाड़ियों को विश्वास था कि जिस दिन वह एक ओवर में एक विकेट या दो ओवर में दो विकेट हासिल कर लेगा उससे उसका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा।

## मुझे नहीं पता कि आज के दौर के फुटबॉल में कहां फिट बैठता : ओवेन

**एजेंसी, मुंबई**



इंग्लैंड और रीयाल मैड्रिड के पूर्व फॉरवर्ड माइकल ओवेन का मानना है कि फुटबॉल का खेल तेजी से विकसित हो रहा है और टीमें इन दिनों दो स्ट्राइकरों का उपयोग करने से बचती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि वह आधुनिक दौर के खेल में कैसे फिट होंगे। ओवेन कई अन्य अंतरराष्ट्रीय सुपरस्टार जैसे लुइस फिगो, कार्ल्स पुयोल, रिवाल्डो, जावी के साथ मुंबई में हैं। इनके सब के अलावा कुछ और पूर्व दिग्गज रीयाल मैड्रिड और एफसी बार्सीलोना के खिलाड़ियों के बीच 'लीजेंड्स फेसऑफ' मैच में भाग लेंगे। ओवेन ने रविवार को यहां मैच से पहले कहा, '' यह खेल निश्चित रूप से बदल गया है। जब मैं बड़ा हो रहा था और जब मैं पेशेवर फुटबॉल खेलता था तब लगभग हर टीम के पास दो स्ट्राइकर होते थे। अब शायद ही कोई ऐसा करता हो।''

उन्होंने कहा, ''अब ज्यादातर टीमों में दो स्ट्राइकर नहीं होते है। उनकी भूमिका बदल गयी है। मुझे नहीं पता कि मेरे जैसा खिलाड़ी आज के दौर में टीम में किस भूमिका में होता।'' पुर्तगाल और रियाल मैड्रिड के दिग्गज फिगो ने कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो 2026 विश्व कप में देश के लिए खेलेंगे या नहीं यह जानने के लिए अभी इंतजार करना होगा। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता कि क्रिस्टियानो की सोच क्या है, वह कब तक खेलना जारी रखना चाहता है। वह पुर्तगाल के लिए कब तक खेलेगा। ऐसे कई सवाल हैं जिनका मैं अभी जवाब नहीं दे सकता।'' उन्होंने कहा, ''हमें थोड़ा इंतजार करना होगा और पहले देखना होगा कि टीम किस तरह से क्वालीफाई करती है और कौन से खिलाड़ी खेलने के लिए फिट हैं।''

## भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में जीते छह पदक



**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय मुक्केबाजों ने ब्राजील के फोज डू इगुआकू में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में अपने अभियान का अंत छह पदक के साथ किया, जिसमें हितेश का स्वर्ण पदक भी शामिल है। भारत विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहा था। हितेश विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके।

भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई, लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के जादुमणि सिंह मंदेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। हितेश ने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में आयोजित 10 दिवसीय तैयारी शिविर को दिया जिससे उन्हें और टीम को बहुत मदद मिली।

हितेश ने कहा, ''शिविर ने मुझे कुछ रणनीतिक बारीकियां सीखने में मदद की जिससे मुझे प्रतियोगिता में बहुत मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर का अनुभव प्रदान किया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका।'' भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय दल उतारा था जो पेरिस ओलंपिक के बाद टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। इस मजबूत प्रदर्शन से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा क्योंकि वे 2028 लॉस एंजिलिस खेलों से पहले ओलंपिक चक्र की तैयारी भी शुरू करेंगे।

**फुटबॉल** पीएसजी ने बिना किसी हार के 13वीं बार फ्रांसीसी लीग अपने नाम की सुरक्षित

# पेरिस सेंट जर्मेन ने एंजर्स को 1-0 से हराया

**एजेंसी, पेरिस**

पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए एंजर्स को 1-0 से हराकर छह मैच शेष रहते हुए ही फ्रांसीसी फुटबॉल लीग (लीग-1) का खिताब अपने नाम पर सुरक्षित किया। पीएसजी का यह लीग-1 में 13वां खिताब है और इस तरह से उसने अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उसकी यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसने चैंपियन बनने की राह तक एक भी मैच नहीं गंवाया।

ट्रॉफी अपने नाम पर सुरक्षित करने के लिए उसको एंजर्स के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन युवा स्ट्राइकर डेसिरे डौए के गोल की मदद से उसने जीत के साथ जश्न मनाया। मैच समाप्त होने के बाद पीएसजी के खिलाड़ियों ने कोच लुई एनरिक को कंधों पर उठा दिया। पीएसजी की यह 28 मैच में 23वीं जीत है और उसने दूसरे स्थान पर काबिज मोनाको पर 24 अंक की बड़ी बढ़त हासिल कर ली है। पीएसजी के 74 और मोनाको के 50 अंक हैं। मोनाको को एक अन्य मैच में ब्रेस्ट ने 2-1 से हराया। पीएसजी ने अपने अभियान में अभी तक 80 गोल किए हैं, जबकि उसने केवल 26 गोल खाए हैं।



## विनीसियस के पेनल्टी चूकने से रियाल मैड्रिड की हार का फायदा नहीं उठा सका बार्सिलोना

**एजेंसी, बार्सिलोना**



विनीसियस जूनियर पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे बार्सिलोना स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रियाल मैड्रिड की अपने घरेलू मैदान पर वालेंसिया के हाथों 2-1 से मिली हार का पूरा फायदा नहीं उठा पाया। रियाल मैड्रिड के लिए राहत की बात यह रही कि दिल तोड़ने वाली इस हार के कुछ घंटे बाद बार्सिलोना को रियाल बेटिस ने उसके घरेलू मैदान पर 1-1 से बराबरी पर रोक दिया।

बार्सिलोना के पास ला लिगा की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत करने का सुनहरा मौका था, लेकिन रियाल बेटिस के गोलकीपर जियोर्गी ममार्दशविली ने विनीसियस को शुरू में मिली पेनल्टी पर गोल नहीं करने दिया। इसके बाद 17वें मिनट में मोक्टार डायखाबी ने रियाल बेटिस को आगे कर दिया। विनीसियस ने 50वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इस मैच के ड्रॉ छूटने से बार्सिलोना के 30 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर काबिज रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है। रियाल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक हैं। प्रतियोगिता में अभी आठ दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।